दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 89 | जयपुर | शनिवार, 01 फरवरी, 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष तृतीया संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

$26.0^{0}$ अधिकतम तापमान

$13.0^{0}$ न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेंक्स | 77,500.57
+740.76 (0.97%)

निफ्टी | 23,508.40
+258.90 (1.11%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना | 84,670 /10g

चांदी | 99,500 /Kg

## सीतारमण आज देश का आठवां बजट पेश करेगी

### मिडिल क्लास को मिल सकती हैं बड़ी सौगातें



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज देश का बजट पेश होगा। निर्मला सीतारमण बतौर वित्त मंत्री लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी।

बजट 2025 से टैक्सपेयर्स से लेकर किसानों तक और महिलाओं से लेकर युवाओं तक की बड़ी उम्मीदें हैं। बजट में इनकम टैक्स में छूट से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि बढ़ने तक उम्मीदें की जा रही हैं।

#### टैक्सपेयर्स को मिल सकती है राहत

इनकम टैक्स में छूट की संभावना बिजनेस स्टैंडर्ड ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि इस बार बजट में नई कर व्यवस्था के तहत 10 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को टैक्स फ्री किया जा सकता है। इसके अलावा 15 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के बीच की वार्षिक आय के लिए एक नया 25% टैक्स स्लैब पेश करने की योजना है।

एक सरकारी सूत्र ने बताया- हम दोनों विकल्पों का मूल्यांकन कर रहे हैं। यदि हमारा बजट अनुमति देता है, तो हम दोनों उपायों को लागू कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार इस तरह की आयकर राहत के प्रभाव के रूप में 50,000 करोड़ रुपये से 1 लाख करोड़ रुपये तक के राजस्व नुकसान को बर्दाश्त करने के लिए तैयार है।

#### एनपीएस सब्सक्राइबर के लिए ऐलान संभव

एनपीएस सब्सक्राइबर के लिए आ सकती अच्छी खबर बजट 2025 में एनपीएस को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए कुछ बदलाव किए जा सकते हैं। इससे संबंधित घोषणा हो सकती है। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार एनपीएस में कुछ सुधार कर सकती है। जिससे निवेशकों को और अधिक फायदा पहुंच सके।

#### सीनियरसिटीजन्स को राहत संभव

सीनियर सिटीजन्स को मिल सकती है राहत बजट 2025 में सीनियर सिटीजन्स के लिए हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम की लिमिट को बढ़ाकर 1 लाख रुपये किया जा सकता है। वहीं, अन्य लोगों के लिए हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम की लिमिट को बढ़ाकर 50,000 रुपये किया जा सकता है।

#### घट सकती हैं पेट्रोल-डीजल की कीमतें

पेट्रोल और डीजल की कीमतें घट सकती हैं। खबर है कि बजट में एक्साइज ड्यूटी में कटौती का ऐलान हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी आएगी। बता दें कि वर्तमान में पेट्रोल पर 19 .90 रुपए और डीजल पर 15 .80 रुपए ड्यूटी लगती है।

#### बढ़ सकती है पीएम किसान योजना की राशि

पीएम किसान योजना की राशि बढ़ सकती है। बोफा की रिपोर्ट के अनुसार, बजट में पीएम किसान योजना की राशि बढ़ सकती है। खबर है किसानों को मिलने वाली सहायता राशि को बढ़कर 1200 रु सालाना किया जा सकता है। पात्र किसानों को 3 किस्तों में सालाना 6000 ट्रांसफर किया जाता है।

#### बढ़ सकती है सोने की कीमतें

अलग-अलग सूत्रों के मुताबिक, बजट 2025 में सोने पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाई जा सकती है। अगर ऐसा होता है तो सोने की कीमतें बढ़ सकती है। बता दें कि ज्वैलर्स इंडस्ट्री ने सरकार से इंपोर्ट ड्यूटी नहीं बढ़ाने की अपील की है क्योंकि इससे गोल्ड ज्वैलरी के एक्सपोर्ट पर नकारात्मक असर पड़ेगा और गोल्ड स्मग्लिंग भी बढ़ सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में अगले सप्ताह बारिश का अलर्ट

#### जयपुर में पारा 28 डिग्री पर पहुंचा, 5 साल का रिकॉर्ड टूटा

बढ़ता राजस्थान


**जयपुर।** राजस्थान में पश्चिम से आने वाली हवा के कारण दिन में सर्दी बिल्कुल कम हो गई है। बाड़मेर, उदयपुर के बाद गुरुवार को जयपुर में भी अधिकतम तापमान पिछले 5 साल में सर्वाधिक 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह पिछले 5 साल (2020 से 2024) का जनवरी महीने का सर्वाधिक तापमान है।

बीकानेर, सीकर, जैसलमेर में सुबह 7 बजे तक कोहरा रहा। इन जिलों में विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जयपुर मौसम केंद्र ने राजस्थान में 2 फरवरी तक मौसम साफ रहने और तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव होने की संभावना जताई है। 3 फरवरी को राजस्थान में एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने की संभावना है। इसके असर से 3 और 4 फरवरी को राजस्थान के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना जताई है।

### आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय होंगे शुभांशु शुक्ला

#### स्पेस एक्स ड्रैगन के पायलट बनेंगे, कहा- अंतरिक्ष में योग करूंगा; 14 दिन रिसर्च करेगा मिशन

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन एयरफोर्स के ऑफिसर शुभांशु शुक्ला को नासा के एग्जियम मिशन 4 के लिए पायलट चुना गया है। जल्द ही वे स्पेस एक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट को लेकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाएंगे। शुभांशु आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय होंगे। यह मिशन 14 दिन तक चलेगा। इसके तहत रिसर्च की जाएगी। शुभांशु इसरो के मिशन गगनयान के लिए ट्रेनिंग ले रहे है। मिशन की कमांड पैगी व्हिटसन संभालेंगी । शुभांशु पायलट होंगे। इनके साथ मिशन स्पेशलिस्ट स्लावोज उजनांस्की-विश्निवस्की और तिबोर कापू अप्रैल और जून 2025 के बीच एग्जियम मिशन-4 पर जाएंगे।

## 16वीं विधानसभा का तीसरा सत्र शुरू

### राज्यपाल हरिभाऊ ने राजस्थान विधानसभा में अभिभाषण दिया

### विधानसभा से अपशकुन दूर करने वास्तुविदों की सलाह ली : देवनानी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान गोविंद सिंह डोटासरा बोलने लगे तो हरिभाऊ बागड़े ने भी उन्हें तल्ख अंदाज में जवाब दिया। अभिभाषण के दौरान राज्यपाल ने पिछली कांग्रेस सरकार को भी घेरा। उन्होंने कहा जल जीवन मिशन घोटाले से देश में राजस्थान की साख खराब हुई है। अभिभाषण के बाद कांग्रेस एमएलए मुकेश भाकर का निलंबन समाप्त कर दिया गया है। वहीं, स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विधानसभा से अपशकुन दूर करने के लिए वास्तुविदों का सहारा लिया गया है, इस आधार पर कुछ बदलाव किए गए हैं। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही 3 फरवरी तक के लिए स्थगित हो गई है।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने बाड़मेर जिले के तामलोर गांव के दौरे का जिक्र करते हुए कहा- बाड़मेर जिले के तामलोर गांव में मैं गया था। वहां एक झोपड़े के पास प्रधानमंत्री आवास बना था। वहां मैंने नल खोला तो देखा पानी आ रहा है तो मैंने पूछा कि पानी कहां से आया। लोगों ने बताया कि पानी सरदार सरोवर से आया है। 800 किलोमीटर से पानी आया है, तो यह अच्छी बात है। मैं अभिनंदन करता हूं। इस पर डोटासरा खड़े हुए और कहा- सरकार तो बैठकें करती नहीं। राज्यपाल को जिलों में जाकर बैठकें करनी पड़ रही है। राज्यपाल ने तीखे अंदाज में डोटासरा को जवाब देते हुए कहा- जनजाति हितों से जुड़ी समिति मेरे विभाग में आती है और उसकी बैठक करना मेरी जिम्मेदारी है, मेरी ड्यूटी है।

#### लंबे अरसे बाद पूरा अभिभाषण पढ़ा गया

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विधानसभा में 1 घंटे 26 मिनट तक अभिभाषण पढ़ा। लंबे समय बाद विधानसभा में राज्यपाल ने पूरा अभिभाषण पढ़ा है। पिछले कई साल से अलग-अलग कारणों से राज्यपाल के अभिभाषण पूरे नहीं पढ़े गए। कई बार विपक्ष के हंगामे की वजह से भी अभिभाषण पूरे नहीं पढ़े गए तो कई बार राज्यपाल की तबीयत की वजह से भी अभिभाषण पढ़े हुए माने जाते रहे।

#### 35 लाख करोड़ के निवेश की बुनियाद रखी गई

राज्यपाल ने कहा- सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है। राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य है। इसे साकार करने के लिए राइजिंग राजस्थान समिति का सबसे बड़ा उदाहरण है। राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के निवेश की मजबूत बुनियाद रखी। राइजिंग राजस्थान राजस्थान से राजस्थान का औद्योगिक उदय होगा। राज्यपाल ने कहा- गुजरात में जिस तरह वाइब्रेंट गुजरात समेत के जरिए देश-विदेश का निवेश आया उसी तरह राइजिंग राजस्थान में भी 32 देश के प्रतिनिधि आए।

### हरियाणा सीएम के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज हो : केजरीवाल



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल शुक्रवार सुबह 11.30 बजे चुनाव आयोग ऑफिस पहुंचे। उन्होंने यमुना जहर मामले पर आयोग की ओर से पूछे गए सवालों के जवाब में चिट्ठी दी। इस दौरान उनके साथ दिल्ली की सीएम आतिशी और पंजाब सीएम भगवंत मान भी साथ पहुंचे थे। केजरीवाल ने चिट्ठी में लिखा कि हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने जानबूझकर यमुना का पानी जहरीला किया। हरियाणा सीएम के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज हो। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केजरीवाल बिना अपॉइंटमेंट के चुनाव आयोग के कार्यालय गए थे। हालांकि, आयोग ने इसे स्पेशल केस मानकर केजरीवाल से मीटिंग की।

दिल्ली की मुख्यमंत्री ने दिसंबर के आखिरी हफ्ते में हरियाणा के मुख्यमंत्री को फोन किया करके अमोनिया कम करने को कहा। सीएम हरियाणा ने आश्वासन दिया कि वे आवश्यक कदम उठाएंगे, हालांकि, उन्होंने ऐसा नहीं किया। सीएम दिल्ली ने उन्हें कई बार फिर फोन किया। बाद में हरियाणा सीएम ने फोन उठाना बंद कर दिया।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव : केजरीवाल के 7 विधायकों का इस्तीफा, पार्टी भी छोड़ी

### टिकट ना मिलने से नाराज

### महरौली एमएलए नरेश यादव बोले- पार्टी भ्रष्टाचार के दलदल में

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से 5 दिन पहले आम आदमी पार्टी के 7 मौजूदा विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इन सभी ने विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने और आप में भ्रष्टाचार को इस्तीफे की वजह बताई। महरौली से 2 बार के पार्टी विधायक नरेश यादव ने कहा, आप का उदय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए अन्ना आंदोलन से भारतीय राजनीति से भ्रष्टाचार को मुक्त करने के लिए हुआ था। लेकिन अब मैं बहुत दुखी हूं कि भ्रष्टाचार आम आदमी पार्टी बिल्कुल भी कम नहीं कर पाई, बल्कि आप ही भ्रष्टाचार के दलदल में लिप्त हो चुकी है। रोहित महरौली ने कहा, अरविंद केजरीवाल की गलत नीतियों के कारण ही मैंने पार्टी से इस्तीफा दिया है।

मुझे किसी ने ऐसा करने से नहीं रोका। पार्टी के सीनियर नेताओं को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। आप ने 21 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच यानी 25 दिनों में कुल 4 लिस्ट में 70 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए थे। इस बार 26 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे गए हैं। 4 विधायकों की सीट बदली गई है। दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग होना है। रिजल्ट 8 फरवरी को आएगा। 10 दिसंबर को सीलमपुर विधायक ने दिया था इस्तीफा आम आदमी पार्टी ने 21 नवंबर को कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी की थी। इसमें सीलमपुर विधायक अब्दुल रहमान का नाम नहीं था।



#### विधायकों ने ये बताई इस्तीफे की वजह

1. नरेश यादव, महरौली : सीट से विधायक रहे यादव ने कहा कि पार्टी भ्रष्टाचार के दलदल में हैं। दिल्ली की जनता जानती है कि आप ने भ्रष्टाचारियों को ही पार्टी में शामिल कर लिया है।
2. पवन शर्मा, आदर्श नगर : आम आदमी पार्टी जिस विचारधारा पर बनी थी, उस विचारधारा से भटक चुकी है। आप की दुर्दशा देख कर मन बहुत दुखी है।
3. भूपेंदर सिंह जून, बिजवासन : आम आदमी पार्टी की स्थापन जिन मूल्यों पर की गई थी, अब उन नैतिक मानदंडों की घोर उपेक्षा चिंताजनक है। पार्टी ने आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को टिकट दिया।
4. मदनलाल, कस्तूरबा नगर : मेरा आम आदमी पार्टी से भरोसा पूरी तरह से खत्म हो चुका है, इसलिए मैं पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं।
5. रोहित मेहरौलिया, त्रिलोकपुरी : जिन्हें बाबासाहब अंबेडकर की केवल फोटो चाहिए, उनके विचार नहीं, ऐसे मौका-परस्त और बनावटी लोगों से आज से मेरा नाता खत्म। मैं आप की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से इस्तीफा देता हूं।
6. राजेश ऋषि, जनकपुरी : आप भ्रष्टाचार मुक्त शासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों पर आधारित थी। पार्टी से मैंने इन मूल्यों से एक महत्वपूर्ण दूरी देखी है। पार्टी करप्शन और भाई-भतीजावाद का कटोरा बन गई है।
7. भावना गौड़, पालम : मेरा पार्टी से विश्वास पूरी तरह से खत्म हो चुका है, इसलिए मैं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं।

बढ़ता TOON!







सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# धूमधाम व हर्षोल्लास से आयोजित हुआ छांपाला वाला भैंरू जी का 16 वाँ वार्षिकोत्सव समारोह

## विशाल मेला, भण्डारा व जागरण का हुआ आयोजन, हैलीकॉप्टर से की गई पुष्प वर्षा, भैंरू बाबा के लक्खी मेले में लाखों की संख्या में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### 551 क्विंटल चूरमा की बनाई गई महाप्रसादी, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** निकटवर्ती ग्राम कल्याणपुरा कुहाड़ा स्थित अरावली की पहाडियों में बने श्री छांपाला वाला भैंरू जी मंदिर का 16 वाँ वार्षिकोत्सव समारोह गुरूवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस मौके पर विशाल व भव्य मेले, भण्डारे व जागरण का आयोजन किया गया। मेले को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला। मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ भैंरू बाबा के दर्शन के लिए उमड़ी। इस मौके पर भैंरू बाबा के भण्डारा प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालूओं ने प्रसादी ग्रहण की। जिसकी व्यवस्थाओं में श्रद्धालु पुरे मनोभाव से जुटे रहे। भैंरूजी को विशेष प्रसादी में दाल, चूरमा और दही का भोग लगाया गया। मंदिर परिसर में प्राचीन भैरव बाबा की मूर्ति स्थापित हैं। इनके साथ ही सवाई भोज, साडू माता, हनुमान जी की मूर्ति स्थापित हैं। सर्वप्रथम सन् 2010 में प्रथम वार्षिकोत्सव में 70 क्विंटल चूरमे की प्रसादी बनाई गई थी।

उसके बाद हर वार्षिकोत्सव पर प्रसादी के लिए बनाए गए चूरमे को बढ़ाया जा रहा है। चूरमे के लिए बनी बाटियों को थ्रेसर से पिसाई कर चूरमे में जेसीबी की सहायता से खांड, घी, काजू, बादाम, किशमिश व खोपरा मिलाया जाता है। प्रसादी के लिए बनाए जा रहे चूरमें की बाटियों को जगरे से निकालने के बाद कंप्रेसर से बाटियों की सफाई की जाती है ताकि इनमें मिट्टी व राख के कण नहीं रहे। इसके अलावा चूरमे को मिलाने के लिए भी कार्यकर्ता हाथ व पांव में पॉलिथीन पहनकर ही कार्य करते हैं। मंदिर के वार्षिकोत्सव पर सवाई माधोपुर, ग्वालियर, झालावाड़, कोटा, पीपलखेड़ा, मुरैना, मध्यप्रदेश, हरियाणा, दिल्ली सहित दूर- दराज से श्रद्धालु भैंरू बाबा के दर्शन करने आते हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुये राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर ने कहा कि मेले और मंदिर भारत की प्राचीन संस्कृति के प्रतीक है। ऐसे आयोजन ज्यादा से ज्यादा होने चाहिये, क्योंकि इनसे समाज को संस्कार मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश लोहिया ने की। विशिष्ट अतिथि यूपी के सरदना, मेरठ से विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि समाज में सभी को साथ चलने की आवश्यकता है। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के डॉ. रूपसिंह गुर्जर ने समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने कहा कि किसानों को एकजुट होकर अपने भविष्य की ओर देखना है। मंच संचालन कैलाश आचार्य ने किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल व करण पटेल, एनएसयुआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़, ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत, प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, इन्द्राज कसाना, पूर्व आरपीएस दीनाराम खटाना, पूर्व जिला प्रमुख सीकर दाताराम गुर्जर, जिला पार्षद मंजू रावत, धर्मसिंह शेखावत, पूर्व पार्षद तारा पूतली, विकास जांगल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजेश रावत समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

### 551 क्विण्टल चूरमा की बनाई गई प्रसादी

मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 551 क्विण्टल चूरमा की प्रसादी बनाई गई। जिसमें 150 क्विंटल से अधिक आटा, 80 क्विंटल सूजी, 30 क्विंटल देसी घी, 113 क्विंटल खांड, 25 क्विंटल मावा, 03 क्विंटल बादाम, 03 क्विंटल किशमिश, 03 क्विंटल काजू, 07 क्विंटल मिश्रि कटिंग, 03 क्विंटल खोपरा, 100 क्विंटल दूध, 50 क्विंटल दाल, 30 पीपा सरसों तेल, 05 क्विंटल टमाटर, 02 क्विंटल हरी मिर्ची, 01 क्विंटल हरा धनिया, 60 किलो लाल मिर्च, 60 किलो हल्दी, 50 किलो जीरा, 50 किलो लसन, 100 क्विंटल दही आदि सामग्री काम में ली गई। वहीं दाल बनाने के लिए 08 भट्टियां बनाई गई। 2.5 लाख पतल-दोने, 04 लाख कप चाय के लिए, 15 पानी के टैंकर काम में लिये गये। प्रसादी के लिए बनाए गये दाल, चूरमें व दही को ट्रैक्टर की सहायता से एक स्थान से दुसरे स्थान पर ले जाया गया।



# श्री यादे मां की जयंती पर प्रजापत समाज का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सिणधरी, ( नि.स. )।** प्रजापत समाज की आराध्य कुलदेवी श्री यादे मां की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव से मनाई गई। इस पावन अवसर पर समाज द्वारा भव्य धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सिणधरी उपखंड के भूका भगतसिंह स्थित श्री यादे मां मंदिर में पूज्य संत निर्मलदास महाराज के सानिध्य में विशेष पूजन, हवन और आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से मां का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुवार रात्रि को जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें चम्पालाल एवं सोनाराम प्रजापत एण्ड पार्टी ने श्री यादे मां के भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शुक्रवार को सुबह शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मां के जयकारों के साथ भाग लिया। यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। इस अवसर पर महाप्रसादी का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने मां का प्रसाद ग्रहण किया। समाज के भामाशाहों और विशेष का महंत निर्मलदास महाराज द्वारा स्मृति चिन्ह और दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस भव्य आयोजन में प्रजापत समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल हुए और भक्ति व आनंद के साथ मां की जयंती मनाई। कार्यक्रम का सफल संचालन रामाराम प्रजापत द्वारा किया गया।

# 33 वां अरुणोदय शिशु वार्षिकोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, ब्यावर में 33 वां अरुणोदय शिशु वार्षिकोत्सव 1 फरवरी, 2025, शनिवार को सायं 4.30 बजे आयोजित होगा। प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान एवं अध्यक्ष- विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत सह मंत्री डॉक्टर संतोष आनंद होगें, जबकि मुख्य अतिथि - दिनेश शर्मा, श्रमिक नेता एवं समाज सेवी व विशेष अतिथि रमेश यादव उद्योगपति एवं समाज सेवी, तथा गरिमामयी उपस्थिति के लिए विद्या भारती राजस्थान के सह सगंठन मंत्री गोविंद कुमार रहेंगे। इस कार्यक्रम में कक्षा अरुण से द्वितीय तक के 300 से अधिक भैया -बहिन भाग लेंगे। वार्षिकोत्सव व्यवस्था आयोजन के संबंध में सचिव, विद्यालय प्रबंध समिति हेमेंद्र दगदी, बालिका विभाग की प्रधानाचार्य कविता शर्मा, प्राथमिक की प्रभारी ममता शर्मा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया।

# रेगर समाज ने निकाली कलश यात्रा

## सैकड़ो की संख्या में महिलाएं और पुरुष रहे उपस्थित



बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा ( कमलेश अग्रवाल )।** रेगर समाज ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा रामदेव की शोभायात्रा निकाली रेगर समाज दोज को प्रात: 9 बजे पिवनिया तालाब राधा-कृष्ण मन्दिर खटीक समाज शिवशक्ति धर्मशाला के यहा से डीजे व भगवान के भजनों के साथ महिलाओं , पुरूषों व बच्चे-बच्चियों सहित भव्य शोभायात्रा निकाली यह शोभायात्रा खटीक समाज शिवशक्ति धर्मशाला से होते हुए रामद्वारा , त्रिमूर्ति चौराया , चमना बावड़ी , सदर बाजार होते हुए रेगर बस्ती बाबा रामदेव जी के यहाँ पहुची जहा सुबह सत्संग व दोपहर ओ हवन हुवा और रात्रि को भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रहेगा इस आज की शोभायात्रा में रेगर समाज के मोहन रेगर , महावीर रेगर रामनिवास रेगर हरि रेगर बुद्धि प्रकाश रेगर कमलेश मुंडेतिया ,भंवर रेगर , युवराज रेगर , कमलेश रेगर , सावरा रेगर , अशोक रेगर , ज्योति रेगर ,रेखा रेगर , आदि समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे ।

# राइफल व शूटिंग में छात्र-छात्रा वर्ग के विजेताओं के परिणाम घोषित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** अखिल भारतीय विद्या परिषद द्वारा सोभागपुरा स्थित दी लिजेंड शूटिंग रेंज में आयोजित की गई राइफल एवं शूटिग प्रतियोगिता के परिणाम आज घोषित किये गये। रेंज के निदेशक गजेन्द्रसिंह राणावत ने बताया कि राइफल शूटिंग प्रतियोगिता छात्र वर्ग में प्रथम हर्षवर्धन राठौर, द्वितीय शत्रुंजय सिंह, तृतीय भव्य वैष्णव एवं छात्रा वर्ग में प्रथम कनिष्का कंवर भाटी, द्वितीय माही शक्तावत, तृतीय रुत्वी पटवा रही। इसी प्रकार पिस्टल शूटिंग में छात्र वर्ग में प्रथम मनन, द्वितीय देवदत्त, तृतीय सक्षम उज्जवाल ने स्थान प्राप्त किया एवं छात्रा वर्ग में प्रथम दिव्या, द्वितीय महिमा शक्तावत ने स्थान प्राप्त किया।

# विद्यालय विकास में स्वयं सेवकों का विशेष योगदान - वैष्णव

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** आमेट उपखंड पर शुक्रवार को राजकीय संस्कृत उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवनाथपुरा में एक दिवसीय वॉलींटर्स ट्रैनिंग शिविर मुख्य अतिथि के आरपी मुकेश वैष्णव में सानिध्य में आयोजित किया गया । अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रीना श्रौत्रिय ने की । शिविर में केआरपी मुकेश वैष्णव ने कोरोला काल में विद्यार्थियों के मध्य आये लर्निंग गेप्स को पूरा करने हेतु शिक्षा विभाग की स्वयं सेवक योजना की विस्तारपूर्वक रुपरेखा प्रस्तुत की । प्रधानाध्यापक रीना श्रौत्रिय ने बताया कि केआरपी मुकेश वैष्णव एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित सभी स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए कहा कि विद्यालय व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में स्वयं सेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण है । शिविर में मुख्य अतिथि मुकेश वैष्णव ने सभी वॉलींटर्स को राष्ट सेवा के लिए समर्पित भाव से सेवा कार्य करने का संकल्प दिलाया।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी पर हुई विस्तार से चर्चा

# 70 वर्ष से अधिक आयु के हर बुजुर्ग को सरकार दे रही मुफ्त चिकित्सा बीमा, सभी का शत प्रतिशत पंजीयन कराएं : कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( नि.स. )।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. हेमंत बिंदल, समस्त ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालयों एवं उप जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला कलक्टर ने महत्वाकांक्षी मां वाउचर योजना की समीक्षा करते हुए टीआईडी जेनरेशन एवं गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी प्रक्रिया की प्रगति का आंकलन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि गर्भवती महिलाओं को योजना के तहत निजी लैब में सोनोग्राफी के लिए परेशान न होना पड़े। मां वाउचर मिलने के बाद उनकी समुचित ढंग से सोनोग्राफी हो और इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि टीआईडी जनरेट करने के पश्चात मां वाउचर को ट्रैक कर समुचित लाभ दिया जाए। जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की समीक्षा करते हुए ईकेवायसी, कार्ड वितरण एवं क्लेम भुगतान की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ मिले और अस्पतालों में योजना के तहत मुफ्त इलाज की प्रक्रिया सुचारू रूप से चले। प्रधानमंत्री वय वंदन योजना के संबंध में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को भारत सरकार द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना में हर वर्ग और श्रेणी, यानि जिले के 70 प्लस आयु के समस्त बुजुर्गों को शामिल किया गया है, ऐसे में शत प्रतिशत पंजीयन होना जरूरी है तभी योजना सफल हो सकेगी। कलेक्टर ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को सलाह दी कि वे कभी-कभी कार्यस्थल से बाहर निकलकर आम जनता से मिलें और उनकी समस्याओं को समझें। उन्होंने कहा कि यह न केवल आम लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में मदद करेगा, बल्कि इससे चिकित्सकों को भी सकारात्मक अनुभव प्राप्त होगा। बैठक में जिला कलक्टर ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव और नवजात स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि निजी चिकित्सा संस्थान सभी प्रसव का डेटा समय पर चिकित्सा विभाग को उपलब्ध कराएं तथा सीएमएचओ इसके लिए सभी प्राइवेट हॉस्पिटल को पाबंद करें। बैठक के अंत में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू किया जाए ।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 30 वे दिन भी अनवरत जारी

## जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने पर श्री यादे मा नवयुवक मंडल प्रजापति समाज के सदस्य बैठे

बढ़ता राजस्थान




**शाहपुरा ( कमलेश अग्रवाल )।** दिनांक 31-1-25 को शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर श्री यादे मा नवयुवक मंडल प्रजापति समाज शाहपुरा के सदस्य अध्यक्ष राजेश प्रजापत , संरक्षक दिनेश प्रजापत उपाध्यक्ष अशोक प्रजापत कोषाध्यक्ष बिरजू प्रजापत महामंत्री नारायण प्रजापत सचिव राजेंद्र प्रजापत मुकेश प्रजापत गोविंद प्रजापत बबलू प्रजापत विजय राजोरा सहित सैकड़ो सदस्य महलों की चौक से मस्क बैंड बाजा एवं शाहपुरा के मानचित्र की प्रदर्शनी ट्रैक्टर में सजाकर शांतिपूर्ण तरीके से रैली निकालते सदर बाजार त्रिमूर्ति चौराहे होकर नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचे और उपखंड अधिकारी शाहपुरा को राज्यपाल के नाम शाहपुरा को यथावत जिला बनाए रखना की मांग का ज्ञापन दिया। प्रजापति समाज के नवयुवक मंडल के सभी समाजजन सैकड़ो की संख्या में क्रमिक अनशन धरने पर बैठे जिनका संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा, संयोजक राम प्रसाद जाट ,महासचिव कमलेश मुंडेतिया अनिल शर्मा संघर्ष समिति सदस्य रामेश्वर सोलंकी सत्यनारायण पाठक पीसीसी सदस्य संदीपजीनगर रवि शंकर उपाध्याय हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा अभय गुर्जर ने माला पहनकर स्वागत किया । प्रजापति समाज के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा नवयुवक मंडल अध्यक्ष राजेश प्रजापत एडवोकेट अंकित शर्मा अवधेश कुमार सूर्य प्रकाश ओझा सहित कई वक्ताओं ने शाहपुरा को जिले का दर्जा देने की मांग की और शाहपुरा जिले को समाप्त करने का विरोध किया।संघर्ष समिति के महासचिव एवं अभिभाषक संस्था के सह सचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि सामाजिक संगठनों का लगातार संघर्ष समिति को समर्थन मिल रहा है। खारोल खारवाल समाज के समाजजन बन्ना लाल खारोल के नेतृत्व में लिखित समर्थन पत्र जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा और संयोजक रामप्रसाद जाट को देखकर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। 1 फरवरी को तेली समाज शाहपुरा के सदस्य विशाल जन आक्रोश रैली निकालकर क्रमिक अनशन धरने पर बैठेंगे।

# मानवता का परिचय देते हुए घायल वानर को पहुंचाया केलवा पशु चिकित्साल्य

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** गोमती हाईवे पर बंदर को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर चला गया। घायल ज्यादा होने पर सोशल मीडिया पर कमलेश पालीवाल केलवा की आईडी पर पोस्ट देख कर हितेश पालीवाल ने फोन किया कल आप ने घायल वानर महाराज का ट्रिटमेंट कहा किया।कमलेश पालीवाल ने बताया कि घायल वानर को केलवा चिकित्साल्य लेके आ जाओ ट्रिटमेंट यहां कर देंगे । हाईवे से गुजर रहे पूर्व छात्र उपाध्यक्ष हितेश पालीवाल हाईवे से केलवा की तरफ आते जाते राहगीर सब देख कर जा रहे थे हितेश जोशी ने आते जाते वाहनों को रोक कर कहा वानर महाराज को अस्पताल पहुंचा दो वहां से गुजर रहे गोमती रिछेड़ की तरफ़ जा रहें कन्हैया लाल सोनी, गोपाल विष्णु जी, प्रमोद, हितेश, ने वानर महाराज को गाड़ी में बैठा कर केलवा पशु चिकित्सालय पर पहुंचाया । डॉ राकेश चौधरी ने तुरंत ही ट्रिटमेंट किया । वन विभाग के अधिकारी को सूचना दी गई । वन विभाग द्वारा गाड़ी भेज दी गई।इस दौरान वन प्रेमी कन्हैया लाल सोनी, कमलेश पालीवाल, मुकेश पालीवाल,गोपाल, विष्णु, प्रमोद, हितेश,नर्सीग स्टाफ व पशु जीव प्रेमी उपस्थित थे।

# डॉ. दिनेश चौधरी होगें ब्यावर के प्रथम खेल अधिकारी, ब्यावर में कार्यभार ग्रहण करने पर शारीरिक शिक्षकों व खेल प्रेमियों ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर के जिला बनने के साथ ही पहले खेल अधिकारी के रुप में डॉ. दिनेश चौधरी को ब्यावर में तैनात किया गया है। डॉ चौधरी के ब्यावर में कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही ब्यावर के शारीरिक शिक्षक व खेल प्रेमियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कबड्डी खेल के राष्ट्रीय निर्णायक दिलीप टाक के नेतृत्व में खेलकूद प्रभारी बनने पर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्णायक मंडल व शारीरिक शिक्षकों ने जोश व उत्सव के साथ उनका स्वागत किया। दिलीप टाक, मोहम्मद इब्राहिम ,हनुमनत सिंह राठौड़, मदन सिंह रावत, पायल जाखड़, निंबाराम चौधरी, अरविंद कुमार, प्रभु सिंह रावत, मोहम्मद आरिफ, वालीबॉल फेडरेशन से हनुमान जांगिड़ ,प्रेम सिंह बुगालिया और शिक्षा विभाग के पीटीआई गोविंद सैनी ,मनोज गुर्जर, अनिल कुमार शर्मा ,सुशील सियाग, चंद्र सिंह पुष्पेंद्र हंसराज और कई उपस्थित थे।



## गौ माता सुरक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन की पहल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (बाबू अंसारी)।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के तत्वाधान में एन एम मिल्स, मानसरोवर, जयपुर में गौ सेवा मुहिम के तहत रेडियम बैल्ट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह (अलवर) के निर्देशानुसार इस मुहिम के प्रथम चरण में एक लाख गौ माताओं को रेडियम बैल्ट से चिह्नित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष (यूथ विंग) अजय खंडेलवाल को अभियान प्रभारी नियुक्त कर इस मुहिम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील सैनी, प्रदेशाध्यक्ष चिरंजी लाल सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार हरजिंदर सिंह रंधावा, महिला प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष चमन कंवर, जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार जांगीड़ सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अभियान को सफल बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 की तैयारियों को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

- जिला कलक्टर एवं पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को दिये निर्देश
- पूर्ण सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ होगा भर्ती परीक्षा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के सफल आयोजन के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने शुक्रवार को परीक्षा के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में समस्त परीक्षा समन्वयक, पुलिस नोडल अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारियों, उपसमन्वयकों एवं केंद्र अधीक्षकों से राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 की तैयारियों को फीडबैक लिया गया। बैठक में अधिकारियों को परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही



पुलिस अधिकारियों को भर्ती परीक्षा में किसी भी प्रकार की नकल अथवा अनियमितता की सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई को अंजाम देते हुए परीक्षा का आयोजन पूर्ण सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गए। पुलिस सहित सभी सुरक्षा एजेंसियां इस दौरान सतर्क एवं मुस्तैद रहेगी एवं परीक्षा का सफल एवं सुचितापूर्ण आयोजन सुनिश्चित करेंगी। वहीं, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष श्री मेजर जनरल आलोक राज की मौजूदगी में फरवरी माह में आयोजित होने वाली कनिष्ठ अभियंता, रीट सहित अन्य समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों की भी समीक्षा की गई ।

**राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना :** गौरतलब है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा दिनांक 2 फरवरी, 2025 (रविवार) को जयपुर जिले में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक 240 परीक्षा केन्द्रों पर राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। जयपुर के परीक्षा केन्द्रों पर 91 हजार 513 अभ्यर्थी अपना भाग्य आजमाएंगे। परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 31 जनवरी, 2025 से 02 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 01 फरवरी तक प्रात: 9:30 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 02 फरवरी को प्रात: 10 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 85 उप समन्वयक एवं 40 उड़नदस्तों की नियुक्ति की गई है। जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। उक्त नियंत्रण कक्ष पर जयपुर में स्थापित किये गए परीक्षा केन्द्रों से संबंधित जानकारियां प्रदान की जाएंगी एवं जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

# भव्य लवाजमे के साथ निकलेगी साईं बाबा की पालकी यात्रा

- विभिन्न मार्गो से होते मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी पालकी यात्रा, जगह-जगह होगा पालकी यात्रा स्वागत
- हजारों की संख्या में शामिल होंगे श्रद्धालु, फूलों बंगले में विराजमान होंगे साईं बाबा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर शहर में शनिवार को साईं बाबा की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। बैंड-बाजे के साथ निकलने वाली पालकी शोभायात्रा में भक्त नाचते हुए चलेंगे। इसके दूसरे दिन रविवार को (वसंत पंचमी) भंडारे का आयोजन होगा। जिसमें शहर भर के हजारों लोग प्रसादी पाएंगे। यह आयोजन बापू नगर के मोती पार्क में स्थित साईं बाबा मंदिर प्रांगण में होगा। इस कार्यक्रम के चलते शुक्रवार को पोस्टर विमोचन किया गया। इसके साथ ही इस बार एक मेडिकल कैंप का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार की निशुल्क जांच करवाई जाएगी। कार्यक्रम संयोजक श्वेता शर्मा ने बताया कि श्री साईं धाम के 19वें स्थापना दिवस पर दो दिवसीय आयोजन




की शुरुआत एक फरवरी को काकड़ यात्रा व मंगल स्नान के साथ होगी। इस बार भी बाबा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। पहले दिन एक फरवरी को सुबह 5 बजे काकड़ आरती व मंगल स्नान का आयोजन होगा। इसके बाद सुबह 9 बजे हवन किया जाएगा। दोपहर में मध्यान्ह आरती होगी। इसके साथ ही भजन संध्या का आयोजन होगा। शाम 5 बजे धूप आरती होगी। इसके बाद शाम 6 बजे साईं बाबा की पालकी यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हाथी ,घोड़े, ऊंट के लवाजमे के साथ नगर भ्रमण करेंगे। जगह-जगह पुष्प वर्षा भी की जायेगी और लोग जगह जगह दीपों से आरती की जाएगी।। जो बापू नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकलेगी। इसके शहरभर के श्रद्धालु शामिल होंगे। रात 10 बजे शयन आरती होगी। इस पोस्टर विमोचन के दौरान पारूल शर्मा, सुधा अवस्थी,पूजा,अक्षत,शर्मा, अनुज जैन, रविन्द्र शर्मा, अरुण, पंकज शर्मा, प्रमोद शर्मा, रामसिंह और अभष शुल्क सहित अन्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम आयोजक संजीव शर्मा ने बताया कि महोत्सव में 2 फरवरी को सुबह 9 बजे से पादुका पूजन होगा, जो दो घंटे तक चलेगा। वहीं मध्यान्ह आरती के बाद भंडारा प्रसादी होगी। इस बीच साईं भक्ति संध्या का आयोजन भी होगा।

# मुस्लिम समुदाय सूर्य नमस्कार के आयोजन का बहिष्कार करें

## जमियत उलेमा-प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव पारित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (बाबू अंसारी)।** जमियत उलेमा-हिन्द भारतीय मुसलमानों का प्राचीन संगठन है। जयपुर में संगठन की राज्य कार्यकारिणी ने एक प्रस्ताव के माध्यम से स्कूलों में सूर्य सप्तमी के उपलक्ष्य में समस्त विद्यालयों में विद्यार्थियों, अभिभावकों व अन्य लोगों से सामूहिक सूर्य नमस्कार के सरकारी आदेश की निन्दा करते हुए इसे धार्मिक मामलों में खुला हस्तक्षेप, संविधान में दी गई धार्मिक स्वतंत्रता और सुप्रीम कोर्ट व अनेक उच्च न्यायालयों के आदेशों की स्पष्ट अवहेलना बताया। साथ ही मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि वे 3 फरवरी सूर्य सप्तमी को विद्यार्थियों को स्कूल में न भेजें और इस समारोह का बहिष्कार करें। उल्लेखनीय है कि निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान ने 27 जनवरी को इस आशय का एक आदेश जारी किया है।संगठन के प्रदेश महासचिव अब्दुल वाहिद खत्री के अनुसार जमियत उलेमा-हिन्द की राज्य कार्यकारिणी ने



स्पष्ट किया है कि बहुसंख्यक हिन्दु समाज में सूर्य की भगवान/देवता के रूप में पूजा की जाती है। इस अभ्यास में बोले जाने वाले श्लोक और प्रणामासन्न, अष्टांगा नमस्कार इत्यादि क्रियाएं एक इबादत का रूप है और इस्लाम धर्म में अल्लाह के सिवाय किसी अन्य की पूजा अस्वीकार्य है। इसे किसी भी रूप या स्थिति में स्वीकार करना मुस्लिम समुदाय के लिए सम्भव नहीं है। जमियत उलेमा-हिन्द का स्पष्ट मानना है कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में अभ्यास का बहाना बनाकर किसी विशेष धर्म की मान्यताओं को अन्य धर्म के लोगों पर थोपना संवैधानिक मान्यताओं और धार्मिक स्वतंत्रता का खुला उल्लंघन है और एक घृणित प्रयास है, जिसका पूरी ताकत से विरोध किया जाएगा तथा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुसार हम इसके खिलाफ संघर्ष करेंगे।

**ईमान व आस्था की हिफाजत करें :** जमियत उलेमा-हिन्द ने राज्य सरकार से अपील की है कि वे इस विवादास्पद आदेश को तुरन्त प्रभाव से वापस लेने की हिदायत संबंधित विभाग को जारी करे, इसलिए कि इस कदम से देश के लोकतांत्रिक ढांचे को नुकसान होगा और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के स्लोगन पर सवालिया निशान लग जाएगा। वहीं मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि वे अपनी नई पीढियों के ईमान व आस्था की हिफाजत करें और इस सिलसिले में किसी भी प्रकार के दबाव को स्वीकार न करें, क्योंकि भारतीय संविधान में अपनी धार्मिक आस्था और विश्वास पर अड़िग रहते हुए सबको शिक्षा प्राप्त करने की पूर्णतया आजादी प्राप्त है।

# एयू जयपुर मैराथन दो फरवरी को : राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हरी झंडी दिखाएंगे

## रनर्स को चीयर करेंगी बॉलीवुड की सुपरस्टार सिंगर नेहा भसीन, पहली बार इनॉर्गल एयू जयपुर मैराथन सेलिब्रेशन परेड के साथ हुआ भव्य बिब एक्सपो का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** देश की सबसे प्रतिष्ठित वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था,एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग पावर्ड बाय आवास फाइनेंस व को-पावर्ड बाय आईएनए सोलर से आयोजित होने वाली दौड़ते कदमों का उत्सव..16वीं एयू जयपुर मैराथन के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन को राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वहीं, बॉलीवुड की सुपरस्टार सिंगर नेहा भसीन अपनी सुरीली आवाज में शानदार प्रस्तुति देकर रनर्स का जोश बढ़ाएंगी। इससे पहले महाराजा कॉलेज ग्राउंड में भव्य बिब एक्सपो का उद्घाटन किया गया। यह कार्यक्रम इस बार तब खास बन गया, जब पहली बार इनॉर्गल एयू जयपुर मैराथन सेलिब्रेशन परेड के साथ इसकी शुरुआत हुई। इस परेड में राष्ट्रीय एवं पैरा एथलीट्स, जयपुर धावक,रेस टेक्निकल टीम,रेस मार्शल्स, युवा समूहों और लोक कलाकारों




ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शाम को रनिंग कम्युनिटी को सम्मानित करते हुए सौलह श्रेणियों में तिजारिया जयपुर रनर्स अवॉर्ड्स दिए गए। शनिवार को पेसर्स व एम्बेसडर्स मीट का आयोजन होगा। जिसमें रनिंग कम्युनिटी से जुड़ी चर्चाएं, फिटनेस सेमिनार और मैराथन से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। रजिस्ट्रेशन करने वाले उत्साही धावक अपने बिब एवं रनिंग किट निर्धारित काउंटर से प्राप्त कर सकेंगे। मैराथन का रूट अल्बर्ट हॉल साउथ गेट से शुरू होगा और त्रिमूर्ति सर्किल-बिडला मंदिर-मालवीय नगर पुलिया से बाए मुड़कर अपैक्स सर्किल से यू टर्न लेकर मालवीय नगर पुलिया होते हुए वर्ल्ड ट्रेड पार्क,जवाहर सर्किल- बजाज नगर से बाए मुड़कर टोंक रोड पुलिया अंडरपास से मुड़कर वापस जवाहर कला केंद्र से होते हुए अल्बर्ट हॉल पर समाप्त होगा। जिसमे 42 किमी के धावक इस रूट के दो राउंड लगायेंगे। इसके अलावा, मैराथन रूट पर 12 से अधिक मेडिकल सेंटर स्थापित किए जाएंगे। जहां आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं तुरंत उपलब्ध होंगी। आयोजन स्थल पर 30 बेड वाला विशेष मेडिकल कैंप होगा। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर और नर्स मौजूद रहेंगे।

# एग्रीस्टैक योजना से खुशहाल होंगे किसान, बनेगी विशिष्ट फार्मर आईडी

## 5 फरवरी से 31 मार्च तक जयपुर जिले में आयोजित होगा फार्मर रजिस्ट्री अभियान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में किसान समृद्ध और खुशहाल होंगे। राज्य सरकार द्वारा गत 13 दिसम्बर को अजमेर में आयोजित किसान सम्मेलन में एग्रीस्टैक योजना में फामर्स रजिस्ट्री प्रोजेक्ट के तहत किसानों के फार्मर आईडी बनाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है। इसी कड़ी में कृषि कानूनों विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जयपुर जिले में फार्मर रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर 5 फरवरी से शिविर आरम्भ होंगे।



जिला कलेक्टर डॉक्टर जितेंद्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को शिविरों के सफल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर सुमन पंवार ने बताया कि भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा संचालित एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जिला जयपुर में फार्मर रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 5 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक किया जायेगा।

इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई जायेगी।

# पुरानी रंजिश के चलते तीन युवकों को गोली मार कर भागने वाला गिरफ्तार

## मुखबिर की सूचना पर छह सौ किलोमीटर से दबोचा गया बदमाश, जयपुर आते समय भागने का किया प्रयास, टूटा पैर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** करधनी थाना इलाके में गत दिनों पहले पुरानी रंजिश के चलते एक बदमाश ने तीन युवकों को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और वारदात को अंजाम देकर लखनऊ भाग गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छह सौ किलोमीटर दूर उसका पीछा करते हुए उसे दबोच लिया। शातिर बदमाश ने जयपुर के समीप पहुंचते ही पुलिस कस्टड़ी से भागने का प्रयास किया। लेकिन वो अपनी योजना में सफल नहीं हो पाया और उसका पैर टूट गया। घायल अवस्था में पुलिस ने आरोपी को कांवटिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद सवाई मानसिंह अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना इलाके में 24 जनवरी की रात को पुरानी रंजिश के चलते हन्नी सिंह उर्फ हनी बिहारी निवासी पीलीगंज पटना (बिहार) किराए पर कार से अपने साथी दीपक जाट व दो दोस्तों के साथ निकला था। देर रात बेनाड़ रोड पर बाइक सवार वैभव ओझा (27) व मुकुंद कुमावत (26) पर फायरिंग कर दी। जिसे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वारदात को अंजाम देने के बाद शातिर बदमाश लखनऊ फरार हो गया था। जहां मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छह सौ किलोमीटर दूर दबिश देकर उसे दबोच लिया। आपसी रंजिश में की गई फायरिंग में वैभव ओझा के हाथ -पैर व मुकुंद कुमावत के हाथ में गोली लगी। इसी के साथ एक राहगीर



सुरेश ढाका (28) के हाथ में गोली लगी थी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए कांवटिया अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस उपायुक्त जयपुर अमित कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद जब उसे जयपुर लाया जा रहा था तो जयपुर के समीप पहुंचते ही आरोपी ने पुलिस कस्टडी से भागने का प्रयास किया। जिसमें उसका पैर टूट गया। घायल अवस्था में पुलिस ने आरोपी को कांवटिया अस्पताल भिजवाया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड मालपुरा

क्रमांक : 2062 दिनांक : 29/01/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या: 14/2024-25 खण्ड मालपुरा**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड मालपुरा में भवन निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्त्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के 'एए', 'ए', बी एव सी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| |
|---|
| NIB code : PWD2425A3963 |
| UBN is: PWD2425WSOB14296 |

**अधिशाषी अभियन्ता**
**सा.नि.वि. खण्ड मालपुरा**

## सम्पादकीय

# महत्त्वपूर्ण खनिजों के लिए गंभीर प्रयास

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रीय अति महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन पर मुहर लगा दी। इस अभियान या मिशन पर केंद्र सरकार 16,300 करोड़ रुपये व्यय करेगी और सार्वजनिक क्षेत्र एवं अन्य स्रोतों से भी 18,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। यह मिशन भारत में नीति निर्धारण को एक नई दिशा देता दिख रहा है। 21वीं शताब्दी में आर्थिक वृद्धि के लिए आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त एवं सुरक्षित बनाए रखना काफी अहम है और इसे बखूबी समझते हुए सरकार ने यह अभियान शुरू किया है। लीथियम और मॉलिब्डिनम? जैसे महत्त्वपूर्ण खनिज मध्यवर्ती सामान तैयार करने में इस्तेमाल होते हैं। इन खनिजों का इस्तेमाल बैटरी से लेकर सेमीकंडक्टर आदि बनाने में होता है। हाल के वर्षों में यह बात साफ हो गई है कि ऊर्जा से लेकर वाहन आदि सभी महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में गतिविधियां इन मध्यवर्ती वस्तुओं की उपलब्धता पर निर्भर हो गई हैं इसलिए महत्त्वपूर्ण खनिजों की सुरक्षित, सस्ती और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना काफी अहम हो गया है। सेमीकंडक्टर उपलब्ध नहीं होने से कोविड महामारी के दौरान भारत के वाहन क्षेत्र में उत्पादन पर गंभीर असर हुआ था। अब सरकार ने इन खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उठा ली है जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। इसमें कोई शक नहीं कि इस प्रयास के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा भी जुड़ा है। दुनिया में इन महत्त्वपूर्ण खनिजों के खनन एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में चीन का खासा दबदबा है। अफ्रीका और इंडोनेशिया सहित जिन देशों में इन खनिजों का खनन और प्रसंस्करण होता है वहां चीन की कंपनियों (जिनमें कई चीन की सरकार से सीधा ताल्लुक रखती हैं) की तूती बोलती है। सरकारें एवं उनके नीति निर्धारक यह बात अच्छी तरह समझते हैं कि आपूर्ति व्यवस्था एवं व्यापार का इस्तेमाल अब दुनिया में एक हथियार के रूप में होने लगा है। इसे देखते हुए सभी देशों के यह जरूरी हो गया है कि वह महत्त्वपूर्ण खनिजों की सूची अपने स्तर पर तैयार करें और उनकी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रणनीति अपनाएं। भारत में ऐसे खनिजों का भंडार है परंतु इनकी खोज पूरी गंभीरता से नहीं हुई है और इनका इस्तेमाल होने में अभी कुछ समय और लग सकता है।

इसके अलावा, इन खनिजों के भंडार जहां मिले हैं उन्हें देखते हुए देसी निवेशक इस क्षेत्र में निवेश करने में हिचकिचाहट दिखा सकते हैं। इसका कारण यह है कि इनमें कई भंडार राजनीतिक रूप से संवेदनशील और जैव-विविधता वाले क्षेत्रों में हैं। तकनीक और राजनीतिक इच्छाशक्ति का इस्तेमाल कर इन चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। परंतु, यह भी सच है कि इसमें वक्त लगेगा और भारत के घरेलू संसाधनों को विकसित करने के लिए नीतियां तैयार करने की दिशा में भी पूरा प्रयास नहीं हुआ है। हाल में इन खनिजों की खोज से जुड़े लाइसेंस की नीलामी में निजी क्षेत्र ने खास दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। यह महज संयोग नहीं था। विदेश में ऐसे संसाधनों में निवेश का भी महत्त्व इस लिहाज से बढ़ गया है। सरकार ने खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (काबिल) के नाम से एक नए सार्वजनिक उपक्रम का गठन किया है जिसका उद्देश्य विदेश में इन खनिज संसाधनों में निवेश को बढ़ावा देना है। फिलहाल इस कंपनी ने कोबाल्ट और लीथियम पर ही ध्यान केंद्रित रखा है और अब अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया के साथ साझेदारी करने की संभावनाएं तलाश रही है। मगर इस दिशा में काफी कुछ किया जाना बाकी है, इसलिए माना जा रहा है कि नए मिशन पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की मुहर लगने के बाद न केवल 'काबिल' के प्रयासों को बल भी मिलेगा बल्कि इस क्षेत्र में भारत के निजी क्षेत्र की भी रुचि बढ़ेगी। वैसे भी अंत में सारा दारोमदार निजी क्षेत्र की भागीदारी पर ही निर्भर है। इसमें कोई शक नहीं कि आने वाले दशकों में इन खनिजों में भी लाभ कमाने के भरपूर अवसर होंगे। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने अनुमान लगाया है कि वर्ष 2050 तक कुछ महत्त्वपूर्ण खनिजों के दाम 20 से 50 गुना तक बढ़ सकते हैं।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 1 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- न्यूयार्क शहर में 1790 में पहली बार 'सुप्रीम कोर्ट ऑफ द यूनाइटेड स्टेट्स' का आयोजन किया गया।
- 'यूनाइटेड किंगडम' और नीदरलैंड पर फ़्रांस ने 1793 में युद्ध की घोषणा की।
- लार्ड कॉर्नवालिस ने 1797 में बंगाल के गवर्नर जनरल के पद की शपथ ली।
- फिलीपींस में 1814 में ज्वालामुखी फटने से करीब 1,200 लोगों की मौत हुई।
- कलकत्ता बंगाल क्लब की स्थापना 1827 में हुई।
- मॉरीशस में 'गुलामी प्रथा' का समापन 1835 में हुआ।
- ईस्ट इंडिया रेलवे का विधिवत उद्घाटन 1855 में हुआ।
- दिल्ली के सबसे पुराने कॉलेज सेंट स्टीफन कॉलेज की स्थापना 1881 में हुई।
- डाक बीमा योजना 1884 में लागू हुई।
- 1884 में ऑक्सफ़ोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी' का पहला वॉल्यूम 'ए टू आंट' का प्रकाशन।
- सन 1908 ईसवी को पुर्तगाल के राजा कार्लोस प्रथम की उनके पुत्र के साथ लिसबन में हत्या कर दी गयी।
- असहयोग आंदोलन तेज करने की जानकारी महात्मा गाँधी ने 1922 में भारत के वायसराय को दी।
- यू.एस.एस.आर. ने 1924 में यूनाइटेड किंगडम को मान्यता प्रदान की।
- द टाइम्स ने 1930 में पहली बार क्रास वर्ड पजल को प्रकाशित किया।
- 1946 ईसवी को नार्वे के नेता ट्रेग्वे लाई को संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रथम महासचिव चुना गया।
- 'प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया' ने 1949 में 'एसोसिएटेड प्रेस ऑफ इंडिया' का अधिग्रहण कर लिया।
- स्कॉटलेंड, इंग्लैंड, बेल्जियम और नीदरलैंड में 1 फरवरी 1953 को भीषण बाढ़ आई, जिसमें करीब ढाई हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई, जबकि इस बाढ़ में नीदरलैंड में ही करीब 1836 लोग मारे गए।
- दक्षिण अफ्रीका ने 1956 में सोवियत संघ के वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों को वापिस बुलाने की माँग की।
- सीरिया और मिस्र को 1958 में 'यूनाइटेड अरब रिपब्लिक' में मिला दिया गया, जो कि 1961 तक बना रहा।
- भारत में 'यूनिट ट्रस्ट' की स्थापना 1964 में हुई।
- 'भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विमान पतनन प्राधिकरण' का गठन 1972 में हुआ।
- 'राष्ट्रीय संवाद समिति समाचार' का गठन 1976 में हुआ।

## विशेष आलेख

# सामाजिक नैतिकता को दीमक सरीखा चाट रहा एकल परिवारों का चलन

**बढ़ते एकल परिवारों ने हमारे समाज का स्वरूप ही बदल दिया। आजकल के बच्चों को वो संस्कार और अनुशासन नहीं मिल रहे है जो उन्हें संयुक्त परिवारों से विरासत में मिलते थे, और इसी का परिणाम है कि समाज में परिवारों का टूटना, घरेलू हिंसा, असुरक्षा की भावना, आत्महत्या, बलात्कार, अपहरण आदि सामाजिक समस्याओं ने अपने पांव पसार लिए हैं। सबसे बड़ी चिंतनीय स्थिति तो हमारे बुजुर्गों की हो गई है। हालांकि बढ़ते एकल परिवारों का मूल कारण संयुक्त परिवारों की बंदिशें रूढ़ियां और परंपराएं ही है। अभी भी लोगों अपनी सोच को जमाने के हिसाब से ढालने की जरूरत है।**



प्रियंका सौरभ

एकल परिवारों के बढ़ते प्रभाव ने, जिसमें माता-पिता और बच्चों के छोटे परिवार शामिल हैं, अपने स्वयं के परिवार के समूह को काफ़ी प्रेरित किया है, विशेष रूप से मूल्यों को विकसित करने में इसके पारंपरिक कार्य को। शहरीकरण, वित्तीय दबावों और व्यक्तिवादी जीवन शैली के माध्यम से प्रेरित इस बदलाव ने मूल्यों को हस्तांतरित करने के तरीके को बदल दिया है। जबकि एकल परिवार स्वतंत्रता और निजी विकास की अनुमति देते हैं, इसके अलावा उन्हें सांस्कृतिक, नैतिक और नैतिक मूल्यों को प्रसारित करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो पहले विस्तारित स्वयं के परिवार के ढांचे के माध्यम से मज़बूत होते थे। मूल्यों को विकसित करने के लिए एक संस्था के रूप में परिवार पर प्रभाव मूल्य संचरण में विस्तारित परिवार की भूमिका कम हो गई है। पारंपरिक संयुक्त परिवारों में, दादा-दादी, चाचा और चाची ने कहानी सुनाने, सलाह देने और बड़ों के लिए पहचान और नेटवर्क भावना जैसे सामूहिक मूल्यों को लागू करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। एकल परिवारों के साथ, यह अंतर-पीढ़ीगत सम्बंध कमजोर हो गया है, जिससे बच्चों के विभिन्न दृष्टिकोणों के संपर्क में आने पर रोक लग गई है। कन्फ्यूशियस ने सद्गुण की पहली क्षमता के रूप में अपने परिवार के सदस्यों पर ज़ोर दिया। बहु-पीढ़ीगत जीवन की गिरावट भी इस नैतिक शिक्षा को कमजोर कर सकती है। एकल परिवारों में, माता-पिता मूल्यों की आपूर्ति का पूरा बोझ उठाते हैं, नियमित रूप से पेशेवर प्रतिबद्धताओं के साथ इसे जोड़ते हैं। इससे समय की कमी या तनाव के कारण कमी आ सकती है। शहरी एकल परिवार सहानुभूति या धैर्य की कोचिंग पर शैक्षिक पूर्ति को प्राथमिकता दे सकते हैं, जिससे बच्चों में व्यक्तिवादी दृष्टिकोण पैदा होता है।

एकल परिवार स्वायत्तता, निर्णय लेने और व्यक्तिगत जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को बढ़ावा देते हैं, जो वर्तमान सामाजिक मांगों के साथ संरेखित होते हैं। जॉन स्टुअर्ट मिल ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को व्यक्तिगत और सामाजिक प्रगति के लिए आवश्यक गुणों के रूप में महत्त्व दिया, जिसे एकल परिवार प्रभावी रूप से बेचते हैं। एकल परिवार अक्सर अपने परिवार की ज़रूरतों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे निस्संदेह सामूहिक मूल्यों जैसे कि साझा करना, त्याग करना और आपसी सहायता के प्रति जागरूकता कम हो जाती है, जो संयुक्त परिवार व्यवस्था के लिए आवश्यक थे। त्यौहार, जो कभी संयुक्त परिवारों में नेटवर्क और सांस्कृतिक बंधन को मज़बूत करते थे, अब एकांत में मनाए जाने लगे हैं। जबकि पारंपरिक व्यवस्थाएँ कमजोर होती जा रही हैं, एकल परिवार शिक्षा के लिए स्कूलों, साथियों के समूहों और आभासी प्रणालियों पर अधिक से अधिक निर्भर होते जा रहे हैं। हालाँकि, निजी सलाह की कमी से नैतिक विकास में भी कमी आ सकती है। एकल परिवारों में, एक से अधिक पदों के मॉडल की अनुपस्थिति बच्चों की कई गुणों को देखने और उनका अध्ययन करने की क्षमता को भी सीमित कर सकती है। एकल परिवारों के बढ़ते ज़ोर ने मूल्यों को विकसित करने में परिवार की स्थिति को नया रूप दिया है। स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए, यह अक्सर विस्तारित परिवारों द्वारा प्रदान की गई सामूहिक जानकारी और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता को कम करता है। इस अंतर को पाटने के लिए, एकल परिवारों को सुखद पालन-पोषण, नेटवर्क कनेक्शन को बढ़ावा देने और जिम्मेदारी से आधुनिक उपकरणों का लाभ उठाने पर ज़ोर देते हुए सचेत रूप से अनुकूलन करना चाहिए। जैसा कि कन्फ्यूशियस ने कहा, राज्य की ऊर्जा घर की अखंडता से प्राप्त होती है, इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि परिवार, चाहे किसी भी संरचना में हों, नैतिक नागरिकों को आकार देने के लिए मूल्यवान बने रहते हैं। एकल परिवार-परिवार प्राइमेट मानव समाज की एक जैविक घटना है। यह मानव विकास के विकासवादी संग्रह में एक अनुकूली रूप नहीं है और न ही आर्थिक समाज की एक उपयोगी चीज है। बल्कि यह मानव समय और सामाजिक स्थान में लगभग प्रथागत है।

# तालियों की गड़गड़ाहट बनाम तानों की बौछार

**जैसे ही वित्त मंत्री अपना भाषण प्रारंभ करती हैं, सत्ता पक्ष के सांसदों में तालियाँ बजाने की होड़ मच जाती है। हर नई घोषणा के साथ तालियों का शोर मानो आसमान चीर देने को आतुर हो–गरीबों के लिए नई योजना!–गर्जनापूर्ण ताली। किसानों के लिए ऐतिहासिक राहत!–गूँजती ताली। मध्यम वर्ग के लिए विशेष प्रावधान!–सबसे ज़ोरदार ताली! लेकिन मध्यम वर्ग? वह इन घोषणाओं के बीच अपनी जेब टटोलते हुए मोबाइल पर टैक्स स्लैब खंगालने में व्यस्त हो जाता है।**



प्रो. आरके जैन

जनवरी की कंपकंपाती हवा के साथ देश में एक नया जोश उमड़ने लगता है, एक नई हलचल करवट लेती है। सत्ता के गलियारों में गहमागहमी तेज़ हो जाती है, अर्थशास्त्रियों की पेशानी पर शिकन गहरी होने लगती है, विपक्ष स्वर तेज़ करता है, और जनता? वह फिर से उम्मीदों की गठरी सिर पर उठाए बजट के पन्ने पलटने का इंतज़ार करती है। वित्त मंत्रालय के विशेषज्ञ अपनी टाई कसते हुए आँकड़ों की ऐसी जादूगरी में जुट जाते हैं कि हर घोषणा सुनहरी प्रतीत हो, भले ही वह मात्र संख्याओं का छलावा हो।

फिर आता है वह बहुप्रतीक्षित दिन—1 फरवरी! संसद भवन के भव्य गलियारों में लाल कालीन बिछ चुके होते हैं, कैमरों की चमक आसमान छूने लगती है, टीवी एंकर ऊर्जावान स्वरों में अपनी भूमिका निभाने को तैयार होते हैं। वित्त मंत्री, जिनके चेहरे पर इस दिन विशेष आत्मविश्वास झलकता है, डिजिटल टैबलेट हाथ में लिए प्रवेश करती हैं। सत्ता पक्ष के सांसद उल्लास से सराबोर हैं, विपक्षी खेमा बेचैनी से कुछ बड़ा पकड़ने की फिराक में है, और जनता?—वह अब भी गूगल पर खंगाल रही होती है, बजट में मेरे लिए क्या है?

इसी बीच विपक्षी नेता अपनी सीटों पर बेचैनी से करवटें बदलने लगेंगे। बजट चाहे जितना भी तर्कसंगत हो, उनका एक ही ध्येय रहेगा—निर्विवाद विरोध! जैसे ही वित्त मंत्री गर्वोन्मत्त स्वर में उद्घोषणा करेंगी कि अर्थव्यवस्था नए शिखरों को छू रही है, विपक्ष की बेंचों से व्यंग्यपूर्ण ठहाकों की गूंज उठेगी। एक वरिष्ठ नेता व्यंग्य बाण छोड़ते हुए कहेंगे, महंगाई रॉकेट की तरह उछल रही है, बेरोजगारी अपने चरम पर है, और सरकार आत्ममुग्ध होकर विकास के स्वर्णिम सपने दिखा रही है! यह ऊँचाई नहीं, जनता की जेब से निकला आखिरी सिक्का है। सत्ता पक्ष इस पर ठहाके लगाएगा, वित्त मंत्री मुस्कुराते हुए आंकड़ों की नई बाजीगरी पेश कर देंगी, और बजट की गाड़ी फिर आश्वासनों के पथ पर आगे बढ़ जाएगी। बजट भाषण के दौरान सत्ता पक्ष के चेहरे यूं दमकेंगे, मानो गरीबी मिट चुकी हो, किसान मालामाल हों, और हर युवा के पास दो-दो नौकरियाँ हों। वहीं, विपक्ष जनता को समझाने में जुट जाएगा कि यह सब छलावा है, आंकड़ों की कलाबाजी है, असली राहत तो हमारी सरकार में ही आएगी! लेकिन जनता? वह अब भी अपने टैक्स स्लैब का गणित लगाने में उलझी होगी। बजट समाप्त होते ही सत्ता पक्ष के नेता बाहर आकर ऐसे वक्तव्य देंगे, मानो उन्होंने सिर्फ वित्तीय घोषणा नहीं, बल्कि सृष्टि के गूढ़तम रहस्यों को सुलझा दिया हो। प्रधानमंत्री जी का ट्वीट आएगा—ऐतिहासिक बजट! आत्मनिर्भर भारत की दिशा में क्रांतिकारी कदम! समर्थकों की डिजिटल सेना इसे रीट्वीट करने में जुट जाएगी। पत्रकारों के तीखे सवालों का सामना करते हुए मंत्रीगण आत्मविश्वास भरी मुस्कान के साथ कहेंगे, हमने जनता को अभूतपूर्व तोहफे दिए हैं! पत्रकार फौरन पूछेंगे, सर, टैक्स स्लैब में कोई राहत? मंत्रीजी क्षणभर को अटकेंगे।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



रोहित कुमार जैन
(राजस्थान विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। रोहित कुमार जैन एक ऐसा नाम जो शिक्षा, समाज सेवा और नवाचार में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। मूल रूप से अलवर के रहने वाले है। आपका जन्म अलवर में 1989 में हुआ। रोहित जैन ने स्नातक स्तर तक की शिक्षा अलवर में पूरी की और आगे की पढ़ाई राजस्थान विश्वविद्यालय से संपन्न की। शिक्षा के प्रति उनकी उत्कृष्टता का प्रमाण यह है कि वे राजकीय नवीन उच्च माध्यमिक महाविद्यालय और बाबू शोभाराम आर्ट्स कॉलेज के टॉपर रहे। उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए मेवाड़ फाउंडेशन उदयपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया जो कि महाराणा मेवाड़ द्वारा प्रदान किया जाता है। शिक्षा के प्रति उनके समर्पण के चलते उनका चयन कई राजकीय सेवाओं में हुआ। पूर्व में वे राजकीय सेवा में स्कूल व्याख्याता के रूप में अलवाड़ा (रामगढ़) और भजेड़ा (किशनगढ़) में कार्यरत रहे, जहां उन्होंने कई नवाचार और अभिनव प्रयोग किए। इसके बाद उनका चयन राजकीय कॉलेज व्याख्याता के रूप में आबू रोड महाविद्यालय में भी हुआ। वर्तमान में वे राजस्थान विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं और साथ ही यूजीसी सामाजिक अपवर्जन एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र के निदेशक भी हैं। रोहित जैन केवल एक शिक्षाविद् ही नहीं बल्कि युवाओं के मार्गदर्शक भी हैं। वे समसामयिक युवा मुद्दों पर गहरी पकड़ रखते हैं और इनके समाधान के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत हैं। रोहित जैन शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा में भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। वे वर्तमान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जयपुर के महानगर अध्यक्ष हैं और पूर्व में अलवर विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावाए वे श्री आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान से जुड़े रहे हैं, जहां वे शैक्षणिक सलाहकार और प्रबंधन समिति के सदस्य के रूप में कार्यरत रहे। वे दिल्ली दरवाजा स्थित श्री जैन धर्मार्थ औषधालय के पूर्व सचिव भी रह चुके हैं और प्रकृत अकादमी के सदस्य भी हैं। उच्च शिक्षा और विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न समितियों में मानद सदस्य के रूप में योगदान देने के साथ .साथ उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों के आयोजन सचिव की भूमिका भी निभाई है। इनमें बंजारारू मुख्यधारा की तलाश में घुमंतू समुदायए जैन परंपरा में पर्यावरण चेतना और वर्तमान में वर्धमान जैसी संगोष्ठियां प्रमुख हैं। उनके लेख विभिन्न प्रतिष्ठित पत्र .पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते हैं और वे सामाजिक व समसामयिक मुद्दों पर विभिन्न टीवी चैनलों पर पैनलिस्ट के रूप में भी सक्रिय रहते हैं। वे देशभर के अनेक विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अतिथि वक्ता के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_031
बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 1 | 5 | 7 | | | | |
| | 4 | | | | 1 | 7 | 5 | |
| | 6 | | 4 | 8 | 3 | 1 | | |
| | 7 | 8 | | | | | 9 | |
| | 3 | | 9 | | 7 | 2 | | 8 |
| | | 2 | 3 | 5 | | 4 | | 7 |
| 2 | | 6 | 8 | | | 5 | | |
| | | | 7 | | 5 | | 3 | 1 |
| 3 | 5 | 7 | 1 | | 4 | | 8 | |

**Ans_2025_030**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 |
| 6 | 4 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 3 | 1 | 2 | 5 | 4 | 9 | 8 | 7 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 3 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 9 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 1 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आपके प्रत्येक काम में आज दृढ़ता और आत्मविश्वास छलकता दिखेगा। अपनी बौद्धिक शक्ति से लेखन काम और अन्य रचनात्मक काम करने में आगे बढ़ेंगे। विचारों में आते शीघ्र परिवर्तन से मानसिक रूप से आप स्वस्थ नहीं रह पाएंगे।

**वृष**
काम की सफलता से मानसिक रूप से आप प्रफुल्लित रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। स्थायी संपत्ति के कागजात साइन करते समय आपको बेहद ध्यान रखने की जरूरत है।

**मिथुन**
नए वस्त्र और सौंदर्य की चीजें खरीदने में आपकी रुचि बनेगी। आर्थिक योजना बनाना सरल होगा। वैचारिक स्थिरता नहीं रहेगी। नए काम का प्रारंभ करना आप के हित में नहीं रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज बना रहेगा।

**कर्क**
संतान के विषय में चिंता रहेगी। अधिकारी आपसे नाराज रहेंगे। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप प्रसन्न और आनंदित रहेंगे। मित्रों तथा संबंधियों के साथ घूमने-फिरने की योजना बनाएंगे और आनंददायी प्रवास भी कर पाएंगे। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह**
मित्रों और स्वजनों के साथ अच्छे समय का आनंद ले पाएंगे। दोपहर के बाद आप शारीरिक और मानसिक रूप से चिंता का अनुभव करेंगे। सौंदर्य- प्रसाधन, घर की साज-सजावट और मनोरंजन के साधनों पर धन खर्च करेंगे।

**कन्या**
आज यश और कीर्ति भी प्राप्त होगी। परिवार का वातावरण अच्छा रहेगा। आज विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। स्वभाव से जिद्दीपन छोड़कर आगे बढ़ेंगे, तो अनेक समस्याओं का निराकरण होता दिखेगा। मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे।

**तुला**
आज का दिन शुभ फलदायी है। व्यापार में स्थिति अनुकूल रहेगी। आपके काम की उचित प्रशंसा होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आर्थिक लाभ होगा। मैरिड कपल के बीच आनंद-प्रमोद छाया रहेगा।

**वृश्चिक**
धन प्राप्ति के लिए अच्छा योग है। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। आज नेगेटिव विचार आपको घेरे रखेंगे। वाणी पर संयम रखें। परिवार में तकरार होने से शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको सताएगी।

**धनु**
किसी अच्छी जगह पर घूमने जाने का कार्यक्रम बन सकता है। विरोधियों और अधिकारियों के साथ आज किसी भी तरह से वाद-विवाद में ना पड़ें। आनंद-प्रमोद से सम्बंधित वस्तुओं को खरीदने में अधिक खर्च हो सकता है।

**मकर**
सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगी। भागीदारों के साथ चर्चा सकारात्मक होगी। भीतरी शांति के लिए प्रभु भक्ति और आध्यात्मिकता का सहारा लेंगे। आप के स्वभाव में आज कुछ अधिक संवेदनशीलता रहेगी।

**कुंभ**
व्यापार के क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा। मानसिक रूप से भी आज स्वस्थ रह पाएंगे। फिर भी दोपहर के बाद शारीरिक और मानसिक स्थिति में अनुकूल परिवर्तन आ सकता है। आप के काम से अधिकारी भी संतुष्ट रहेंगे।

**मीन**
शादी योग्य युवाओं को जीवनसाथी मिलने का योग हैं। सामाजिक रूप से आपको यश-कीर्ति मिलेगी। पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। स्वास्थ्य में भी उतार-चढ़ाव रहेगा। प्रियजनों से मतभेद हो सकता है। क्रोध की भावना अधिक रहेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# सूर्य नमस्कार कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा के प्राचार्य कक्ष में क्षेत्र के सभी प्रधानाचार्यो की बैठक प्राचार्या अलका पारीक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में मौजुद प्रधानाचार्यो को जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य अलका पारीक ने बताया कि शिक्षा मंत्री व शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 3 फरवरी को सभी सरकारी व नीजि विद्यालयो में सूर्य सप्तमी के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। उन्होंने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम के फोटोज शाला दर्पण प अपलोड़ करने के साथ साथ विभागीय साईट पर भी अपलोड होना आवश्यक है। इसलिए सभी प्रधानाचार्य अपने अपने विद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम की पूर्ण तैयारी कर कार्यक्रम आवश्यक रूप से आयोजित करें। बैठक में नीजि शिक्षण संस्था संघ अध्यक्ष रमाकान्त पाठक, राजेन्द्र प्रसाद, जगदीश गुर्जर, दीपक गुप्ता, कौशल नरेश शर्मा, विजय कुमार , सजनी जाट, प्रतिभा गालव, गीतेश विजय संजय चौधरी , मोहम्मद अजीम सहित क्षेत्र के सभी प्रधानाचार्य मौजुद रहे।

# व्यवसायिक उपयोग करने पर 3 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** खाद्य विभाग के निर्देश पर शुक्रवार को जिले में घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग को रोकने की कार्यवाही की गई। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि प्रवर्तन अधिकारी इंद्रपाल मीणा एवं धर्म चंद अग्रवाल ने बस स्टैण्ड टोंक स्थित दुकानों का औचक निरीक्षण कर वृंदावन नाश्ता भंडार से 3 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। कार्यवाही के दौरान मौके पर उक्त सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जावेगी।

# सेवानिवृत्त शिक्षक का निकाला जुलूस, ग्रामीणों किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा(नि.स.)।** नटवाड़ा कस्बे के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक राधेगोपाल झालीवाल के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय और विभागीय स्टाफ के साथ आसपास के गांवों के बच्चे और ग्रामीण भी शामिल हुए। सरस्वती माता की पूजा-अर्चना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। गांव में ढोल-धमाके के साथ शिक्षक का जुलूस निकाला गया। ग्रामीणों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया। सबसे पहले विद्यालय भवन में विद्यार्थियों और स्टाफ ने हार-फूल माला और साफा पहनाकर शिक्षक का सम्मान किया। इसके बाद शिक्षक को घोड़ी पर बिठाकर पूरे गांव में ढोल और जयकारों के साथ जुलूस निकाला गया। राधेगोपाल झालीवाल ने अपनी मेहनत, लगन और कर्तव्यनिष्ठा से न सिर्फ विद्यार्थियों के मन में बल्कि पूरे गांव के दिल में सम्मान और श्रद्धा अर्जित की। विदाई समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि शिक्षक केवल स्कूल का नहीं, बल्कि पूरे गांव का शिक्षक होता है।

# नशे के अवैध कारोबार के विरूद्ध मोर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## एक जने के कब्जे से 19.240 किलो डोडा चूरा व 10 किलो 330 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा पुलिस वृत की मोर पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते एक जने को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 19 किलो 240 ग्राम डोडा एवं 10 किलो 330 ग्राम गांजा बरामद किया है। मोर थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सांगवान व एएसपी मोटाराम के आदेशो की पालना व वृताधिकारी आशिष प्रजापत के निर्देशानुसार मोर थाना क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने आधुनिक संचार साधनो सहित आधुनिकू तकनीक का प्रयोग करते हुए बीति देर रात्रि संवारिया ग्राम निवासी राजीव जैन को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस ने 19 किलो 240 ग्राम डोडा एवं 10 किलो 330 ग्राम गांजा बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

# फार्मर रजिस्ट्री शिविर मे कृषकों को करें लाभावितः चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** फार्मर रजिस्ट्री कृषि एवं संबंधित विभागों के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (एग्रीस्टैक) उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से समस्त ग्राम पंचायतों में 5 फरवरी से 31 मार्च, 2025 तक आयोजित होने वाले फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के आयोजन के संबंध में शुक्रवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलक्टर ने जिला नोडल अधिकारी एवं एसडीएम सवाई माधोपुर अनूप सिंह सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के बारे में कृषकों को व्यापक जानकारी उपलब्ध करवाकर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला नोडल अधिकारी को फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के लिए समस्त जिले का कैम्प चार्ट तैयार कर कैम्प प्रभारी की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित उपखण्ड अधिकारियों से शिविर आयोजन हेतु प्रत्येक काउंटर पर नियुक्त होने वाले कार्मिकों का चयन कर सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह को ग्राम पंचायतों के माध्यम से शिविरों के आयोजन में जिला प्रशासन का सहयोग करने एवं फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में ई-केवाईसी के लिए कार्मिकों की उपस्थिति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आईईसी गतिविधियों के माध्यम से शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार को शिविरों में ई-केवाईसी हेतु कृषि पर्यवेक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं किसान, लाभार्थियों को शिविरों के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाकर उन्हें शिविरों के जोड़ने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक पंकज मीणा को शिविरों में ई-केवाईसी हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सूचना सहायकों की उपस्थिति एवं ई-मित्र संचालकों की उपस्थित मय कम्प्यूटर प्रिन्टर के साथ सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए।

# सड़क पर आए पशु को बचाने के चलते रोडवेज की बस बंधे की दस फुट गहरी खाई में गिरी

## चालक की सजगता से खचाखच भरी सवारियो की बची जानसवारियो के लिए चालक बना भगवान

### वृताधिकारी प्रजापत ने मौके की जानकारी लेकर चालक को दिया धन्यवाद

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा से जयपुर जा रही वैशाली नगर आगार की बस क्षेत्र के डिग्गी थाना क्षेत्र के चांदसेन बंधे की दस फुट गहरी खाई जा गिरी। मामले के अनुसार वैशाली नगर आगार की रोडवेज बस मालपुरा से जयपुर के लिए रवाना हुई थी। बस मुख्य जयपुर सड़क मार्ग से गुजर रही थी कि डिग्गी पुलिस थाना क्षेत्र स्थित चादंसेन बंधे के घुमाव पर सड़क पर आए एक पशु को बचाने के चलते बस चालक ने पशु व सवारियो की जान बचाने के लिए बस को दस फुट गहरी खाई में उतार कर रोकने में सफल हो गया। घटना के दौरान बस पूरी तरह से भरी हुई थी। लेकिन बस में बैठी सवारियो के लिए चालक भगवान बन कर सामने आया। कहते हैं कि मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता हैं तो इस घटना में भी रोडवेज बस चालक की चतुराई काम आई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही डिग्गी थाना प्रभारी सत्यनारायण चौधरी अपने उच्चाधिकारियो को सूचना देते हुए मौके पर पहुंचे। इधर सूचना मिलते ही मालपुरा वृताधिकारी आशिष प्रजापत भी मौके पर पहुंच कर घटना का मुआयना कर मौजुद लोगो व सवारियो से घटना के बारे में जानकारी ली। जानकारी में सवारियो ने बताया कि मुख्य सड़क पर एक बकरी आ गई थी। जिसे बचाने के लिए चालक ने अपनी बस संतुलन खो बैठा लेकिन चालक अपना स्वयं का संतुलन बनाए रख कर सवारियो की जान बचाने की गरज से पूरी बस की गति को नियन्त्रण में लेकर बस को दस फुट गहरी खाई में उतार दिया। बस उतारते समय भी चालक ने पूरी सजगता बरती और आसानी से बस को उतारा जिससे बस पलटने से बच गई। इस घटना में यदि चालक बस के साथ साथ अपना संतुलन खो देता तो संभवतः बहुत जनहानि हो सकती थी। वृताधिकारी प्रजापत को जब चालक की सजगता की जानकारी मिली तो वे स्वयं भी




चालक के पास पहुंच कर धन्यवाद देकर चालक का हौसला बढ़ाया। इतना जरूर है कि इस घटना में एक दो यात्रियो के मामूली चोटे आने की बात सामने आई है। जिसमें भी चोटिल यात्रियो का इलाज डिग्गी के सरकारी अस्पताल में करवाया गया।

# भव्य कलश यात्रा के बाद शिव पंचायत व हनुमान जी महाराज की प्रतिमाओं का सम्पन्न हुआ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

## धार्मिक आयोजनो को सफल बनाने में सभी का सहयोग जरूरी:राधा चौधरी

### जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के प्रतिनिधि के रूप में राधा चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में लिया भाग

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा शहर के वार्ड नं. 14 खटीको के मौहल्ले स्थित नवनिर्मित मन्दिर में शिव पंचायत व बालाजी महाराज की प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कलश यात्रा व अतिथियो के सम्मान के साथ सम्पन्न हुआ। शुक्रवार को सुबह मन्दिर प्रागंण में विशाल एवं भव्य कलश यात्रा का जुलुस शाही लवाजमे व बेण्डबाजो के साथ रवाना हुआ। यह जुलुस शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर मन्दिर प्रागंण पहुंचा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के प्रतिनिधि के रूप में उनकी धर्मपत्नि राधा चौधरी ने भाग लिया। इस दौरान आयोजित समारोह में उमड़े समाजबंधुओं को सम्बोधित करते हुए राधा चौधरी ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमो के आयोजनो से समाज में एकता व भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमो को सफलता के साथ सम्पन्न करवाने के लिए सभी को सहयोग करना चाहिए। इस प्रकार के आयोजनो को सफलता के साथ सम्पन्न करवाने वाले सभी लोगो को महान पुण्य की प्राप्ति होती है। राधा चौधरी ने कहा कि आपके



अपने जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी हर समय मालपुरा क्षैत्र की सोचते रहते हैं। उनका प्रयास यही है कि मालपुरा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो और क्षेत्र की जनता को मूलभूत समस्याओं से छुटकारा मिले। इसके लिए जलदाय मंत्री सदैव कार्य करते रहते हैं। राधा चौधरी ने कहा कि आने वाले समय में सम्पूर्ण मालपुरा क्षैत्र का सर्वांगीण विकास होगा और क्षैत्र के आम जन की मूलभूत समस्याओं का त्वरित समाधान भी होगा। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय खटीक महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर बड़गुर्जर ने किया। वहीं इस दौरान नवनिर्मित मन्दिर में शिव पंचायत सहित बालाजी महाराज की मूर्तियो का पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चार व वैदिक रीति रिवाज के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा की गई।

# खराब खाद्य तेल करवाया नष्ट

## टीपीसी मीटर से जांची खाद्य पदार्थो को तलने वाले तेल की गुणवत्ता



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा दल द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा दल द्वारा गंगापुर सिटी में कार्यवाही की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि गंगापुर सिटी में विभिन्न खाद्य कारोबारकर्ताओं का निरीक्षण किया गया। विभिन्न स्थानों पर कचौरी व बड़े बनाने वाले खाद्य विक्रेताओं के यहां टीपीसी मीटर से चेक करने पर कई स्थानों पर खाद्य तेल की गुणवत्ता सही पाई गई और जिन भी स्थानों पर टीपीसी वैल्यू अधिक पाई गई उस तेल को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। दल द्वारा राघव बिग बाज़ार खाटू श्याम मंदिर रोड गंगापुर सिटी से घी श्री मूल व नमस्ते इंडिया व बेसन, मिर्ची, हल्दी, बूरा, मैदा, सूजी के नमूने खाद्य सुरक्षा एवम मानक अधिनियम के अंतर्गत लिए गए। सभी नमूनों को प्रयोगशाला जांच हेतु जयपुर लैब भेजा जाएगा। रिपोर्ट प्राप्त होने पर ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# जिला कलक्टर ने कुस्तला में रात्रि चौपाल कर सुनी आमजन की परिवेदनाए

## अधिकारी त्वरित कार्रवाई कर आमजन की सुनवाई करें- शुभम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** आमजन की समस्याओं का पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में सुनवाई कर उनके त्वरित समाधान के लिए जिला कलक्टर शुभम चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता की अध्यक्षता में गुरूवार को कुस्तला के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को पूर्ण संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रात्रि चौपाल जैसे कार्यक्रमों से लोगों में सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे अपने अधिकारों के बारे में जान पाते हैं। इससे सरकार और लोगों के बीच एक सेतु का निर्माण होता है और लोकतंत्र मजबूत होता है। इस



दौरान पेयजल पाइपलाईन दुरस्त करने, बिजली के ढीले तारों को कसवाने, श्यमशान घाट के लिए भूमि आवंटन करने, पेयजल की नियमित सप्लाई करवाने, सड़क बनवाने, पट्टे बनवाने, स्कूल के खेल मैदान से अतिक्रमण हटवाने, नालियों की साफ-सफाई करवाने, नाली बनवाने, अतिक्रमण हटवाने, खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जुड़वाने, दिव्यांगजन को स्कूटी दिलवाने सहित 30 से अधिक परिवाद प्राप्त हुए।

जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को रात्रि चौपाल में प्राप्त सभी परिवादों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभांवित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

इस दौरान एसडीएम अनूप सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, तहसीलदार विनोद शर्मा, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग भगवान सहाय मीणा, सीमा शर्मा, सहायक अभियंता पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा, मण्डी सचिव दिलीप मीणा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंदिर के नवनिर्माण के नीव के मूहूर्त में उमड़ा श्रद्धालुओ का सैलाब



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा(नि.स.)।** गाँव पराना में स्थित श्री पार्शव नाथ दिगंबर जैन मंदिर की नीव पूजन का आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। समाज के लोगो ने बताया कि नीव पूजन को लेकर शुक्रवार को मंदिर में विश्व शांति महायज्ञ का भी आयोजन किया गया। जिसमे भगवान की पूजा अर्चना और अभिषेक किया गया। इसके बाद दिगंबर जैन मंदिर से रथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। रथ में पार्शव नाथ प्रभु व शांति नाथ भगवान की प्रतिमाओं को विराजमान करवा कर रथ यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए मुख्य बाजार ब्राह्मण मोहल्ला होते हुए वापस दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। रथ यात्रा में जैन समाज के महिला, पुरुषों व बच्चों के साथ-साथ अनेक ग्रामीणो ने भी भाग लिया। रथ यात्रा का कस्बे में जगह-जगह पुष्प वर्षा व आरती करके स्वागत किया। इसके बाद मंदिर की नीव का मूहूर्त समाज के सभी लोगो की मौजूदगी में हुआ।

इस दौरान पारस जैन, प्यार चंद, राजेश जैन, श्याम जैन,गंभीर जैन, महेन्द्र जैन, रमेश जैन, प्रकाश जैन, धर्मचंद जैन, अनिल, दीपक, घनश्याम जैन, सहित जैन समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

# ट्रेन में सफर कर रहे दो यात्रियों से 55 किलो डोडा चूरा जब्त

## जी शहजाद व विष्णु गिरफ्तार, उत्तरप्रदेश सहारनपुर के हैं आरोपी

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी (अब्दुल माहिर)।** जीआरपी पुलिस ने कोटा - मथुरा पैसेंजर ट्रेन से मादक पदार्थ का जखीरा पकड़ा है। जांच के दौरान गार्ड लोभी के सामने तीन अलग-अलग बैगों से 55 किलो 932 ग्राम अफीम डोडा चूरा जब्त किया है। इसकी कीमत सात लाख रुपये से अधिक बताई गई है। इस दौरान दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सहजाद व विष्णु सहारनपुर उत्तरप्रदेश के रहने वाले बताए गए हैं। गंगापुरसिटी जीआरपी थानाधिकारी ने बताया कि अवैध रूप से मादक पदार्थों के परिवहन पर रोकथाम के लिए



रेलवे पुलिस अभियान चला रही है। इसी के तहत वह टीम के साथ कोटा-मथुरा मेमो ट्रेन की जांच कर रहे थे। प्लेट फॉर्म नम्बर एक पर गार्ड लोभी के सामने दो युवकों के पास तीन बैग थे। सन्देह होने पर जांच की तो उनमें अफीम डोडा चूरा भरा था। आरोपियों से इसके परिवहन से सबंधित वैध दस्तावेज मांगे तो उन्होंने दस्तावेज होने से मना कर दिया। इस पर शहजाद व विष्णु को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ जब्त कर लिया। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच भरतपुर जीआरपी एसएचओ को सौंपी है।

### यह लोग थे टीम में शामिल

थानाधिकारी जीआरपी गंगापुरसिटी दलवीर सिंह, हेड कांस्टेबल रामेश्वर प्रसाद, कांस्टेबल दिलीप सिंह, नरेश कुमार, मनोज कुमार, मस्तराम, कांस्टेबल जीआरपी कोटा शेषकरण व धर्मसिंह शामिल रहे।

### कहां से लाए, कहां ले जाना था

सामान्य यात्रियों की तरह पैसेंजर ट्रेन में भारी मात्रा में मादक ओदर्थ आरोपी कहां से लेकर आए। इसे कहां सप्लाई करने वाले थे।

इसे लेकर एसएचओ दलवीर सिंह ने बताया कि यह जांच का विषय है।

# प्रज्ञा को पीएचडी की उपाधि

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** बनस्थली विद्यापीठ में गुरुवार को आयोजित 41 वें भव्य दीक्षांत समारोह में सवाई माधोपुर ब्रह्मपुरी कॉलोनी निवासी कु.प्रज्ञा गौतम को पीएचडी की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

उन्हें यह उपाधि उनके अंग्रेजी शोध रिप्रेजेंटेशन आफ नेचर -ह्यूमन रिलेशनशिप इन आशीष त्रिपाठीज शिवाट्रिलोजी टॉपिक में किए गए शोध पर प्रदान की गई ।

डॉक्टर प्रज्ञा की प्रारंभिक शिक्षा सवाई माधोपुर स्थित सेंटपॉल स्कूल से हुई, तत्पश्चात अंग्रेजी विषय में स्नातक-स्नातकोत्तर एवं पीएचडी तक की शिक्षा निरंतर वनस्थली




विद्यापीठ से अर्जित की। इस अवसर पर डॉ प्रज्ञा को समाज एवं परिवार का नाम रोशन कर डॉक्टरेट उपाधि अर्जित करने पर उनके पिता डॉ पुरुषोत्तम गौतम एवं माता ममता गौतम सहित सभी परिवारजनों शुभचिंतकों द्वारा हार्दिक अभिनंदन कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता रैली का आयोजन

## एडीएम ओ.पी. सहारण ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** राष्ट्रीय सडक् सुरक्षा माह (थीम परवाह (केयर)) जनवरी 2025 के अन्तर्गत शुक्रवार को आमजन को सडक् सुरक्षा संदेशों के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यालय क्षेत्राधिकार के वाहन डीलरों व कार्यालय कार्मिको के सहयोग से दुपहिया वाहनों की रैली का आयोजन किया गया। एडीएम ओमप्रकाश सहारण एवं एएसपी वैभव शर्मा ने रैली को कार्यालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिला परिवहन अधिकारी सुनील सैनी ने बताया कि जागरुकता रैली परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ करीब 50 मोटरसाईकिलों पर यातायात नियमों की जानकारी हेतु जिला परिवहन कार्यालय से रवाना होकर पूतली कट, बीडीएम जिला अस्पताल, मुख्य चौराहा, डाबला रोड़, कृपा का तिबारा से मुख्य चौराहा, अग्रेसन सर्किल, न्यायालय के सामने से होते हुये जिला परिवहन कार्यालय पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान जिला यातायात शाखा प्रभारी पुखराज मीणा समेत अन्य मौजूद रहे।

# खटाने के पुरा में पुराने विवाद में झगड़ा घर में घुसकर हमला, मां-बेटे घायल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** उपखंड के सदर थाना क्षेत्र के खटाने का पुरा गांव में पुराने जमीन विवाद को लेकर झगड़े का मामला सामने आई है। जिसमे हुए हमले में एक महिला सहित उसका पुत्र घायल हुआ है। घटना में घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया ह। वही चोटिल पुत्र को भी उपचार दिया गया है। जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के खटाने का पूरा गांव में एक ही परिवार के लोगों में पुराना जमीनी विवाद चल रहा है। जिसमें पूर्व में भी झगड़ा हो चुका है। जिसकी रिपोर्ट भी पुलिस में दर्ज कराई गई थी। बाद में ग्रामीण लोगों और रिश्तेदारों द्वारा मामले में राजीनामा करा दिया गया। शुक्रवार को झगड़े और हमले की घटना में घायल हुई महिला भूरो पत्नी मुंशी गुर्जर ने बताया कि आज सुबह जब घर पर बैठी हुई थी तो परिवार के ही देवर कृष्णा और विद्याराम ने आकर हमला बोल दिया। जिसमें लाठी-डंडों से उस पर प्रहार किए गए। जब वह चीखी चिल्लाई तो उसका बेटा हंसराम उसे बचाने आया। जिसको भी आरोपियों ने घायल कर दिया। बाद में आरोपी ग्रामीणों के आने पर मौके से भाग गए। ऐसे में घटना की सूचना सदर थाना पुलिस को दी है। परिजनों ने घायल भूरो पत्नी मुंशी गुर्जर को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं चोटिल हंसराम का भी उपचार दिया गया है। घटना को लेकर सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मिलावटी खाद पदार्थ पर कार्रवाही करें प्रशासन : तुलसी सोनी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** जिले में हो रही आमजन की स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही जिले में शहर में कचौड़ी समोसे वह खाद्य पदार्थ बेचने वाले तेल व सामग्री में मिलावट करके आमजन को खिलाई जा रहे हैं। स्वास्थ्य के प्रति गहरा असर हो रहा है हर आमजन द्वारा शिकायत मिल रही है चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अधिकारी के निर्देशन में खास सुरक्षा विभाग की टीम अलवर शहर के सभी समोसे कचौड़ी बेचने वाले तेल खाद्य पदार्थ का सैंपल लेने की कार्यवाही की जाए ,जो मिलावटी पुराने तेल में कचोरी समोसे बनाए जा रहे हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान लेकर तुरंत प्रभाव से विशेष कार्यवाही के तहत ऐसे दुकानदारों पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए। एक प्रेस नोट के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की महिला जिला अध्यक्ष तुलसी सोनी ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है। शहर अध्यक्ष संगीता सिंह व जिला उपाध्यक्ष ज्योति जी ने भी प्रशासन से आव्हान किया है कि ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाही हो।

# पुत्र ने किये अपने पिता के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शहर मे मकान म0 न0 127 श्री राम नगर, एनईबी के पीछे अलवर निवासी श्री भीमसेन ग्रोवर पुत्र स्वर्गीय खिलंदा राम ग्रोवर के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आर एस वर्मा ने बताया के श्री भीमसेन ग्रोवर के निधन के उपरांत नवीन आहूजा ने उनके नेत्रदान के लिए डॉक्टर श्रॉफआई डोनेशन सेंटर को फोन किया। तदउपरांत उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र तरुण ग्रोवर ने उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके ष्नेत्रदानष् कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

# घरेलू सिलेण्डरों को व्यासायिक उपयोग में लेने पर 6 सिलेण्डर जब्त किये

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर जिला रसद अधिकारी ने घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरुपयोग को लेकर की जा रही छापामार कार्यवाही के तहत आज 6 सिलेण्डरों को जब्त किया है। जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक ने बताया कि उदयपुर रोड़ स्थित सांखला नमकीन भंडार के प्रोपराइटर प्रिंस सांखला पुत्र सत्यनारायण सांखला के यहां से घरेलू एलपीजी के 6 सिलेंडर जब्त किये हैं। इन सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग हो रहा था। सिलेण्डरों को जिला कलेक्टर के समक्ष आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 ए में प्रस्तुत करते हुए छगनलाल पुत्र खरताराम मैसर्स ब्यावर गैस सर्विस ब्यावर को सुपुर्द किया गया।

# आयुष्मान आरोग्य शिविर में तंबाकू सेवन नहीं करने की ली शपथ

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** अमृत कौर चिकित्सालय ब्यावर द्वारा आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर में उपस्थित व्यक्तियों ने तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ ली। जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय और समझ शिक्षण संस्थान, ब्यावर द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त अभियान जिला ब्यावर के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय गहलोत के निर्देश पर यह शपथ समझ शिक्षण संस्थान के निदेशक अरविंद अग्रवाल ने दिलाई।

# पिछली सरकार की उपलब्धियां गिनवाकर क्रेडिट लेने का प्रयास कर रही है भाजपा सरकार : नेता प्रतिपक्ष जूली

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** राजस्थान विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत में हुए राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार को उपलब्धियां गिनाने में अभिभाषण में बहुत मेहनत नहीं करनी पड़ी क्योंकि ये हमारी सरकार की उपलब्धियां गिना दी गई।सोशल सिक्योरिटी पेंशन, इन्दिरा रसोई की थालियों की संख्या, नए मेडिकल कॉलेज खोलनेए नर्सिंग कॉलेज खोलनेए निशुल्क दवाएं, निशुल्क जांच, स्वास्थ्य बीमा, तमाम इंफ्रास्ट्रक्चर वर्क्स, आई-स्टार्ट स्टार्ट अप को सीड फंडिंग, 18 जिलों में दिन में कृषि बिजली, हर विधानसभा में 10 करोड़ रु की नॉन पैचेबल और मिसिंग लिंक सड़कें, जैसी उपलब्धियां कांग्रेस सरकार की हैं जिन्हें राज्यपाल ने बताया। जूली ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस सरकार ने राज्यपाल के मुख से कई ऐसी बातें कहलवाईं जो सच नहीं हैं। राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद से राजनीतिक बातें इस सरकार ने करवाईं जो दिखाता है कि उनके पद की गरिमा का भी ध्यान नहीं रखा। इस अभिभाषण में ऐसा लगा कि सरकार ने खुद के काम बताने की बजाय अनावश्यक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लेकर उनके सामने नंबर बनाकर अपनी गद्दी सुरक्षित करने की कोशिश की है। जूली ने कहा एक तरफ 350 बिलियन डॉलर इकॉनमी प्रदेश को बनाने की बातें हो रही हैं और प्रदेश का कर्ज 6 लाख करोड़ रु से पार हो गया है।राज्य का राजस्व कम हो रहा है और कर्ज एवं राजकोषीय घाटा बढ़ता जा रहा है यह अपने आप में विरोधाभासी है।

जूली ने कहा कि इआरसीपी की बात कही पर अभी तक किसी को नहीं पता है कि इस परियोजना से राजस्थान को कितना पानी मिलेगाए कितना पैसा लगेगा क्या होने जा रहा है। सरकार ने तो पूरी तरह राजनीति करने का प्रयास किया परन्तु राज्यपाल ने हमारी कांग्रेस सरकार की तारीफ की क्योंकि नवनेरा बांध का निर्माण कार्य हमारी सरकार के समय ही हुआ। कालीसिंध नदी पर करीब 1030 करोड़ की लागत से ये बांध बना है। राज्यपाल ने बताया कि 12,000 करोड़ रु का प्रावधान राज्य सरकार ने किया है वो भी हमारे सरकार के समय किया गया जब 2023-24 के बजट में ईआरसीपी के लिए 13,500 करोड़ रु का प्रावधान तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बिजली के क्षेत्र में क्या.क्या बातें गिनाईं गईं हम सब देख रहे हैं कि गांवए कस्बे तो छोडिए अब जयपुर में भी बिजली कटौती दिख रही है। हमारी सरकार के समय तमाम चुनौतियां आईं पर भले ही महंगी बिजली खरीदनी पड़ी हो पर संकट नहीं आने दिया। अक्षय ऊर्जा और सोलर ऊर्जा के मामले में राजस्थान हमारी सरकार के समय देश में नंबर 1 बना। जूली ने कहा कि सरकार ने अभिभाषण में पेपर लीक की बात की पर ये नहीं बताया कि सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को रद्द क्यों नहीं किया जा रहा है। राज्यपाल से सरकार ने कहलवाया कि कोई पेपर लीक नहीं हुआ जबकि आरयूएचएस के बीएससी नर्सिंग के पेपर लीक हो गए और 4 दिन तक इसे छिपाया गया जिससे किसी को पता ही न चले। जूली ने कहा कि मेडिकल एजुकेशन की बात की गई। 4-5 दिन पहले अखबार में छपा कि यूट्यूब से इन मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाया जा रहा है ऐसे क्या पढ़ाई होगी आप समझ सकते हैं। चिकित्सा व्यवस्था का पूरे प्रदेश में क्या हाल है वो रोज मीडिया के माध्यम से देखने में आ रहा है। कहीं दवाई नहीं है, कहीं डॉक्टर नहीं है, कहीं बच्चों को चूहे कुतर रहे हैं,कहीं गलत ब्लड ग्रुप का खून चढ़ा दिया जा रहा है।

# शहीद दिवस के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर में शहीद दिवस के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत विभाग द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र अलवर जिला युवा अधिकारी पंकज यादव के निर्देशानुसार खेल -कूद प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया गया।महात्मा गांधी शहीद दिवस के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम श्रीकृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति सचिव सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र के सामने माला पहनाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर तथा दो मिनट का मौन रखकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के प्रथम दिवस को नारायणपुर ग्राम पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में महिला वर्ग रस्सी-कूद एवं लंबी-दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लंबीकूद में प्रथम स्थान निशा सैनी पुत्री रामस्वरूप सैनी 10.9 फिट एवं द्वितीय स्थान रीना सैनी पुत्री जगदीश सैनी 9.10 फिट ने प्राप्त किया। वहीं रस्सी कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अन्नू शेखावत पुत्री गुगनसिंह शेखावत 121जम्प, द्वितीय स्थान रेखा प्रजापत पुत्री मुकेश कुमार प्रजापत 100 जम्प प्राप्त किया। विजेता व उपविजेता रस्सीकूद खिलाड़ियों को एक-एक डिजिटल रस्सी, प्रमाण पत्र तथा प्रतीक चिन्ह, शील्ड एवं लंबीकूद प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व शील्ड, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। द्वितीय दिवस को ग्राम पंचायत गढी मामोड़ के सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय में महिला वर्ग लंबीकूद व पुरुष वर्ग ऊंचीकूद का आयोजन करवाया गया जिसमें लम्बीकूद में रिंकी सैनी पुत्री रामवतार सैनी 3.58 मीटर विजेता, कुमकुम पुत्री कमलेश कुमार 3.49 मीटर उपविजेता, ऊंचीकूद में नीरज सैनी पुत्र सुभाष चन्द सैनी विजेता, डिम्पल सैनी पुत्र गिर्राज प्रसाद सैनी उपविजेता रहे। सभी खिलाड़ियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर उपाध्यक्ष भोमराज शर्मा, प्रहलाद सैनी, घनश्याम गुर्जर, ओमप्रकाश सैनी, दीपक शर्मा, रिंकू स्वामी, प्रकाश सैनी सहित आदि लोग मौजूद थे।

# पंचायत समिति के बाबू के सेवानिवृत होने पर हुआ सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समिति बानसूर में कार्यरत सहायक लिपिक दीपचंद ज्योतिषी का सेवानिवृती पर सम्मान हुआ। ज्योतिषि पंचायत समिति में चपरासी के पद पर भर्ती हुए थे। जो बाबू बनकर विदाई का सम्मान कर सेवानिवृत हो गए। इस मौके पर बोलते हुए ज्योतिषी ने कहा कि मैं चपरासी बनकर आया था बाबू बनकर जा रहा हूँ यदि मेरे कार्य मैं किसी भी तरह की त्रुटि मिली हो तो आज ही मुझे बताकर मुझे क्षमा करदें। इस मौके पर बोलते हुए अतिरिक्त विकास अधिकारी अजय वर्मा ने कहा कि दीपचंद के 36 वर्ष के सेवाकाल में किसी अधिकारी, कर्मचारी या जनप्रतिनिधि की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई उसके लिए मैं ज्योतिषी जी को धन्यवाद देता हूँ। उन्होंने कहा कि जिस तरह की सेवा दीपचंद बाबू ने दी है हम भी उसी तरह अपने कर्तव्य का पालन करते हुए सेवानिवृत हों। इस मौके पर प्रधान सुमन सुभाष यादव,पंचायत समिति क्षेत्र के समस्त कनिष्ठ लिपिक व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गुलाबी नगरी में कल होगा नागरिक अभिनंदन समारोह

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राष्ट्रीय एकात्मक यात्रा के तीसरे दिन सील प्रतिनिधियों को राजस्थान की ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण कराया गया। सबसे पहले उन्होंने अल्बर्ट हॉल म्यूजियम का अवलोकन किया जहां उन्होंने पुरातन काल में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों और युद्धकाल में प्रयुक्त शस्त्रों को देखा। इन प्राचीन वस्तुओं को देखकर प्रतिनिधियों ने इतिहास की गहराई को महसूस किया और गौरवशाली अतीत की झलक पाई। इसके पश्चात उन्होंने हवा महलए सिटी पैलेस और आमेर किले का भ्रमण किया। राजस्थान की इन धरोहरों को देखने के बाद सभी प्रतिनिधि इसकी समृद्ध संस्कृतिए सभ्यता और गौरवशाली इतिहास से प्रभावित हुए तथा उन्होंने इसे अद्वितीय और सर्वश्रेष्ठ बताया। जयपुर महानगर मंत्री सुशील कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि सील प्रतिनिधियों के सम्मान में कल गुलाबी नगरी में नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बेरवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री यज्ञावल्क्य शुक्ल मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगेए वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जयपुर प्रांत के प्रांत प्रचारक बाबूलाल की विशेष उपस्थिति कार्यक्रम में रहेगी। यह नागरिक अभिनंदन समारोह बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेज के सभागार में कल शाम 5 बजे आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल सील प्रतिनिधियों का स्वागत करना हैए बल्कि राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और एकात्मकता के संदेश को सुदृढ़ करना भी है। समारोह में विभिन्न गणमान्य व्यक्ति और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग भाग लेंगे।

# पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने मांगे दिल्ली में वोट

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव में सभी प्रमुख पार्टी ने अपना दम-खम लगा रखा है। सभी पार्टियों अपने प्रत्याशी को जीतने के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है। और पार्टियों द्वारा मतदाताओ के समक्ष विभिन्न प्रकार के वादे किए जा रहे हैं और अपनी पार्टी की खूबियां बनाई जा रही है।

इसी क्रम में पिछली राजस्थान सरकार में केबिनेट मंत्री रही शकुंतला रावत भी दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के लिए प्रचार कर रही है। उन्होने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में बतौर प्रचारक वजीरपुर के मतदाताओं से अपील कर डॉ रागिनी नायक लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा यहाँ से रागिनी नायक चुनाव जीती तो वजीरपुर की जनता के लिए नायक ही रहेगी खलनायक नहीं। रावत ने कहा कि यदि आपको मेरी बातों पर विश्वास नहीं हो रहा तो राजस्थान के विधानसभा क्षेत्र बानसूर में जाकर देखो कि शकुंतला रावत जो कहती है वह करवाती है। रावत ने वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में डॉ रागिनी नायक के समर्थन में प्रचार किया। इस मौके पर क्षेत्रीयों सहित अनेक गणमान्य कांग्रेस नेता मौके पर मौजूद रहे।

# स्वच्छता के तहत विजेताओं को सम्मानित किया गया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत आमजन को स्वच्छता के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को नंगली सर्किल के समीप बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतियोगिता समन्वयक नगर निगम की कनिष्ठ अभियंता कृति विजय की ओर से विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। प्रतियोगिता के दौरान प्रथम स्थान पर सांवरमल यादव, द्वितीय स्थान पर रविता कुमारी और तृतीय स्थान पर प्रिंस कुमार विजयी रहे। इस दौरान सभी विजेताओं को पुरुस्कार दिए गए। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाडि़यों को स्वच्छता के संबंध में संदेश दिया गया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े अथवा जूट के थैले का उपयोग करें ताकि पर्यावरण संरक्षित रहे।

# जिले के एमओयू के क्रियान्वयन में गति लायें, निवेशकों के साथ समन्वय रखते हुए समयबद्ध कार्य पूर्ण करें अधिकारी : जिला कलक्टर

## राइजिंग राजस्थान के तहत किए गए एमओयू के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में राइजिंग राजस्थान के तहत जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट के दौरान एवं राज्य स्तर पर निष्पादित किए गए एमओयू की प्रगति की समीक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि राईजिंग राजस्थान के अन्तर्गत किये एमओयू के तहत भूमि संबंधित प्रकरण, कनवर्जन, विद्युत आपूर्ति एवं एनओसी के कार्यों का प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने एमओयू से संबंधी विभाग को निर्देशित करते हुये कहा कि निवेशक से बेहतर समन्वय करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करें एवं समयबद्ध कार्य प्रारम्भ करवाने के प्रयास करें। जिला कलक्टर ने संबंधित विभाग से एमओयू की वन टू वन संपर्क कर कैटेगरी ए, बी, सी, माइल स्टोन - 1,2,3,4,5, और टास्क असाइन संबंधित अपडेट राजनिवेश पोर्टल पर करने के निर्देश दिए और एमओयू धारक को आवश्यक भूमि के लिए संबंधित क्षेत्र एवं विभाग में नियमानुसार आवेदन कराने के लिए जागरूक करने को कहा। उन्होंने कहा कि भूमि उपलब्धता, भू-रूपांतरण, सीएलयू पेंडेंसी का शीघ्र निस्तारण करते हुए भूमि विजिट एवं आवंटन संबंधी प्रगति भी पोर्टल पर अपडेट करें। जिला कलक्टर ने विभागों को मिले टास्क का राजस्थान लोक सेवाओं की गारंटी अधिनियम-2011 की समयबद्धता से निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की रीको, कृषि, खनिज, शिक्षा, आरएलडीसी, स्वायत शासन विभाग, विद्युत एवं चिकित्सा विभाग कैटेगरी निर्धारित कर शीघ्र प्रारंभ होने वाले एमओयू को कैटिगरी में रखते हुए उनसे निरन्तर संपर्क में रहकर प्रगति की अपडेट करते रहे। महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र भिवाड़ी एस एस खोरिया ने गत बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विभाग वार प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में राजनिवेश पोर्टल के अनुसार कुल 255 एमओयू, जिनसे 57 हजार करोड़ निवेश और जिले में लगभग डेढ़ लाख रोजगार सृजित होगा। अभी तक प्रगति के अनुसार 130 एमओयू धारकों के पास भूमि की उपलब्धता है, 40 एमओयू निर्माणाधीन हैं और 35 यूनिट्स में उत्पादन प्रारंभ भी हो चुका है। बैठक में नगरपरिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक रीको नीमराना राहुल भट्ट, एसआरएम घिलोट एस आई हसन, संयुक्त निदेशक कृषि महेंद्र जैन, कृषि उपज मंडी सचिव प्रीति शर्मा, एसई जेवीवीएनएल, शिक्षा विभाग, आरएस एलडीसी प्रतिनिधि सहित जिला उद्योग अधिकारी उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर, चालक की मौत

बढ़ता राजस्थान



**केशोरायपाटन ( नि.स. )।** कोटा लालसोट मेगा हाइवे पर देंईखेड़ा में अस्पताल के पास रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक चालक देंईखेड़ा निवासी राजकुमार मीणा की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक बाइक सवार अपनी बाइक से गांव की ओर लौट रहा था इसी दौरान कोटा से सवाईमाधोपुर जा रही रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# टोपा गांव में किया जागरूकता कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** ग्रांम टोपा में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में सर्वमंगल ग्रांमीण विकास संस्थान के द्वारा चार्ट पेपर में किसानों ने खेती में आने वाली समस्याओं को चार्ट पेपर अभ्यास के द्वारा साझा किया गया और खेल गतिविधि के माध्यम से किसानों को एकजुट होकर किसान प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से अपनी खेती के लिए आदानो जिसमें बीज, खाद, कीटनाशक, सिंचाई के पाइप, कृषि यंत्र एवं अपने उत्पादन को सामूहिक रूप से बाजार में ले जाकर बेचने के फायदों के बारे में जानकारी दी गई । साथ ही किसानों को थ्व्व् से जुड़ने के बारे में जानकारी दी जिसमें किसानों को सामूहिक रूप से कृषि कार्य कर अपनी आमदनी बढ़ा सकें।इस जागरूकता कार्यक्रम में प्रोड्यूसर कंपनी के सदस्यों के द्वारा किसानों को प्रोड्यूसर कंपनी के बारे में भी जानकारी दी गई जिसमें प्रोड्यूसर कंपनी बनाने का उद्देश्य और उसके कार्यों के बारे में बताया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में 29 किसानों ने भाग लिया।

# 'एन इवनिंग ऑफ म्यूजिक अनप्लग्ड' में प्रसिद्ध गायक एवं संगीतकार क्षितिज तारे की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति पर झूम उठे दर्शक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** सृजन द स्पार्क कोटा चैप्टर द्वारा 'एन इवनिंग ऑफ म्यूजिक अनप्लग्ड' कार्यक्रम का भव्य आयोजन गुरुवार को शौर्य घाट, चम्बल रिवर फ्रंट पर आयोजित किया गया। इस संगीतमयी संध्या में प्रसिद्ध गायक एवं संगीतकार क्षितिज तारे ने अपनी सुरीली आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे समय वह दिलकश आवाज से संगीत प्रेमियों को सम्मोहित करते रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ वीएमओयू के कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी एवं सेवानिवृत्त आईपीएस प्रसन्ना खमेसरा के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। कोटा चैप्टर अध्यक्ष डॉ. विजय सरदाना एवं सचिव संजीव अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संरक्षक गोविंद माहेश्वरी, प्रेम भाटिया, सचिव संजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिमेष जैन, अमित बंसल, कोषाध्यक्ष विकास अजमेरा, सहसचिव अजय जैन, शिव शक्ति, को-ऑर्डिनेटर कपिल सिद्धार्थ सहित शहर के सैकड़ों संगीत प्रेमियों ने देर रात तक एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

## ब्रायन सिलास 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित



**ब्रायन सिलास 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित :** कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पियानो वादक ब्रायन सिलास को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। उपाध्यक्ष अनिमेष जैन ने बताया कि ब्रायन सिलास को शॉल व माला पहनाकर, श्रीफल सहित 51 हजार रुपए भेंट किए गए। ब्रायन सिलास को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है।

**संगीत प्रेमियों के लिए अविस्मरणीय संध्या :** कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। उपस्थित दर्शकों ने न केवल संगीत का भरपूर आनंद लिया, बल्कि इस अनूठी पहल की सराहना भी की।पूरे कार्यक्रम में सृजन द स्पार्क कोटा चैप्टर की पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस यादगार संगीतमयी शाम के सफल आयोजन के लिए सचिव संजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिमेष जैन,अमित बंसल, कोषाध्यक्ष विकास अजमेरा, सहसचिव अजय जैन, शिव शक्ति, को-ऑर्डिनेटर कपिल सिद्धार्थ सहित सभी को विशेष धन्यवाद दिया गया।

## देश व दिलो की दूरी कम करता है संगीत

अंत में चैप्टर अध्यक्ष डॉ. विजय सरदाना ने कहा, यह कार्यक्रम केवल एक संगीतमयी प्रस्तुति नहीं था, बल्कि संगीत की विरासत को सम्मान देने का एक सुनहरा अवसर भी था। कोटा के संगीत प्रेमियों ने इस शाम का भरपूर आनंद लिया। उन्होंने कहा, कोटा चैप्टर के गठन के बाद कई सफल कार्यक्रम पेश किए गए हैं। सृजन द स्पार्क के कोटा चैप्टर के संरक्षक प्रसन्न कुमार खमेसरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगीत देश व दिलों की दूरियां मिटाता है। भारत में कई ख्याति प्राप्त विदेशी कलाकार हैं तो भारतीय गायक भी विदेशों में अपना लोहा मनवा रहे हैं। सृजन के विदेश में 3 चैप्टर संचालित हैं। संगठन ने विदेश में दुबई और कनाडा तथा संयुक्त राज्य अमेरिका में 3 चैप्टर स्थापित करके मील का पत्थर स्थापित किया है।

# जिला कलेक्टर ने कोचिंग स्टूडेंट्स को मोटिवेट करते हुए कहा-जिंदगी खूबसूरत है, इसे तनाव में न उलझाएं

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी लगातार अलग-अलग कोचिंग इंस्टीट्यूट्स में जाकर स्टूडेंट्स को मोटिवेट कर रहे हैं। तनाव से लड़ने के गुर सिख रहे हैं तो कामयाबी के टिप्स भी दे रहे हैं। 'कामयाब कोटा' और 'कोटा केयर्स' पहल के तहत जिला कलेक्टर डॉ. गोस्वामी इस प्रकार छात्र-छात्राओं से लगातार सीधा संवाद कर रहे हैं। इस दौरान कोचिंग स्टूडेंट्स भी अपनी शंका, भय और असफलताओं के बारे में खुलकर बात कर रहे हैं।

## सरल शब्दों में समझाई आइजेन हॉवर मेट्रिक्स

जिला कलेक्टर ने आइजेन हॉवर मेट्रिक्स को सरल शब्दों में समझाते हुए कहा- परीक्षा में और जीवन में क्या करना है, इससे अधिक महत्वपूर्ण है कि क्या नहीं करना है। जब यह स्पष्ट हो जाता है तो सफलता निश्चित होती है। परीक्षा पैटर्न में बदलाव पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि किसी भी बदलाव का प्रभाव सभी छात्रों पर समान रूप से पड़ता है, इसलिए इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है।

## मॉक टेस्ट से सीखें और असफलता से घबराएं नहीं

कलेक्टर ने कहा- परीक्षा से कुछ महीने पहले से ही नियमित मॉक टेस्ट देने और विशिष्ट प्रश्नों को हल करने की आदत डालनी चाहिए। और यदि मॉक टेस्ट या कक्षा में प्रदर्शन अच्छा नहीं आ रहा, तो घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यही गलतियां वास्तविक परीक्षा में सुधार में मदद करेंगी।

## माता-पिता से संवाद बनाए रखें

जिला कलेक्टर ने स्टूडेंट्स से अपने माता-पिता के साथ संवाद बनाए रखने की अपील की और कहा कि हर छात्र को दिन में कम से कम एक बार अपने परिवार से अवश्य बात करनी चाहिए, क्योंकि माता-पिता ही उनके सबसे बड़े शुभचिंतक होते हैं। और उन्होंने स्टूडेंट्स को प्रेरित करते हुए कहा कि जिंदगी खूबसूरत है, इसे तनाव में उलझाने की आवश्यकता नहीं है।

## सफलता के लिए मेहनत और सही रणनीति जरूरी



## सफलता के लिए अनुशासन अत्यंत आवश्यक

जिला कलेक्टर ने इसी क्रम में एक कोचिंग इंस्टिट्यूट में स्टूडेंट्स को प्रेरित करते हुए कहा- जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अपने खुद के अनुभव साझा करते हुए बताया कि पीएमटी के पहले प्रयास में असफल होने के बाद उन्होंने आत्ममंथन किया और यह समझा कि सिर्फ मेहनत ही नहीं, बल्कि सही रणनीति भी सफलता के लिए आवश्यक है। उन्होंने परीक्षा की तैयारी के लिए पुराने प्रश्न पत्रों और सिलेबस का विश्लेषण कर महत्वपूर्ण टॉपिक्स पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

# दुकानदार पर फायरिंग मामले में राजपूत समाज ने दिया थाना अधिकारी को ज्ञापन

## कहा- अब तो कोटा में रोजगार करने में डर लगने लगा, सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर परेड निकाली जाए

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** महावीर नगर थाना इलाके में 26 जनवरी की रात को हुई फायरिंग मामले में राजपूत समाज ने थानाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें अन्य बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि महावीर नगर थाना इलाके में जीएडी सर्कल के पास 26 जनवरी की रात चाय का ठेला लगाने वाले दुकानदार पर फायरिंग की वारदात हुई थी। इस मामले में पुलिस ने अब तक एक बदमाश को ही गिरफ्तार किया है। समाजसेवी ईश्वर सिंह तंवर ने कहा कि जीएडी सर्किल पर राजपूत समाज के दो युवकों पवन सिंह हाड़ा व उनके भाई पर गोली चलाकर हुए जानलेवा हमले से समाज में गहरा रोष व्याप्त है। इस वारदात के विरोध में राजपूत समाज के लोग महावीर नगर थाने पहुंचे और थाना अधिकारी राजेश कविया से मिल कर बताया कि पीड़ित परिवार में 4 बहनें व 2 भाई हैं। इनमें से एक भाई चाय की थड़ी लगता है और दूसरा भाई फास्ट फूड का ठेला लगाता है। ये गणेश नगर इलाके में किराये के मकान में रहते हैं। तंवर ने थाना अधिकारी से अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने तथा उनका रिमांड लेकर सड़क पर परेड निकालने की मांग की।

**बोले- कोटा में रहने में डर लगने लगा :** रायुफा के अध्यक्ष शम्भू सिंह कानावत ने कहा की इस घटना से राजपूत समाज एवं अन्य सभी समाजों में गहरी नाराजगी है। अपराधी खुले आम निर्दोष लोगों के साथ इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जो सोचने की बात है। पीड़ित परिवार का एक घायल बेटा जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। दूसरा भाई उसकी सेवा कर रहा है। उन्हें अब कोटा में रहने और रोजगार करने में भी डर लगने लगा है। कानावत ने कहा कि अपराधियों की अगर जल्दी गिरफ्तारी नहीं की गई तो कोटा में समाज के द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। महावीर नगर थाना अधिकारी रमेश कविया ने बताया कि एक आरोपी को 27 जनवरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। इसके लिए हमने टीमें बनाई हुई हैं, जो लगातार अलग-अलग इलाकों में दबिश दे रही हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**यह था पूरा मामला :** इस मामले में रणजीत सिंह ने महावीर नगर थाने में 26 जनवरी की रात 10.30 बजे रिपोर्ट दी थी।



इसमें कहा गया था कि जीएडी सर्किल पर मेरी चाय की दुकान पर स्विफ्ट कार में सवार पांच व्यक्ति आए। इन्होंने कार में बैठे-बैठे ही मुझसे सिगरेट मांगी। मैंने सिगरेट कार में ले जाकर नहीं दी तो उन लोगों ने मेरे व मेरे भाई पवन सिंह हाड़ा के साथ मारपीट की और जान से मारने की नीयत से एक युवक ने हमारे ऊपर फायरिंग कर दी ?। इससे मेरे भाई पवन सिंह हाड़ा के सीने के बांये तरफ गोली लगी। इसके बाद आरोपी कार लेकर फरार हो गए। घायल भाई को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। वहां उसका इलाज चल रहा है।

# बिजली कर्मचारियों के आंदोलन को 100 दिन पूरे हुए

## एक घंटे काम का बहिष्कार कर थर्मल गेट पर किया प्रदर्शन, निजीकरण रोकने की मांग पर अड़े



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राजस्थान के थर्मल प्लाटों के जॉइंट वेंचर (निजीकरण) के विरोध में राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम अभियंता कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का आंदोलन जारी है। पिछले 99 वें दिनों से थर्मल के कर्मचारी रोज एक घंटे कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। आज आंदोलन के 100वें दिन थर्मल के इंजीनियर्स व कर्मचारियों ने थर्मल गेट के बाहर आक्रोश रैली निकालकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने थर्मल प्लांटों का निजीकरण रोकने की मांग की। थर्मल के इंजीनियर्स व कर्मचारियों ने थर्मल गेट के बाहर आक्रोश रैली निकालकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक राकेश गुप्ता व प्रदेश प्रवक्ता विरेन्द्र कश्यप ने बताया कि कर्मचारियों की मांग पर अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक ने विद्युत विभाग में ओल्ड पेंशन योजना लागू करने की घोषणा की थी। साथ ही प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया था कि जनवरी के दूसरे सप्ताह में कर्मचारी संगठनों के साथ वार्ता की जाएगी, लेकिन कर्मचारियों के साथ विश्वासघात किया गया। आज तक उन्हें वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया। कर्मचारियों के साथ वादा खिलाफी कर छबड़ा थर्मल को जॉइंट वेंचर में चलाने के लिए कागजी कार्रवाई को अंतिम रूप दे दिया गया। गुप्ता ने कहा अगर संघर्ष समिति को जल्द ही बातचीत के लिए नहीं बुलाया गया तो राजस्थान के सभी पावर प्लांट में आंदोलन को उग्र किया जाएगा।

# नवपदस्थापित साक्षरता ब्लॉक समन्वयक का किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** शिक्षक संघ राष्ट्रीय नैनवां शाखा प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नवपदस्थापित साक्षरता ब्लॉक समन्वयक लड्डूलाल मीणा को माला व संघटन का उपरना पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया।ब्लॉक कॉर्डिनेटर लड्डूलाल ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को नई ऊर्जा के साथ संबलन प्रदान करना व प्रत्येक विद्यालय को सहयोग प्रदान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस दौरान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुगनचंद मीणा,अध्यक्ष पंकज जैन, शिक्षको के प्रधान रामपाल मीणा, दुर्गाशंकर मीणा,हनुमान माहुरआदि मौजूद रहे।

# बालिका सीनियर सैकण्ड्री स्कूल में हुआ वार्षिकोत्स एंव भामाशाह सम्मान समारोह

## ट्यूबवेल लगाने की चैयरमैन की घोषणा, भामाशाहो दिये 59500 रूपये

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** शहर के गढ़पैलेस में स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नैनवां में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसकी मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता नागर व महेंद्र नागर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश बुनकर एवं अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल गोयल ने की। विद्यालय में इस अवसर पर शिक्षाविद भवानी सिंह सोलंकी, डॉक्टर गुलजार अहमद,समाज सेवक जयकुमार जैन, पार्षद पुखराज ओसवाल, समाजसेवी विनोद मारवाड़ा, ब्लॉक साक्षरता कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर लड्डु लाल मीणा, विजय सिंह हाड़ा ने कार्यक्रम में शिरकत की । कार्यक्रम में विद्यालय में प्रत्येक कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष सरिता नागर ने विद्यालय में ट्यूबवेल लगवाने की घोषणा की जिससे समस्त स्टाफ और बालिकाओं में खुशी की लहर दौड़ गई, विभिन्न भामाशाहों द्वारा विद्यालय विकास में 59500 रुपए की राशि एकत्रित की गई। कार्यक्रम संचालन रवि प्रकाश पालीवाल द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और समस्त स्टाफ सदस्यों को सम्मानित कर गौरवान्वित किया।कार्यक्रम में विनोद कुमार सैनी डॉक्टर फरनाज सिद्दीकी, राजाराम मीणा,सुगन चंद मीणा, रुचिका वर्मा, संतोष प्रजापत सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।



# गणतंत्र दिवस के पारितोषिक भैया बहनों को दिए




बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** विद्या भारती विद्यालय श्री राम बाल विद्या मंदिर भैंसरोड़गढ़ विद्यालय में सुक्रवार को प्रार्थना सभा में गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में 130 भैया बहनों ने भाग लिया जिसमें शारीरिक प्रदर्शन पीटी परेड अंग्रेजी भाषण नृत्य कविता संस्कृत भाषण समूह गीत इत्यादि में भैया बहनों ने भाग लिया और जिनको पुरस्कृत किया गया। और इस अवसर पर वरिष्ट आचार्य गोविंद सोनी का जन्म दिवस भी मनाया गया विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव रोहित कुमार जैन प्रधानाचार्य भूपेंद्र कुमार शर्मा गोविंद सोनी अनीता हाडा भाग्यवंती कानावत निशा वैष्णव सीमा गोड़ रेखा वैष्णव चंदा मेहर राधे शर्मा खुशबू जंगम आशा सुथार पूजा दमामी प्रीति पुरोहित मंजू सेन रतन मेघवाल राजू मोहम्मद भोजराज भील किशन लाल गुर्जर उपस्थित रहे।

# कोटा ग्रामीण पुलिस की बड़ी उपलब्धि, 32 लाख रुपए के 162 मोबाइल फोन रिकवर कर मालिकों को लौटाए

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** कोटा ग्रामीण पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड अभियान के तहत गुम व चोरी हुए 162 मोबाइल फोन रिकवर कर उनके मालिकों को वापस लौटा दिया। खोए हुए मोबाइल पाकर मालिकों के चेहरे खिल उठे। ये सभी मोबाइल कोटा ग्रामीण के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गुम व चोरी हुए थे। इनमें से ज्यादातर मल्टी मीडिया मोबाइलों को दूसरे व्यक्तियों द्वारा उपयोग किया जा रहा था। साइबर सेल की टीम ने इन मोबाइलों को ट्रेस कर रिकवर किया। इन मोबाइल फोन की कीमत 32 लाख 40 हजार रुपए बताई गई है।ये सभी मोबाइल साल 2023 से जनवरी 2025 के बीच गुम या चोरी हुए थे। इनमें से ज्यादातर फोन रामगंजमंडी व कैथून थाना क्षेत्र के थे।

**एसपी ने बताया ऐसे रिकवर किए फोन :** ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत ग्रामीण पुलिस ने पहले गुम व चोरी हुए मोबाइलों का डाटा प्राप्त किया। साइबर सेल की टीम ने एक महीने में इन मोबाइलों को ट्रेस किया। ये गुम हुए मोबाइल राजस्थान के अलावा अन्य राज्यों में यूज किए जा रहे थे। इन्हें टीम ने रिकवर किया। अभी 100 शिकायतें और पेंडिंग हैं। इन्हें भी जल्द रिकवर करेंगे।

# रक्तदान शिविर में 49 यूनिट रक्त संग्रह, नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 543 व्यक्तियों का स्वास्थ्य जांचा

## स्व. ओम प्रकाश कोठारी की 52 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर हुआ यह आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** लायंस क्लब कोटा साउथ, महाविद्यालय एनएसएस इकाई रेड रिबन क्लब तथा सुधा ब्लड बैंक सुधा हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को ओम कोठारी संस्थान में स्व. ओम प्रकाश कोठारी की 52 वीं पुण्यतिथि पर सात दिवसीय एनएसएस केम्प के तहत रक्तदान शिविर एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 49 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों व आसपास की अनंतपुरा व बरड़ा बस्ती के 543 लोगों ने विभिन्न नि:शुल्क जांचों व परामर्श का लाभ उठाया। लायंस क्लब कोटा साउथ के अध्यक्ष किशन गुप्ता ने बताया कि फिजिशियन डॉ. जीडी रामचंदानी, स्त्री रोग विशेषज्ञ हिमानी विजय, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित नंदवाना, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. निकिता जोशी, एक्यूप्रेशर डॉ. राजकुमार सोनी, साइकोलॉजिस्ट डॉ. शिवांगी निषाद ने सेवाएं दीं।

इनके अलावा फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर, ऑर्थोपेडिक्स की सेवाएं भी उपलब्ध थीं। इस दौरान 103 लोगों ने रक्त जांच व शुगर जांच का लाभ उठाया। इसके अतिरिक्त 116 लोगों ने आदित्य बिरला की तरफ से लगे हुए एम पावर मेटल हेल्थ कंसल्टेंसी में अपने मानसिक स्वास्थ्य से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां व परामर्श का लाभ उठाया।



इस दौरान लायंस क्लब कोटा साउथ के अध्यक्ष किशन गुप्ता, महाविद्यालय के डायरेक्टर अमित राठौड़, प्रिंसिपल डॉ. गीता गुप्ता, सचिव सुधा शर्मा, प्रतिभा गुप्ता, विजेंद्र व्यास, निशा धूत, अनामिका राठौर, जीपी मूंदड़ा, एसके विजय, कमलेश शर्मा, प्रीति जासू, वीपी आहूजा, अतुल व्यास मौजूद रहे। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को लायंस क्लब कोटा साउथ द्वारा आकर्षक उपहार दिए गए।



# फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान आयुक्त के आदेशानुसार शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय एवं डॉ. गौरव कपूर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भरतपुर के निर्देशानुसार दिनांक 31.01.2025 को कस्बा रुदावल, जिला भरतपुर में फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया गया। इस शिविर में खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन बनाए गये जिसमें 9 रजिस्ट्रेशन एवं 17 लाइसेंस के आवेदन प्राप्त हुये। शिविर में आए हुए खाद्य कारोबारकर्ता/व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एंव विनियम 2011 में निहित प्रावधानों एवं उपबंधो की जानकारी दी गई। मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब वाहन द्वारा आमजन को सुरक्षित खाद्य पदार्थों के संदर्भ में जागरूक किया गया। साथ ही खाद्य कारोबारियों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ बेचने, खाद्य पदार्थों को ढक कर रखने व साफ-सफाई का समुचित ध्यान रखने के संबंध में निर्देशित किया गया इस शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री महेश कुमार शर्मा व रूपसिंह आदि मौके पर मौजूद रहें।

### सायबर ठगी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

# कब्जे से तीन एण्ड्रोईड मोबाईल फोन, 4 फर्जी सिम कार्ड, 3 ए.टी.एम. कार्ड व एक क्रेटा गाडी जब्त

## सायबर ठगी से कमाए गये 45,050 रुपये भी बरामद

बढ़ता राजस्थान



**जुरहरा/डीग/ भरतपुर (रेखचन्द्र भारद्वाज)।** स्थानीय थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गुरुवार की देर शाम को ग्राम बमनवाडी-सहसन की नहर की पटरी पर सायबर ठगी कर रहे आरोपी हैदर अली पुत्र कमालुद्दीन जाति मेव उम्र 24 साल निवासी ग्राम रायपुरी थाना नूंह सदर जिला नूंह हरियाणा, इखलाख पुत्र उस्मान जाति मेव उम्र 26 साल निवासी ग्राम सराय खटैला थाना मुण्डकटी जिला पलवल हरियाणा व मलकीतसिंह पुत्र गुरमेज सिंह जाति रायसिख उम्र 30 साल निवासी ग्राम सहसन थाना जुरहरा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 फर्जी मोबाइल फोन, 4 फर्जी सिम कार्ड, 3 ए.टी.एम. कार्ड तथा सायबर ठगी के अपराध में प्रयुक्त एक क्रेटा गाडी जब्त की है। जुरहरा थानाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि मुल्जिम हैदरअली की इत्तला पर सायबर ठगी से कमाये गये 45,050 रूपये भी बरामद किये गये हैं। थाना अधिकारी ने बताया कि मुल्जिमान के खिलाफ मामला दर्ज कर उनसे पूछताछ कर जांच की जा रही है।

### सरकारें किसानों की नहीं सुनती

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी से बढ़ेगी बेरोजगारी : पंडित रामकिशन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** सिंचाई पानी से जुड़े मुद्दों को लेकर शुक्रवार को निकटवर्ती ग्राम पिचूना और बहरावली मदरियापुरा में अनेक गाँवों के किसानों की सभा आयोजित हुई जिसमें सभी किसानों ने पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा करने तथा बाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने की सरकार से माँग की। किसानों ने एकजुट होकर इआरसीपी-पीकेसी के प्रथम चरण में ही भरतपुर की सूखी पड़ी नदियों को जोड़कर पानी पहुंचाने की जरूरत बताते हुऐ कहा कि बगैर पानी के स्थाई समाधान के खेती बर्बाद हो रही है। सभी किसानों ने तय किया कि अगर जरूरत पड़ेगी तो सभी मिलकर पानी और रोजगार के लिये संघर्ष करेंगे। जनसभा में भरतपुर के पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि आजादी मिलने के बाद देश भर में अधिकांशतय गरीब परिवारों के लोग सरपंच से लेकर लोकसभा तक के चुनावों में करीब तीन दशक तक जीत कर आते रहे थे लेकिन आज भ्रष्ट्राचार के कारण चुनाव इतने मंहगे हो गये है कि अधिकांश लोग तो अब चुनाब लड़ ही नहीं सकते। देश में चुनाव सुधारों की जरूरत है और अधिक धन बल खर्च करने बालों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिये तथा जनता को भी चुनावों में ज्यादा खर्च करने बालों को हराना चाहिये। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को लेकर लोगों को अधिक पैड़ लगाने चाहिये तथा प्लास्टिक का उपयोग भी बंद करना चाहिये क्योंकि प्लास्ट्रिक भूमि को उपजाऊ नहीं होने देती तथा पशुओं के स्वास्थ्य को भी खराब कर रही है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी से देश में भारी बेरोजगारी बढ़ सकती है, केन्द्र सरकार को इसे लागू करने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिये और पहले इसके लाभ हानी पर विचार करना जरूरी है। किसान नेता इन्दल सिंह ने भरतपुर जिले में नौजवानों को रोजगार देने के लिये प्रदूषण रहित छोटे उद्योग धन्धे लगाने तथा खेती के लिये सिंचाई के पानी का प्रबंध करने की सरकार से माँग की। उन्होंने कहा कि हम वर्ष 2007 से लगातार पानी के लिये संघर्ष कर रहे है और अगर जरूरत होगी तो पानी के लिये आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। किसान नेता



इन्दल सिंह ने कहा कि पानी की योजना इआरसीपी - पीकेसी मंजूर हो गई है अब कार्य तेजगति से होना चाहिये। सम्पूर्ण जिले में सिंचाई और पीने के पानी का संकट है। उन्होंने सरकार से इआरसीपी के हुऐ समझौता को सार्वजनिक करने की माँग करते हुऐ भरतपुर जिले को सिंचाई पानी और पेयजल की व्यवस्था प्रथम चरण में एक साथ करने की माँग की। उन्होंने सम्पूर्ण भरतपुर और डीग जिले के बर्बाद पड़े पुराने सिंचाई सिस्टम को भी दुरुस्त करने एवं इन जिलों में नये और अतिरिक्त बाँध बनाने की भी जरूरत बताई। किसानों में जनसभा में कहा कि पानी के मुद्दे पर पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह जाट ही लम्बे समय से संघर्ष कर रहे है बाकी अन्य पार्टीयों के अधिकांश छोटे बड़े राजनेता सभी चुप्पी साधे बैठे है, ऐसे चुप रहने बाले नेताओं को भी पानी की आवाज उठानी चाहिये पानी किसी एक जाति धर्म की जरूरत नहीं है, पानी सभी की बड़ी आवास्यकता है। सभा में किसान नेताओं का स्वागत किया गया। सभाओं को पूर्व जिला परिषद सदस्य रामबाबू धाकड़ बीरमपुरा, सतीश पीपरी, रामकेश पटैल, छोटे लाल मिलकपुर, भूदेव शर्मा, झम्मन लाल, भूदेव बन्धा, सीता राम शर्मा, दुलीचन्द शर्मा, अशोक शर्मा, सुरेश उपाध्याय, कुन्ज बिहारी बहरावली, गंगाराम, विष्णु तिवारी, जगदीश सैकर्टी, दशरथ सिंह, तुलाराम ने अपने विचार प्रकट किये। पिचूना की सभा की अध्यक्षता सरपंच विष्णु दत्त महाकरिया और बहरावली की सभा की अध्यक्षता मोती लाल कुशवाह ने की जबकि संचालन कुंजबिहारी शर्मा और युवा नेता सतीश मीणा पीपरी ने किया।

# देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना पहुंचे बयाना

## छात्रावासों का औचक निरीक्षण, छात्राओं से पेड़ लगाने पर जोर दिया

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर( सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना छात्रावासों का निरीक्षण करने बयाना आए। भड़ाना ने शुक्रवार को बयाना में देवनारायण योजना के तहत संचालित विभिन्न छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने देवनारायण राजकीय कन्या महाविद्यालय, अलापुरी स्थित देवनारायण राजकीय आवासीय बालिका स्कूल, दुष्यंत सीनियर सेकेंडरी स्कूल और राजेश पायलट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रावासों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान भड़ाना ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर खान-पान की गुणवत्ता, रसोई, बाथरूम और टॉयलेट की स्वच्छता का जायजा लिया। उन्होंने छात्राओं को एक अनूठी प्रेरणा देते हुए परिसर में अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने का आग्रह किया। बोर्ड अध्यक्ष ने युवाओं को कड़ी मेहनत कर लक्ष्य प्राप्ति और समाज की कुरीतियों को दूर करने में योगदान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण और उनकी आर्थिक सुरक्षा के लिए अच्छी शिक्षा और उत्तम विकास बहुत आवश्यक है, जिसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में तहसीलदार अंकुर जैन, छात्रावास अधीक्षक योगेंद्र तिवारी, पानादेवी मीना, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह और समाज कल्याण विभाग भरतपुर के रामरतन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय के कार्यालय उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय)।** भरतपुर जिले के नदबई मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय के कार्यालय का विधिवत शुभारंभ हुआ ,,शुभारंभ समारोह में शामिल हुए नदबई विधायक माननीय कुंवर जगत सिंह जी जी सुपुत्र कुंवर हिम्मत सिंह एवं भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ।मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय के कार्यालय उद्घाटन समारोह में नदबई के लोकप्रिय विधायक माननीय कुंवर जगत सिंह जी के सुपुत्र कुंवर हिम्मत सिंह जी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा जी के मुख्य आतिथ्य में फीता काटकर सम्पन्न हुआ। जिसमें विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री रज्जन सिंह जी,उपप्रधान श्री भूपेंद्र फौजदार जी, न पा अध्यक्ष श्रीमति हरवती सिनसिनवार जी, उपाध्यक्ष श्री मति पुष्पा उपाध्याय जी, श्री अशोक उपाध्याय जी, श्री अरब सिंह जी, विधायक निजी सचिव सत्येंद्र सिंह उर्फ गुड्डू जी रहे। अतिथियों का माला,दुपट्टा, फेंटा और तस्वीर भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। अध्यक्षता शहर मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने की। कुंवर हिम्मत सिंह द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में सभी को अवगत कराया और कहा कि मैं और मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय दोनों मिलकर संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करूंगे। युवा कार्यकर्ताओं को जोड़ने और पार्टी के विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने भाजपा की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। नदबई में विकास को प्राथमिकता देना रहेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि सभी पार्टियां परिवारों की पार्टी बन गई हैं। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जहां पार्टी ही परिवार है। जिला उपाध्यक्ष रज्जन सिंह महुआ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जो कहती है वह करती है। राम मंदिर, धारा 370 और ट्रिपल तलाक यह पार्टी के महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कार्य है। मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने कार्यालय उद्घाटन में नदबई शहर एवं ग्रामीण परिवेश से आशीर्वाद देने पधारे समस्त गणमान्य बुर्जुग शक्ति, महिला शक्ति एवं युवा शक्ति सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा। मेरा उद्देश्य पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना और भाजपा परिवार को मजबूती प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन बद्री गुर्जर पीटीआई मैथना जी द्वारा किया गया। इस मौके पर सभी भाजपा के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी, पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सायबर अपराध एवं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत तीन विद्यालयों के करीब 600 बच्चों को किया गया जागरूक



बढ़ता राजस्थान

**जुरहरा/डीग/भरतपुर (रेखचन्द्र भारद्वाज)।** पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा चलाये जा रहे सायबर शील्ड अभियान एवं राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम पाई में स्थित कविता उच्च माध्यमिक विद्यालय पाई, श्री बालाजी पब्लिक स्कूल ग्राम पाई व देशबन्धू पब्लिक स्कूल ग्राम सोनोखर में पहुंचकर इन विद्यालयों में अध्ययनरत करीब 600 बच्चों को सायबर ठगी से सम्बन्धित अपराध एवं बचाव के उपायों के बारें में जानकारी दी गई। जुरहरा थाना अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि विद्यालय के बच्चों को नये कानूनों एवं यातायात नियम सम्बन्धी जानकारी दी गई।

# सड़क सुरक्षा 2025 का समापन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (नि.स.)।** सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उददेश्य से इस वर्ष सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 1 से 31 जनवरी तक किया गया जिसकी थीम ''परवाह'' रखी गयी। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी पीएल बामनिया ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह 2025 का समापन समारोह प्रादेशिक परिवहन एवं सड़क सुरक्षा कार्यालय भरतपुर में पंकज यादव, वृताधिकारी, भरतपुर के मुख्य आतिथ्य में किया गया, विशिष्ट अतिथि के रूप में वृताधिकारी यातायात नरेन्द्र कुमार एवं उप निदेशक महिला अधिकारिता राजेश कुमार रहे। कार्यक्रम के शुभारम्भ में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। जिला परिवहन अधिकारी अभय मुदगल द्वारा सड़क सुरक्षा माह 2025 के अन्तर्गत किये गये जन जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिन स्वंय सेवी संस्थाओं एवं विभागों द्वारा जो कार्यक्रम आयोजित किये गये उनके बारे में विस्तार से बताया। वृताधिकारी पंकज यादव द्वारा यातायात नियमों की पालना करने एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों को अधिक से अधिक चलाने को कहा। नरेन्द्र कुमार द्वारा दुपहिया वाहन चालकों से सदैव हैलमेट के प्रयोग को अनिवार्य बताते हुये इसे दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी द्वारा उपस्थित आमजन को सड़क पर अनुशासन बनाये रखने की अपील की गयी जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। कार्यक्रम में भरतपुर एवं डीग जिले के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किये गये। स्वंय सेवी संस्थाओं एवं विभागों जिन्होंने माह के दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया उन्हें प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित समस्त आमजन को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवाई।

कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, ट्रैफिक पुलिस, महिला अधिकारिता विभाग, महुआ भरतपुर एक्सप्रेसवे लिमिटेड के अधिकारी, स्वंय सेवी संस्था माम्स क्लब, भरतपुर रोशनी एवं पी.एन.बी बैंक के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोग्रामर मनीष शर्मा ने किया।

# बयाना में जैन मुनि उपाध्यक्ष श्री 108 विकसन्त सागर महामुनिराज ने 12 मुनी माताजी संग किया मंगल विहार

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कस्बे में शुक्रवार को जैन मुनि उपाध्याय श्री 108 विकसन्त सागर महामुनिराज ने अपने संघ के साथ प्रवेश किया। आगरा से जयपुर की यात्रा पर निकले मुनिराज ने दिगम्बर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आहारचर्या की। उनके संघ में श्रमण मुनि विदाम्बर सागर, आचार्य सागर, विध्रुव सागर समेत कई मुनिराज और माताजी विजेता श्री सहित कई माताजी शामिल थीं। मुनिराज विकसन्त सागर ने दीक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु एक आध्यात्मिक शिल्पकार होते हैं। वे शिष्य को दीक्षा के माध्यम से न केवल आकार देते हैं, बल्कि मोक्ष प्राप्ति के लिए आवश्यक संस्कारों से उनका जीवन समृद्ध करते हैं। उन्होंने बताया कि दीक्षा वह माध्यम है जो आत्मा को परमात्मा बनने का मार्ग दिखाती है। यह राग से वैराग्य और संसार से उदासीनता का प्रतीक है।

आहारचर्या के पश्चात मुनिगण जयपुर की यात्रा के लिए आगे बढ़े। जैन श्रद्धालुओं ने जय जिनेन्द्र के उद्घोष के साथ उन्हें विदाई दी। मार्ग में कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने मुनियों का आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन गली और

बक्सरिया गली के जैन परिवारों ने अपने घरों के बाहर खड़े होकर मुनियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष प्रमोद जैन, दिगंबर जैन स्कूल प्रबंध समिति अध्यक्ष कमल जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

# सायबर शील्ड एवं सडक सुरक्षा अभियानों के तहत थाने पर सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**जुरहरा/ डीग/भरतपुर (रेखचन्द्र भारद्वाज)।** पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा चलाये जा रहे सायबर शील्ड अभियान एवं सडक सुरक्षा माह अभियान के तहत थाना जुरहरा पर शुक्रवार को जुरहरा थानाधिकारी अमित कुमार के द्वारा सी.एल.जी. सदस्यों, ग्राम रक्षकों, पुलिस मित्रों एवं सुरक्षा सखियों की मीटिंग ली गई। थानाधिकारी के द्वारा मीटिंग में उपस्थित जनों से संवाद स्थापित कर सायबर अपराध से सम्बन्धित अपराध एवं बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। थानाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि मीटिंग में कानून एवं यातायात सम्बन्धी जानकारी भी दी गई।

मीटिंग में करीब 50 सदस्य सम्मिलित हुये। सी.एल.जी. सदस्यों को उक्त जानकारी को आमजन में प्रचार प्रसार करने का आह्वान भी किया गया। और बैठक में जुरहरा थानाधिकारी अमित कुमार के अलावा महेन्द्र जैन, राजीव अग्रवाल, गजेंद्रसिंह, गजराज आर्य, सोनू खंडेलवाल उपसरपंच सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# प्रतिनियुक्ति हेतु साक्षात्कार कार्यक्रम निर्धारित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय)।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा संचालित भरतपुर संभाग के आवेदनकर्ताओं की प्रतिनियुक्ति हेतु साक्षात्कार कार्यक्रम निर्धारित किया है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुल सिंह ने बताया कि जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा संचालित भरतपुर संभाग के छात्रावासों में विभिन्न रिक्त पदों पर माध्यमिक, प्रारम्भिक शिक्षा विभाग के आवेदनकर्ताओं की प्रतिनियुक्ति हेतु साक्षात्कार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि कृष्णानगर स्थित जिला परिषद कार्यालय में 10 फरवरी को प्रातः 9:30 बजे धौलपुर जिले के आवेदनकर्ताओं का साक्षात्कार, 11 फरवरी को प्रातः 9:30 बजे सवाई माधोपुर जिले के एवं 12 फरवरी को प्रातः 9:30 बजे से भरतपुर तथा करौली जिले के आवेदनकर्ताओं को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया गया है।

# चितौड़ अरबन बैंक को मिला सर्वश्रेष्ठ नागरिक सहकारी बैंक सम्मान

## वर्ष 2023-24 में 125 से 150 करोड़ की जमाओं वाली बैंक श्रेणी में मिला प्रथम स्थान

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** चित्तौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड को वर्ष 2023-24 में 125 से 150 करोड़ की जमाओं वाली बैंक श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ नागरिक सहकारी बैंक का प्रथम पुरूस्कार बैंको ब्लू रिबन सम्मान 2024 महाराष्ट्र के एंम्बीवेली लोनावला महाराष्ट्र में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया जिसे बैंक निदेशक एवं प्रबंधन मण्डल अध्यक्ष सीए दिनेश शीशोदिया एवं पूर्व निदेशक एड्वोकेट सुनीता शीशोदिया ने प्राप्त किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी वन्दना वजीरानी के अनुसार 27 से 29 जनवरी 2025 तक ऐम्बीवली लोनावाला महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सहकारी सम्मेलन में कई तकनिकी विशेषज्ञो ने सहकारी बैंको के समक्ष तकनीकी एवं साईबर सुरक्षा की चुनोतियो पर व्यापक विमर्श किया जिसमें देशभर से 400 से अधिक प्रतिनिधियो की मोजूदगी में रिर्जब बैंक सेवानिवृत मुख्य महाप्रबंधक भार्गेष्वर बनर्जी द्वारा चित्तौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक को सम्मान स्वरूप ट्राफी प्रदान की गई। सम्मान के इस अवसर पर बैंक अध्यक्ष डा. आई.एम. सेठिया ने इसे महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि बैंक द्वारा प्रतिस्पर्द्धा के इस दौर में ग्राहको एवं सदस्यो के जीते विश्वास का ही परिणाम यह सम्मान है। वर्ष 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर यह बैंक को यह दूसरा सम्मान प्राप्त हुआ है जो राजस्थान के चितौड़गढ़ सहित प्रदेश के सहकारी बैंकिंग के लिए गोरवान्वित करने वाला क्षण हैं। सम्मान के लिए बैंक उपाध्यक्ष शिवनारायण मानधना, पूर्व चेयरपर्सन विमला सेठिया, निदेशक रणजीत सिंह नाहर, वृद्धिचन्द कोठारी, राधेश्याम आमेरिया, कल्याणी दीक्षित, हरिश आहूजा, बालकिशन धूत, बाबरमल मीणा, सीए दीसी सेठिया, राजेश काबरा, हेमन्त शर्मा, सीए नितेश सेठिया ने हर्ष व्यक्त किया है।



# सी आई हर लाल मीणा सड़क सुरक्षा सप्ताह तहत उठाये कदम

## यातायात नियमों की जानकारी दे, वितरित किये दौ सौ हेलमेट, पुलिस के आला अधिकारी रहे मोजूद

बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन (सुरेश मोमिया)।** सड़क सुरक्षा माह के तहत एक महत्वपूर्ण पहल की गई पुलिस प्रशासन और सीएलजी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से महाराणा प्रताप सर्कल पर नि:शुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। शुक्रवार सुबह पुलिस अधिकारियों ने विशेष अभियान चलाया। उन्होंने बिना हेलमेट और यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों को रोककर न केवल नियमों की जानकारी दी, बल्कि उन्हें नि:शुल्क हेलमेट भी प्रदान किए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हेलमेट जीवन रक्षक है और इसका उपयोग अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी भी दी कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थानाधिकारी हरलाल मीणा ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले दुपहिया वाहन चालकों को विशेष रूप से जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में झालावाड़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय कुमार, उपाधीक्षक हर्ष राज सिंह खरेड़ा, समाजसेवी राजेंद्र सिंह राठौड़, समाजसेवी राजेश पारीक, राजकुमार जैन, अंतरिक्ष माथुर, अजगर अली, भानुप्रताप झाला, नवीन जैन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह पहल सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# भक्ति, ज्ञान और योग के माध्यम से ही योग की प्रायोगिक शिक्षा को समझना संभव हैं : डॉ शत्रुघ्न सिंह

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि योग के प्रायोगिक महत्व को समझने के लिए हमें भक्ति ज्ञान योग के महत्व को समझना होगा, तब ही हम स्थूल से सूक्ष्म की ओर यात्रा करते हुए प्राणायाम के माध्यम से ज्ञान मार्ग अपना पाएंगे। डॉ सिंह शुक्रवार को श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय में राजस्थान संस्कृत अकादमी के सहयोग से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय योग संगोष्ठी में सारस्वत वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मन को संयमित करने का योग ही सक्षम माध्यम हैं। इंद्रियों का विषयों से वियोग होना ही योग हैं, जो योग के द्वारा संभव हैं। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि आसन प्राणायाम ध्यान का अभ्यास कर सही मायने में योगी बने। इस अवसर पर जगतगुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के योग विभागाध्यक्ष डॉ वंदना राठौड ने कहा कि योग पर कई शोध हुए हैं, मगर मन को नियंत्रित करने के लिए योगाभ्यास करने से तनाव से मुक्ति मिल सकती हैं। उन्होंने ध्यान योग को श्रेष्ठ मार्ग बताते हुए कहा कि गुरु द्वारा साधना की माला मिलने पर गंभीर से गंभीर रोगों से मुक्ति मिल सकती हैं। उन्होंने शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वह दृढ़ संकल्प के साथ ज्ञानार्जन कर देश का नाम रोशन करें। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन कैलाश मूंदड़ा ने समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए भक्ति योग के प्रति मूर्ति भक्त शिरोमणि मीरा, सबरी, हनुमान जी कल्लाजी के साथ अनेक महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर योग की प्रायोगिक शिक्षा प्राप्त कर ऐसे विद्वान बने ताकि कई लोग उनका अनुसरण कर सकें। दो दिवसीय संगोष्ठी के प्रथम दिवस केंद्रीय विश्वविद्यालय के योग विभाग के प्रोफेसर संजीब पात्रा, जो कि सारस्वत वक्ता के रूप में रहें। उन्होंने विभिन्न योग की विधाओं पर प्रकाश डाला।

# अतिदुर्लभ एबी नेगेटिव ग्रुप का रक्तदान कर एक शिक्षक ने बचाई अपरिचित वृद्ध महिला की जान

## शिक्षक वैष्णव ने किया 11 वीं बार रक्तदान

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी (संजय कटारिया)।** राजकीय जिला चिकित्सालय केकड़ी की आईसीयू में भर्ती भिनाय तहसील के बीलिया गांव निवासी एक बुजुर्ग महिला सुन्दर देवी गुर्जर के सामने उस समय संकट खड़ा हो गया, जब हीमोग्लोबिन कम होने से उसके ऑपरेशन के लिए आपातकालीन परिस्थितियों में खून की आवश्यकता पड़ गई, मगर उसका ब्लड ग्रुप अतिदुर्लभ एबी नेगेटिव होने से इस ग्रुप का रक्त कहीं से भी उपलब्ध नहीं हो पाया। ऐसे में सूचना मिलने पर केकड़ी क्षेत्र की मण्डा स्कूल के शिक्षक दिनेश कुमार वैष्णव ने अपना अतिदुर्लभ रक्त समूह एबी नेगेटिव ब्लड डोनेट कर उक्त महिला की जान बचाई। समाजसेवी संस्था से जुड़े लोगों ने एबी नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता से संबंधित सूचना शहर के सभी व्हाट्सएप ग्रुपों में प्रसारित की। सूचना पढ़कर निकटवर्ती गांव मण्डा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत केकड़ी निवासी शिक्षक दिनेश कुमार वैष्णव जीवनदाता के रूप में उभर कर सामने आए और उन्होंने अपना ब्लड ग्रुप एबी नेगेटिव होने की जानकारी देते हुए ब्लड डोनेट करने की सहमति प्रदान की। शिक्षक वैष्णव शुक्रवार को केकडी के राजकीय जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में पहुंचकर अपना एबी नेगेटिव ब्लड बिलिया निवासी महिला सुन्दर देवी के लिए डोनेट किया। शिक्षक दिनेश कुमार वैष्णव अब तक ग्यारह बार रक्तदान कर चुके है। वैष्णव के जज्बे की रक्तकोष विभाग की टीम ने भरपूर सराहना की व रोगी के परिजनों ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान रक्तकोष विभाग के विनोद साहू, लैब टेक्नीशियन पदम जैन, शिक्षक ऋषिराज सोनी एवं रतन लाल गुर्जर सहित रोगी के परिवारजन व ब्लड बैंक स्टाफ उपस्थित रहा।

# सरपंचों को ही प्रशासक नियुक्त करने का किया विरोध, धरना, प्रर्दशन कर मुख्यमंत्री के नाम एस डी एम को सौपा ज्ञापन




बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखंड क्षेत्र के समस्त जिला परिषद ,व पंचायत समिति सदस्यों और ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ग्राम पंचायत सरपंचों को ही प्रशासक नियुक्त करने का विरोध करते हुवे ।ग्राम पंचायतो के चुनाव करवाने के लिए मुख्यमंत्री केनाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा है।ज्ञापन में बताया गया वर्तमान में 11283 पंचायतो का कार्यकाल लगभग समाप्त हो चुका है।लेकिन राजस्थान सरकार द्वारा पुनः उन्ही सरपंचों के प्रशासक नियुक्त कर उनका कार्यकाल बड़ा कर उनको वित्तीय अधिकार देना असवैधानिक है । इस निर्णय से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जो 73 वे संविधान संशोधन 1992 का सीधा उल्लंघन है।इसलिए उन सभी पंचायतो का जिनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है ,उनमें प्रशासक नियुक्ति को रद्द कर आम जनता के मतों द्वारा चुने गए।जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य या सचिव को ही वित्तिय अधिकार देकर प्रशासक नियुक्त किया जाने की मांग की है। जिन पंचायतो का कार्यकाल समाप्त हो चुका है वहाँ निर्धारित समय पर राजस्थान ग्राम पंचायत सरपंच अधिनयम 73 वे संविधान संशोधन अधिनियम के अंतर्गत 2025 ग्राम पंचायतो के चुनाव करवाने की मांग की गई ।

# नव नियुक्त भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित नन्दवाना, व धनराज चौरसिया का स्वागत किया



बढ़ता राजस्थान

**अन्ता (शफीक मंसूरी)।** भाजपा नव नियुक्त नगर अध्यक्ष रोहित नंदवाना मंडल अध्यक्ष धनराज चौरसिया का डोलिया मैरिज गार्डन में स्वागत सम्मान कार्यक्रम सुनील शुक्ला एवं मित्र मंडली द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजक सुनील शुक्ला ने नव नियुक्त भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित नन्दवाना, धनराज चौरसिया का साफाबन्दी व माल्यार्पण कर स्वागत किया। भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित नन्दवाना ने अपने स्वागत सम्मान से अभिभूत होकर कहा की शीर्ष नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरी ईमानदारी व कर्तव्य के साथ निभाउंगा, सबका साथ सबका विकास की सोच के साथ संगठन व पार्टी को मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा। स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नन्दलाल सुमन, पूर्व नगर अध्यक्ष गोविंद शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता महेश शर्मा, ओम सोनी मधुर, राजसिंह चौधरी, पार्षद धनराज चौरसिया व युवा नेता मुकेश धाकड़ मंच पर अतिथि के रूप में मौजूद थे स्वागत कार्यक्रम के आयोजक सुनील शुक्ला व मित्र मंडली सदस्यों द्वारा साफाबन्दी व माल्यार्पण कर स्वागत किया, इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक सुनील शुक्ला, प्रमोद शर्मा,, घनश्याम मारन, शिव स्वरूप शर्मा, विष्णुकांत शर्मा, महेश पंवार, योगेंद्र शर्मा, आंनद शर्मा, भूपेंद्र राठौर, गणेश दाधीच, पुनीत नन्दवाना, सुनील पाराशर, ओम चौरसिया, मयंक ठाकुरिया, अक्षय सिंह, रिंकू गूर्जर, प्रवीण शर्मा, निक्की बना, महावीर वैष्णव, चेतन नागर, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। आयोजक सुनील शुक्ला ने सभी का आभार जताया ।

# नो चंदी जुमेरात पर कपासन की सूफी संत हजरत दीवाना शाह दरगाह पर जायरीनों का हुजूम उमड़ा



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर नो चंदी जुमेरात पर जायरीने दीवाना का हुजूम उमड़ा। जिसमे आगंतुक हजारो जायरीनों द्वारा जुम्मा की नमाज़ अदा की गयी। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खां अशरफी ने बताया कि जुमेरात प्रात: से जायरीन की रेलमपेल के साथ आवक प्रारंभ हो गयी ।दरगाह शरीफ के अहाता ऐ नूर मे महफिले मीलाद एवं कव्वाली का प्रोग्राम दिनभर जारी रहा। जिसमें दीवाना-दीवाना की गूंज बनी रही। इधर आस्ताना ऐ आलिया के मुख्य मज़ार पर चादर शरीफ,फूल,ईत्र आदि पेश करने हेतु जायरीनों की लंबी कतारे लगी रही ।साथ ही जायरीनों द्वारा मिन्नत के धागे बांधने व मिन्नत पुरी होने पर गुड़, खोपरा,सुखे मेवे से तोलकर मिन्नत पुरी करने का दौर बना रहा ।सायंकाल मुल्क मे अमनो-सुकून की दुआ दौरान दीवाना शाह दरगाह परिसर आमीन-आमीन की सदाओ से गूंज उठा।

दरगाह वक्फ कमेटी की जानिब से जायरीने दीवाना हेतु छाया-पानी तथा सर्दी से बचाव के माकूल इंतजाम किया गया ।जिसमे सिक्युरिटी गार्ड,स्वयंसेवक,कमेटी सदस्य तथा दरगाह कार्मिकों द्वारा माकूल व्यवस्थाओं मे सहयोग प्रदान किया गया ।यहां जुम्आ की नमाज़ मे हजारो लोगो द्वारा शिरकत की गयी ।औलिया मस्जिद के पेश ईमाम मोलाना हाफिज मोहम्मद शाकिर द्वारा तकरीर कर माहे शाबान एवं अल्लाह के वलीयो की फजीलत बयान कर नमाज़े जुम्आ की ईमामत की गयी।

### नेत्रदान संकल्पित वैज्ञानिक का संपन्न हुआ नेत्रदान

# अल सुबह कोटा से आई टीम ने रावतभाटा में लिया पांचवा नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** रावतभाटा में सेवा कार्यों की प्रतिमूर्ति,बालिका शिक्षा को हमेशा बढ़ावा देने वाले समाजसेवी व सेवानिवृत्त इंजीनियरिंग वैज्ञानिक,बालाजी नगर,रावतभाटा निवासी दिलीप भाटिया का शुक्रवार देर रात आकस्मिक निधन हो गया । हमेशा जरूरतमंद लोगों के लिए सेवा करने को तैयार खड़े रहने वाले दिलीप 59 बार अपना रक्तदान भी कर चुके हैं । उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए उन्हें पूर्व राष्ट्रपति माननीय स्व0 श्री एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा सम्मानित भी किया गया है। वर्ष 2007 में नेत्रदान के कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने अपना नेत्रदान संकल्प पत्र भी भर दिया था और बेटी मिली भाटिया व करीबी मित्रों को अपने इस नेत्रदान संकल्प के बारे में भी बता दिया था । जैसे ही दिलीप का निधन हुआ,बेटी मिली ने देर रात 3.00 बजे संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन के सहयोगी दिलीप वाधवा को संपर्क कर पिताजी के नेत्रदान करवाने की इच्छा जताई।

# प्रजापत समाज की कुलदेवी श्रीयादे माता का जन्मोत्सव कपासन में विविध धार्मिक अनुष्ठानों एवं भव्य शोभायात्रा के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** प्रजापत समाज की कुलदेवी भक्त शिरोमणि श्री श्रीयादे माता का जन्मोत्सव शुक्रवार को प्रजापत समाज द्वारा नगर में विविध धार्मिक अनुष्ठानों एवं भव्य शोभायात्रा के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया।

जानकारी अनुसार प्रजापत समाज की कुलदेवी श्री श्रीयादे माता का जन्मोत्सव भक्तो एवं श्रद्धालुओ द्वारा हर्षोल्लास एवं विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया गया।

जिसमे प्रजापत समाज कपासन के तत्वावधान में गुरुवार रात्रि विशाल भजन संध्या तथा शुक्रवार प्रात: विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ,हवन-पूजा आदि धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया ।साथ ही श्री श्रीयादे माता के जन्मोत्सव पर नगर के मुख्य मार्गो से होकर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया ।जिसमे क्षेत्रीय प्रजापत समाज के महिला,पुरुष एवं युवा वर्ग द्वारा धार्मिक गीत एवं भजनों पर झूमते-नाचते उत्साहपूर्वक भाग लिया गया ।उक्त भव्य शोभायात्रा नगर में स्थित प्रजापत समाज कपासन के सामुदायिक भवन से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, पांचबत्ती चौराहा,लोड़किया बाजार,पिपली बाजार, सदर बाजार,सुनारिया मंदिर,पायक मोहल्ला,पुराना राशमी रोड़,आकरिया चौक से पुन: यथास्थान पहुंचकर संपन्न हुई।

इस दौरान प्रजापत समाज के वरिष्ठ सदस्य ताराचंद प्रजापत,रमेश प्रजापत,कांग्रेस नगर अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत,पंचायत समिति कपासन ब्लॉक कॉर्डिनेटर मोहनलाल प्रजापत,मदनलाल प्रजापत, नरेश प्रजापत,रामलाल प्रजापत,भेरूलाल प्रजापत ,राजकुमार प्रजापत,रतनलाल प्रजापत,रतनलाल प्रजापत,शंकरलाल प्रजापत,डालचंद प्रजापत, रमेशचंद्र प्रजापत,ओंकारलाल प्रजापत,गोपाल प्रजापत,किशनलाल प्रजापत,जगदीशचंद्र प्रजापत, मुकेश कुमार प्रजापत सहित प्रजापत समाज कपासन के पुरुष,महिलाएं एवं युवा वर्ग कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सहयोग के साथ उपस्थित रहे।

# गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा विराट 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संगीतमय प्रवचन 5 फरवरी से

बढ़ता राजस्थान

**चितौड़गढ़ (नि.स.)।** गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में चित्तौडगढ में शक्ति संवर्धन 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संगीतमय प्रवचन 5 फरवरी से 8 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा हैं। शुक्रवार को यहाँ प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी देते हुए गायत्री परिवार के जगदीश जोशी, रमेश पुरोहित, डॉ. योगेशचन्द्र व्यास, विजय मलकानी ने बताया कि इस यज्ञ में शान्तिकुंज से वरिष्ठ प्रज्ञापुत्र पधारेगें । इस यज्ञ का उद्देश्य मानव मे देवत्य का उदय व धरती पर स्वर्ग का अवतरण हैं। इस यज्ञ की सफलता के लिए गायत्री परिवार द्वारा विभिन्न तैयारियॉ प्रारंभ कर दी गयी है। शहर के मध्य मे ईनाणी सीटी सेन्टर , खरडेश्वर महादेव के सामने यह आयोजन होगा। इस हेतु गायत्री परिवार द्वारा विभिन्न समितियॉ बना कर चित्तौडगढ जिले मे प्रचार प्रसार का कार्य चल रहा हैं। कलश यात्रा के लिए गायत्री परिवार की 2100 महिलाओं द्वारा कलश का लक्ष्य लेकर बहनों द्वारा घर-घर मे पीले चावल एवं पत्रक वितरित किये जा रहे हैं।

# कुल्ली वाले हनुमान मंदिर पर हुई खाटू नरेश की स्थापना

**स्थापना से पूर्व शहर में निकाली गई खाटू श्याम की कलश एवं शोभायात्रा**

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में कुल्ली वाले हनुमान मंदिर होद गली नंबर 2 में खाटू श्याम बाबा की स्थापना की गई है। खाटू श्याम बाबा को स्थापना से पूर्व शहर में शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के रूप में निकाला गया। जिनके दर्शन करने और शोभायात्रा में शामिल होने के लिए शहरवासी उमड़ पड़े। कलश एवं शोभायात्रा शहर के राजराजेश्वरी माता मंदिर से शुरू हुई जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए होद गली नम्बर 02 कुल्ली हनुमान मंदिर पहुंची। जहां विधि विधान और मंत्र उच्चारण के बीच बाबा की स्थापना की गई है। स्थापना के बाद मंदिर पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारा किया जा रहा है। होद कुल्ली वाले हनुमान मंदिर से जुड़े साई ग्रुप के सदस्य अतुल कुमार,मंथन कुमार एवं अन्य ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं के और मंदिर के भक्तों के सहयोग से बाबा खाटूश्याम की स्थापना मंदिर में विधि विधान से की गई है। स्थापना के बाद कन्या लांगुरियाओं के साथ सभी को प्रसादी के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है। शाम को मन्दिर पर फूल बंगला झांकी एवं रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा।

## स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में पीएम श्री गतिविधि स्वास्थ्य जांच में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि पीएम श्री विद्यालयों की गतिविधि स्वास्थ्य जांच के तहत स्थानीय विद्यालय में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। गतिविधि प्रभारी प्रतिभा मीणा ने विभागों निर्देशानुसार पूर्व में ही स्थानीय ब्लॉक चिकित्सा कार्यालय निवाई से चिकित्सक दल की नियुक्ति करवा ली गई थी, जिसमें डॉ.मुकेश सामोता, डॉ. मुकेश कुमार चौधरी,डॉ.नीलम बरूना,डॉ. अरशद अहमद कुरैशी सहित नर्सिंग स्टाफ के राजेश कुमार बैरवा,फार्मासिस्ट दिलदार मीणा, अन्य चिकित्सा सहयोगी के रूप में सुषमा कुमारी, रामजानकी,गीता परिवाल उपस्थित थे, उक्त स्वास्थ्य शिविर में विद्यालय ने पूर्व में ही सामान्य चिकित्सा जांच उपकरण जैसे, रोगी बैंड, स्टूल,रक्तचाप नापने की मशीन, सुगर जांचने की मशीन,तापमापी, वजन मशीन,आदि क्रय कर लिए थे, शिविर में उपस्थित चिकित्सकों ने उपस्तिथि बच्चों के सामान्य स्वास्थ्य की जांच करते हुए, हाथ धोने की विधि,खान पान और व्यायाम के महत्व ,ओर स्वस्थ्य रहने की विधियां विस्तार से बताई, कैंप में विद्यार्थियों के विभिन्न दल बनाकर केंप स्थल पर ही विद्यार्थियों को रक्त जांच विधि,सुगर जांच विधि, थर्मामीटर से बुखार नापने की विधि को बारीकी से प्रयोग कर बताई ओर सिखाई, इस अवसर पर शाला के सभी कार्मिकों उपस्थित रहे, प्राचार्य देवेन्द्र पाल सिंह,उपाचार्य रामकिशन विजय, मीना चौधरी गतिविधि प्रभारी प्रतिभा मीणा योगेंद्र सोगानी,प्रह्लाद गुर्जर,सुमन विजय आदि ने ,ने उपस्थित चिकित्सक दल का माल्यार्पण कर दुपट्टा पहनकर स्वागत किया और आभार व्यक्त किया , उक्त गतिविधि स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी रहा, अंत में राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया।

## जिला स्पेशल व रायपुर पुलिस ने नेशनल हाईवे पर स्थित होटल में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ की कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिले के रायपुर थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे पर स्थित होटल पर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ जिला स्पेशल टीम व रायपुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर 276 ग्राम अफीम, 248 ग्राम डोडा पोस्त, 261 ग्राम गांजा जब्त किया है। इसके अतिरिक्त 34 बोतल अवैध बीयर की बोतलें, 55 पव्वे देशी शराब, 39 पव्वे अंग्रेजी शराब भी जब्त की है। यह कार्यवाही नेशनल हाईवे 162 पर न्यु सिंधी होटल रायपुर में की है पुलिस शराब की तस्करी करने वाले युवक को भी गिरफ्तार किया है। रायपुर पुलिस थाने के थानाधिकारी जगदीश प्रसाद ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत जिला स्पेशल टीम व थाना के जाब्ते ने संयुक्त कार्यवाही कर राष्ट्रीय राजमार्ग 162 पर स्थित न्यु सिंधी होटल रायपुर पर छापा मारकर अवैध रुप से नशीले पदार्थ जब्त किये। उन्होने बताया कि 276 ग्राम अफीम, 248 ग्राम डोडा पोस्त, 261 ग्राम गांजा, 34 बोतल बीयर, 55 पव्वे देशी शराब एवं 39 पव्वे अंग्रेजी शराब के जब्त कर एक आरोपी देवानन्द पुत्र हरीश सिन्धी जाति सिन्धी (32) निवासी सिन्धीयों का बास झुंठा को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही को अंजाम देने में करीब 14 पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## ठाकुर श्री बांकेबिहारी का 58 वाँ पाटोत्सव 7 एवं 8 फरवरी को, होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर के सूरजपोल गेट बाहर स्थित बांके बिहारी मंदिर में ठाकुर श्री बांके बिहारी जी का 58 वॉ पाटोत्सव 7 एवं 8 फरवरी को उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित किया जायेगा। हीरालाल जगन्नाथ ड़ाणी ट्रस्ट द्वारा प्राण प्रतिष्ठित बांके बिहारी मंदिर में वृंदावन की भांति वर्षभर आयोजित होने वाले पर्व एवं त्यौहार के साथ ही समय समय पर होने वाले मनमोहक श्रृंगार के कारण शहरवासियों की आस्था एवं भक्ति का प्रतीक है। बांकेबिहारी मन्दिर के अध्यक्ष माणक ड़ाणी ने बताया कि ठाकुर श्री बांकेबिहारी जी का 58 वां पाटोत्सव दिनांक 7 फरवरी शुक्रवार एवं 8 फरवरी शनिवार को मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों आयोजन का समारोह पूर्वक आयोजित किया जायेगा। मंत्री राजेन्द्र गर्ग के अनुसार 7 फरवरी शुक्रवार को प्रात: 8 बजे ठाकुरजी की विधि विधान से पूजा अर्चना की जायेगी, प्रात: 8.45 पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य शिखर पर ध्वजा फहराई जायेगी, प्रात: 9.15 बजे भक्तजन ठाकुरजी के चल विग्रह का पंचामृत द्वारा अभिषेक करके पुण्य फल प्राप्त करेंगे।

# सड़क सुरक्षा की मुहिम रहेगी जारी - जिला कलक्टर

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का समापन समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के मुख्य आतिथ्य में नगर परिषद के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि सड़क सुरक्षा जैसा आयोजन किसी माह तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह समाप्त हुआ है लेकिन सड़क सुरक्षा जागरूकता मुहिम जारी रहेगी और इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने कहा कि विद्यालय संचालक बाल वाहिनियों में क्षमता से अधिक छात्रों का परिवहन करते हैं जो की नियम विरुद्ध है और इससे दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि थोड़े से लाभ के लिए विद्यार्थियों के जीवन को खतरे में ना डालें और यातायात नियमों की पालना करें। उन्होंने



कहा कि दंडात्मक कार्रवाई से यदि आप नियमों की पालना करते हैं तो आप अपने जीवन के साथ धोखा कर रहे हैं। एन एच ए आई सुरेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं के दौरान दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपातकाल परिस्थितियों में एनएचएआई द्वारा वाहन खराब हो जाने की स्थिति में वाहन की मरम्मत कर सड़क दुर्घटना में घायल को तत्काल प्रभाव से नजदीकी चिकित्सालय में पहुंचाया जाता है।

इस अवसर पर जैन समाज की ओर से यमराज और चित्रकूट के नाटक का मंचन किया गया, जिसमें उन्होंने अपील की, कि डुप्लीकेट हेलमेट का उपयोग न करें सिर पर सदैव आईएसआई मार्क का हेलमेट ही लगाए। समापन समारोह के दौरान न्यू रॉयल पब्लिक विद्यालय की ओर से यातायात नियमों को लेकर एक नाटक का मंचन किया गया। समारोह के दौरान न्यू एरा पब्लिक विद्यालय द्वारा यातायात नियमों से संबंधित साइनों का प्रदर्शन किया गया।

विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई गई। समापन समारोह से पूर्व विद्यालय के बच्चों द्वारा यातायात नियमों को लेकर रैली निकाली गई जो कि शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए ऑडिटोरियम पर समाप्त हुई।

# रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में टाइगर की मौत, पर्यटन प्रेमियों में शोक

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी ( अनंत दाधीच )।** राज्य के चौथे टाइगर रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व (आरबीटीआर) में शुक्रवार को एक दुखद घटना घटी। आरबीटीआर 4 और आरबीटीआर 1 के बीच हुई लड़ाई में आरबीटीआर 4 की मौत हो गई। दो दिन से दोनों टाइगर्स की लोकेशन एक ही स्थान पर पाई जा रही थी। आरबीटीआर 4 लगभग ढाई साल का था, जबकि आरबीटीआर 1 करीब 7 से 8 साल का था। तीन दिन पहले हुई इस लड़ाई में आरबीटीआर 4 गंभीर रूप से घायल हो गया, और उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के आला अधिकारी रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के जेतपुरा रेंज में स्थित पहाड़ी पर पहुंचे, जहां टाइगर का शव पाया गया। शव को रेस्क्यू कर वन मंडल जेतपुर से बूंदी के लिए रवाना किया गया, जहां डीएफओ कार्यालय पर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद टाइगर का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेंद्र मीणा, उपखंड अधिकारी, वन मंडल के अधिकारी, रामगढ़ टाइगर रिजर्व के आला अधिकारी और सीसीएफ कोटा भी मौजूद थे।

फिलहाल मामले की गहनता से जांच की जा रही है, और प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि दोनों टाइगर्स के बीच हुई लड़ाई में आरबीटीआर 4 की मौत हुई।

इससे पहले अक्टूबर 2024 में भी एक टाइगर की मौत हुई थी, जिससे पर्यटन प्रेमियों में निराशा छा गई थी। अब एक और टाइगर की मौत ने उन्हें फिर से उदास कर दिया है।

## वाल ऑफ सिटीजनशिप पर लिख रहे अच्छे संस्कारों,कर्तव्यों की बातें

**अच्छे संस्कार अच्छे नागरिक की पहचान-विधायक रामसहाय वर्मा**



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में नागरिकता कौशल, संवैधानिक मूल्य एवं भारत का ज्ञान कार्यक्रम के अन्तर्गत वाल ऑफ सिटिजनशिप पर जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, ग्रामीण, अभिभावक, शिक्षक व विद्यार्थीगण अच्छे संस्कारों, देश, समाज, पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों के बारे में लिख रहे है। निवाई पीपलू विधायक ने इस अवसर पर वाल ऑफ सिटिजनशिप पर लिखा कि अच्छे संस्कार अच्छे नागरिक की पहचान है। इस अवसर पर प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर नागरिक कर्तव्यों पर निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रामजीलाल बैरवा, लवेश मीना, पंचायत समिति सदस्य शंकर लाल अटल, समाजसेवी शंकर लाल हाथीवाल समाज सेवी प्रकाश जैन, सुमेर सिंह नरूका, पूर्व सरपंच कमलेश चावला, बद्रीलाल जाट, छतरपाल सिंह, शम्भु दयाल शर्मा, शिवराज गुर्जर आदि ने भी वाल ऑफ सिटिजनशिप पर अपने संदेश लिखे।

## राजकीय महाविद्यालय में मनाया गया कर्तव्य बोध दिवस

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज कर्तव्य बोध एवं अहिल्याबाई होल्कर स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एबीवीपी केजिला विस्तारक धौलपुर से उमेश ओझा तथा शिक्षक जवान सिंह मीणा रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

इस कार्यक्रम के अध्यक्ष रहे प्राचार्य मनोज कुमार सिंह के द्वारा अहिल्याबाई होल्कर के जीवन संघर्ष एवं जन जागरण में उनके महत्वपूर्ण योगदानो का विस्तार से स्मरण करवाया । इस कार्यक्रम में उमेश ओझा एवं ज्वान सिंह मीणा के द्वारा अहिल्याबाई होल्कर के संक्षिप्त इतिहास को बताया गया। इसी



अवसर पर गुमान सिंह मीणा एवं हिंदी प्रवक्ता डॉ.पुष्पेंद्र सिंह चौहान के द्वारा रानी अहिल्याबाई पर वीर रस से युक्त कविता पाठ किया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन केशव यादव के द्वारा किया गया तथा इस कार्यकम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ.धर्मेंद्र कुमार मीणा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय कन्या महाविद्यालय की समस्त छात्राओ ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में डॉ.नीतेश भारद्वाज, कबीर शरण, डॉ.महेंद्र सिंह मीणा, बिलाल अहमद, के.के.उपाध्याय, बाबर अली, डॉ.मुजम्मिल शैली, डॉ .योग्यता शाक्य , फरमान एवं समर्थ गुर्जर ... आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# श्रीयादे माता जयंती मनाई व तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में आठ जोड़ों ने एक दूसरे के थामे हाथ

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** श्री श्रीयादे माता जयंती व तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के तत्वाधान में शुक्रवार को तेजा चौक मन्दिर से आठ ही दूल्हों की घोड़ी पर बिन्दौली व दूल्हनों की बग्गी रथ में जुलूस के रूप में शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विवाह समारोह स्थल शिव बाड़ी पहुंचे। श्रीयादे माता जी की झांकी व जुलुस का चमन चौराहा स्थित श्री श्रीयादेश्वर मन्दिर पर स्वागत किया गया, उपस्थित समाज के लोगों ने सभी जगह श्रीयादे माता का जयघोष किया। दूल्हों का एक साथ तोरण करवाकर स्टेज पर वर-वधु की वरमाला करवाई गई, तत्पश्चात पाणिग्रहण संस्कार पंडित जितेन्द्र दाधिच द्वारा सम्पन्न कराये गये। मंच पर सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में एस्ट्रोलॉजी दिलीप नाहटा व अध्यक्षता शंकर लाल जलाधंरा,ने की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि मुन्ना लाल कुवाडिया, धीरेन्द्र धूमाणिया, सीताराम बोबरिया, पूर्व पार्षद श्रीमती गीता देवी, श्रीमती संतोष देवी, श्रीमती बिन्द्रा कारगवाल, रामसुख मारोठिया, भंवरलाल बारावल, कैलाश बरूजंना, जवाहर ऐरणिया, राजेन्द्र हरसोलिया, गोपाल स्वरूप दुम्बीवाल ,हीरालाल मोरवाल, मांगीलाल रावरिया, प्रेम हरसोलिया, विकास कुमावत, भागचंद कारगवाल ने भामाशाहों का दुपट्टा व स्मृति चिन्ह साफा बंधवाकर सम्मानित किया। वर-वधु को समाज की ओर से सोने के कान के टोप्स, मंगलसूत्र चांदी की पायजेब, चार जोड़ी बिच्छूड़िया, गाय, सिक्के, मिक्सी, पलंग, बर्तन, अलमारी, बक्से सासू छाबड़ा, उपहार के अन्य सामान के साथ विदाई दी गई,अन्य समाज के लोगों द्वारा भी कन्यादान में सहयोग किया गया।

जयन्ति अध्यक्ष गोपाल कपूरपुरा, शिव नारायण कारगवाल, गोपाल कपूरपूरा, कन्हैयालाल रेणवाल, मोहनलाल ओस्तवाल, गोविंद किरोड़ीवाल, दौलतराम किरोड़ीवाल, एडवोकेट ईन्दर, बजरंग धूवारिया, मुकेश कारगवाल, लादूराम, विशाल सैंघाटिया, राजेन्द्र बाबरिया, जितेन्द्र कपूरपुरा, जयनारायण मिश्रेला, माणक, पुरूषोत्तम दुम्बीवाल, पूर्व पार्षद राधेश्याम प्रजापति, सत्यनारायण, उत्तम, प्रहलाद, गोविंद, गोपाल मुरेला, चांदमल, मनमोहन, श्रीकिशन, नवयुवक युवा सेना व जयन्ति कार्यकारिणी अध्यक्ष गोपाल नारायण डेगाना वाले ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया। मंच का संचालन अश्वनी कुमार धूमाणिया ने किया।

# पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ओल्ड हाडेन्दरा कॉलेज के वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** बूंदी के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ओल्ड हाडेन्दरा कॉलेज के वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह बड़े हर्ष उल्लास और धूमधाम से मनाया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरोज अग्रवाल सभापति नगर परिषद बूंदी ने इस विद्यालय के विकास लिए बहुत कुछ बोला । उन्होंने हर संभव इसके विकास में भागीदार बनने के भरोसा दिलाया अध्यक्षता कर रहे कालू लाल जांगिड़ पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ने भी अपने वक्तव्य में स्कूल के लिए हमेशा समर्पित और जो हर संभव प्रयासरत रहने का आश्वासन दिया । इसमें नगर परिषद में जेईएन जोधराज मीणा कार्यकारी जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय श्री मीणा समाज ने इस विद्यालय परिसर में जो पूरा स्थान है उसका पट्टा जारी करने का आश्वासन दिया साथ में सरोज



अग्रवाल नगर परिषद सभापति ने भी सहमति प्रदान की । रामेश्वर मीणा ने इस विद्यालय में अध्ययन का पूर्व अनुभव शेयर किया । पूर्व प्रधानाचार्य राम प्रसाद सोमानी ने भी अपने किए गए कार्यों को बताया अतिथि का आगमन स्काउट और एनसीसी के कदमताल के साथ जो भी मेहमान आते थे उनको मंच तक एनसीसी कैडेट के द्वारा और एसपीसी बेंड की धुन समारोह में अलग ही उमंग और उत्साह पूरे पंडाल में भर रही थी, और अतिथि भाव विभोर होकर अपने आप को तालियां बजाने से नहीं रोक पा रहे थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एनसीसी के बच्चों ने ए वतन ए वतन पर जोरदार डांस किया । नन्ही मुन्नी बालिकाओं ने कालबेलिया डांस से सबका मन मोह लिया, और इस समय टीकम जैन वार्ड पार्षद ने पारितोषिक वितरण किया । रोटरी अध्यक्ष महेश पटौदी ने इस विद्यालय के लिए हर संभव अपने आप को सहयोग के लिए तैयार करने का आश्वासन दिया । इसमें संपूर्ण समारोह में विद्यालय स्टाफ उत्साह व उमंग के साथ समारोह को भव्य बनाने के लिए उत्सुकता के साथ अपनी अपनी जिम्मेदारी उत्साह से निभा रहे थे। कार्यक्रम की शुरुआत अथितियों द्वारा मां सरस्वती के दीप प्रज्ज्वलन व बच्चो द्वारा मां सरस्वती के नृत्य द्वारा शुरुआत की गई । स्वागत भाषण विद्यालय प्राचार्य श्रीमती शबाना गौरी द्वारा प्रस्तुत किया गया और वार्षिक विद्यालय प्रतिवेदन स्कूल के सचिव कमलेश जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया, और संचालन राम सिंह मीणा व्याख्याता द्वारा और ज्योति राठौर द्वारा किया गया।अंत मे प्राचार्य शबाना गौरी द्वारा धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

## प्रयागराज महाकुंभ में श्री श्री 1008 श्री हरि गिरि महाराज जी बने धौलपुर मंडल के श्रीमंत



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** प्रयागराज महाकुंभ मेले में संत समाज की उपस्थिति में संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री हरि गिरि महाराज जी को धौलपुर मंडल का श्री महंत नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मेला अधिकारी मुख्य संरक्षक सहित कई संत उपस्थित रहे, श्री हरि गिरि महाराज जी को श्री महंत की जिम्मेदारी सौंपते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता नारायण गिरी महाराज जी, श्री महंत उमा भारती, अष्ट कौशल महंत डॉ.योगानंद सरस्वती, और जूना अखाड़े के अन्य संतों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उनके शिष्य जनवेदगिरी, व्यासगिरी, लालगिरी, महादेवगिरी, गोविंदगिरी, भरतगिरि, रविंद्र गिरी, कंचनगिरि, दयालगिर, गोपालगिर, मोहनगिरि, आनंदगिरि और उनके सहयोगी गजेंद्र, हरवीर, रामकुमार, उपस्थित रहे। महाकुंभ में वरिष्ठ संतो ने हरी गिरी महाराज जी की समय सेवा की सराहना करते हुए उन्हें श्री महंत नियुक्त किया, इस अवसर प जूना अखाड़े के नागा संन्यासियों ने उनका भव्य स्वागत किया श्री महंत हरी गिरी महाराज जी ने नशा मुक्ति मृत्यु भोज समाप्ति और सामाजिक सुधार को अपना लक्ष्य बताया।

# 'मेरे दिल में पत्रकारों के लिए इजत बढ़ी'

## फिल्म देवा में इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट बनीं पूजा हेगड़े



एक्ट्रेस पूजा हेगड़े फिल्म देवा में एक अलग रोल में नजर आएंगी। फिल्म में उनका किरदार एक इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट का है। इस फिल्म की शूटिंग मुंबई के मझगांव और डोंगरी जैसे इलाके में भी हुई है। पूजा के लिए यहां शूटिंग करना इमोशनल मोमेंट जैसा था। दरअसल, मझगांव में पूजा के पिता का जन्म हुआ था। परिवार की जड़े यहीं से हैं।

### पूजा हेगड़े से बातचीत...

**सवाल**– पूजा, फिल्म में आप इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट बनी हैं, इसके लिए कितना रिसर्च किया? जवाब– मैंने जर्नलिज्म वाले सब्जेक्ट पर बनी कई फिल्में देखी हैं। जर्नलिस्ट काम कैसे करते हैं, समझ में आता है। फिल्म में मेरा किरदार एक खास मकसद के लिए रखा गया है।

यह फिल्म करने के बाद मेरे दिल में खासकर इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट के लिए इज्जत बढ़ गई है। कैसे वे जान जोखिम में डालकर अपना काम करते हैं, कैसे लोगों को डील करते हैं, इसकी सराहना होनी चाहिए।

**सवाल**– शाहिद जैसे सिक्योर, टैलेंटेड और गुड लुकिंग एक्टर के साथ काम करना कैसा रहा, केमेस्ट्री कैसी रही? जवाब– हमारी केमेस्ट्री कैसी रही, ये तो आप लोग बताएंगे न? केमेस्ट्री हमें नहीं ऑडियंस को दिखती है। हमारा जोर बस इस बात पर होता है कि कैसे हमारे सीन्स दर्शकों को प्रभावित कर सकें। शाहिद डांस बहुत अच्छा करते हैं, साथ ही काफी फन लविंग हैं। एक्टिंग में काफी हेल्प भी करते हैं। उनके साथ काम करके काफी मजा आया।

**सवाल**– फिल्म करते वक्त सबसे खूबसूरत और चैलेंजिंग बात क्या रही? जवाब– सबसे खूबसूरत बात यह थी कि हमने मुंबई के मझगांव और डोंगरी जैसे इलाके में शूटिंग की थी, यहां मेरे पिता का जन्म हुआ था। उस एरिया में शूट करना मेरे लिए एक पर्सनल मोमेंट जैसा था।

जहां तक चैलेंज की बात है तो कुछ सीन्स ऐसे थे, जिन्हें शूट करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ सीन्स ऐसे थे, जिनमें कन्फ्यूजन भी क्रिएट करना था, साथ ही भावनाएं भी दिखानी थीं। इन सीन्स को शूट करते वक्त मेरे दिमाग में कई चीजें चल रही थीं।

हालांकि, फिल्म के डायरेक्टर रौशन एंड्रूज सर ने इसमें मेरी काफी मदद की। उन्होंने हिदायत दी थी कि उन्हें स्क्रीन पर पूजा नहीं, दिया (कैरेक्टर का नाम) दिखनी चाहिए।

# स्काई फोर्स का वर्ल्डवाइड आंकड़ा 100 करोड़ पार

## डोमेस्टिक कलेक्शन 86 करोड़; देवा की रिलीज से कमाई पर पड़ सकता है फर्क

अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया स्टारर फिल्म स्काई फोर्स ने एक हफ्ते में 86 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म ने गुरुवार को 5.64 करोड़ कमाए। इसके अलावा फिल्म ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर लिया है।

अक्षय कुमार की पिछली चार फिल्मों का कलेक्शन देखें तो स्काई फोर्स की कमाई उन्हें जरूर थोड़ी राहत की सांस देगी। हालांकि, आज ही शाहिद कपूर की फिल्म देवा रिलीज हुई है, ऐसे में स्काई फोर्स की कमाई में थोड़ी बहुत गिरावट भी देखने को मिल सकती है।

### स्काई फोर्स का कलेक्शन अब तक..

**पहले दिन** – 12.25 करोड़
**दूसरे दिन** – 22 करोड़
**तीसरे दिन** –28 करोड़
**चौथे दिन** – 7 करोड़
**पांचवें दिन** – 5.75 करोड़
**छठे दिन**– 6 करोड़
**सातवें दिन**– 5.64 करोड़

**टोटल- 86.64 करोड़**

वर्ल्डवाइड कलेक्शन 100 करोड़ से ज्यादा विदेशों में भी फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। अब तक इसने वर्ल्डवाइड 104.75 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।

अक्षय कुमार की पिछली कुछ फिल्मों का




हाल अक्षय कुमार की पिछली दो फिल्म खेल–खेल में ने 40.36 करोड़ का ऑलटाइम कलेक्शन किया था। वहीं, सरफिरा ने सिर्फ 22 करोड़ रुपए कमाए थे। अब स्काई फोर्स की परफॉर्मेंस ने अक्षय को जरूर एक राहत दी होगी। अक्षय की लास्ट सुपरहिट फिल्म हृस्त्र–2 थी, जिसने 150.17 करोड़ का ओवरऑल कलेक्शन किया था।

### अक्षय की पिछली 5 फिल्मों के कलेक्शन पर नजर..

**खेल खेल में**- 40 .36 करोड़
**सरफिरा**- 22 .13 करोड़
**बड़े मियां छोटे मियां**- 59 .17 करोड़
**मिशन रानीगंज**- 33 .74 करोड़
**ओएमजी-2**- 150 .17 करोड़

देवा की रिलीज से पड़ सकता है फर्क आज शाहिद कपूर की फिल्म देवा रिलीज हुई है। कहीं न कहीं इससे स्काई फोर्स की कमाई में जरूर थोड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। हालांकि, शुरुआती ट्रेंड को देखें तो देवा कुछ ज्यादा प्रभाव डालने में कामयाब होती नहीं दिख रही है।

# रहमान को बेहतर सिंगर नहीं मानते सोनू निगम : बोले- उनका सुर अच्छा, म्यूजिक कंपोजर महान, लेकिन गायकी कुछ खास नहीं



**सिंगर सोनू निगम हमेशा अपनी बेबाकी के लिए चर्चा में रहते हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि एआर रहमान की आवाज का स्वर बहुत अच्छा है, लेकिन वह एक महान गायक नहीं हैं। इसके अलावा, सोनू ने हाल ही में कुछ सिंगर्स को पद्म पुरस्कार ना मिलने पर भी सवाल उठाए थे।**

### एआर रहमान एक महान सिंगर नहीं- सोनू

02 इंडिया से बातचीत में सोनू निगम से पूछा गया कि एक सिंगर के रूप में आप एआर रहमान को कैसे देखते हैं? इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, जाहिर है कि एआर रहमान प्रशिक्षित गायक नहीं हैं। उनके सुर अच्छे हैं, वो खुद भी कभी अपने आप को महान गायक नहीं कहेंगे, तो इस बारे में हम क्या ही कह सकते हैं। वह एक महान संगीतकार जरूर हैं और इस वजह से हमेशा सुर में रहते हैं। संगीत से जुड़े लोगों के लिए सुर में होना जरूरी है। अगर कोई सुर में ही नहीं है तो उसकी आवाज का कोई मतलब नहीं होता है। उनकी आवाज भले ही अच्छी ना हो, लेकिन वह हमेशा सुर में रहते हैं, क्योंकि वह एआर रहमान हैं।

# एक साथ 34 लड़कियां गोद ली थीं, अंडरवर्ल्ड से भिड़ गई थीं; बलात्कारियों को नपुंसक बना देना चाहिए : प्रीति जिंटा

बॉलीवुड की डिंपल गर्ल आज 50 साल की हो गई हैं। 28 साल से इंडस्ट्री में एक्टिव प्रीति ने लगभग 38 फिल्मों में काम किया है। फिल्मों में आने से पहले प्रीति एक मॉडल हुआ करती थीं। पिछले कुछ सालों से प्रीति फिल्मों से दूर हैं। एंटरप्रेन्योरशिप और सोशल कॉज में वे ज्यादा समय खर्च करती हैं। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल की एक टीम पंजाब किंग्स की सह-मालकिन हैं। बहुत कम लोगों को पता होगा कि प्रीति ने 2009 में एक साथ 34 लड़कियों को गोद लिया था। इनका सारा खर्च प्रीति ही उठाती हैं। प्रीति समाज में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हमेशा से आवाज उठाती रही हैं। उन्होंने एक बार सोशल मीडिया पर मांग की थी कि जो भी लोग रेप जैसे जघन्य अपराध को अंजाम देते हैं, उन्हें नपुंसक बना देना चाहिए। उन्होंने पीएम मोदी को भी टैग किया था। प्रीति जिंटा ने एक बार अंडरवर्ल्ड के खिलाफ कोर्ट में आवाज भी बुलंद की थी। दरअसल, उनकी फिल्म 'चोरी चोरी चुपके चुपके' को बनाने में अंडरवर्ल्ड का पैसा लगा था। यह बात स्टारकास्ट को पता नहीं थी। मामला खुला तो फिल्म के एक्टर्स को धमकियां मिलने लगीं। उस वक्त प्रीति इकलौती एक्ट्रेस थीं, जो कोर्ट में गवाही देने चली गई थीं। प्रीति ने 2016 में अमेरिकन सिटिजन जीन गुडइनफ से शादी की। दोनों के जुड़वां बच्चे हैं, जिनका नाम जिया और जय है। कई साल से इंडस्ट्री से दूर प्रीति अब जल्द ही सनी देओल के साथ फिल्म 'लाहौर 1947' से वापसी करेंगी।

### आईपीएल मैच के दौरानप्रीति और नेस वाडिया के बीच हुआ था झगड़ा

बॉलीवुड की डिंपल गर्ल, प्रीति जिंटा ने अपने अभिनय और चुलबुले अंदाज से फैंस के दिलों पर राज किया है। हालांकि, अभी काफी समय से वह एक्टिंग से दूर हैं। जल्द ही उनकी वापसी राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' से हो रही है। इसके अलावा उनका ज्यादातर फोकस आईपीएल टीम पर है। वो आईपीएल टीम पंजाब किंग्स की को-ओनर हैं। एक आईपीएल मैच के दौरान प्रीति और नेस वाडिया के बीच झगड़ा हुआ था। जबकि बताया जाता है कि प्रीति उस समय नेस वाडिया के साथ रिलेशन में थीं।


### प्रीति ने नेस के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी

प्रीति और नेस के बीच आईपीएल मैच के दौरान जब झगड़ा हुआ था, तब नेस वाडिया और प्रीति जिंटा उस वक्त आईपीएल टीम किंग्स इलेवन पंजाब के मालिक थे। नेस वाडिया के अभी भी इसमें 23 प्रतिशत की भागीदारी है। झगड़े के बाद प्रीति ने नेस के खिलाफ 13 जून, 2014 को मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में गाली देने, छेड़छाड़ करने और धमकाने का आरोप लगाया था।

### क्या थी झगड़े की वजह?

बताया जाता है कि नेस वाडिया टिकट वितरण को लेकर टीम स्टाफ को गाली दे रहे थे। प्रीति ने नेस से शांत रहने को कहा, लेकिन उन्होंने गाली दी और प्रीति का हाथ पकड़ लिया। प्रीति ने यह भी आरोप लगाया था कि नेस ने उनके मुंह पर जलती हुई सिगरेट फेंकी थी और उन्हें कमरे में बंद कर दिया था। साल 2018 में पुलिस ने नेस के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया था। लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट ने मामले को खारिज कर दिया। प्रीति ने भी अपनी शिकायत वापस ले ली थी। 29 फरवरी 2016 को प्रीति जिंटा ने अपने से 10 साल छोटे अमेरिकन सिटिजन जीन गुडइनफ के साथ शादी की। प्रीति और जीन के जुड़वां बच्चे हैं, जिनका नाम जिया और जय है। दोनों बच्चों को सरोगेसी के जरिए जन्म दिया गया था।





# रैपर रफ्तार ने की दूसरी शादी

## सोशल मीडिया पर वायरल हुईं तस्वीरें; साल 2022 में हुआ था पहली पत्नी से तलाक

रैपर रफ्तार ने दूसरी बार शादी कर ली है। उन्होंने कॉस्ट्यूम स्टाइलिस्ट और एक्ट्रेस मनराज जवंदा के साथ सात फेरे लिए। दोनों की शादी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें फैंस भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में रफ्तार और मनराज विवाह मंडप में बैठे हुए नजर आ रहे हैं। इस जोड़े ने इस खास मौके पर गोल्डन टच के साथ ऑफ-व्हाइट आउटफिट में ट्विनिंग की है।



गलती करने में बुराई नहीं है, बुराई तब है जब हम उन गलतियों से सीख नहीं लेते हैं और उन्हें दोहराते जाते हैं।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

## गुरुग्राम बम ब्लास्ट मामले में एनआईए की कुरुक्षेत्र में छापेमारी

### एकता विहार कॉलोनी में खंगाली फुटेज, युवक की गिरफ्तारी का मामला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम गुरुग्राम में हुई एक घटना से जुड़े सुराग तलाशने हरियाणा के कुरुक्षेत्र के सलारपुर रोड पर पहुंचीं। यहां टीम ने एकता विहार कॉलोनी में एक घर में सीसीटीवी फुटेज खंगाली। इससे पहले टीम कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की रिजल्ट ब्रांच में गई थी। कुरुक्षेत्र के ष्ठअक्क एसडीओ पीडब्ल्यूडी और सुभाष मंडी चौकी पुलिस के इंचार्ज भी टीम के साथ शामिल है। जानकारी के अनुसार, गत माह 10 दिसंबर को गुरुग्राम में हुए बम ब्लास्ट मामले में स्त्रस्न ने लोकेशन ट्रेस करके तीन दिन बाद 13 दिसंबर को युवक भाविश को कुरुक्षेत्र में उसकी रिश्तेदारी से हिरासत लिया था। मामले में परिजनों के आरोप लगाया कि स्त्रस्न ने युवक को अवैध रूप से कई दिनों तक हिरासत में रखा और 18 दिसंबर को अदालत में पेश किया। आरोप लगाया इस दौरान भाविश को टॉर्चर किया। इस संबंध में परिजनों ने गुरुग्राम अदालत में शिकायत दायर की थी। अदालत ने कुरुक्षेत्र स्थित घर के आसपास लगे कैमरों की जांच के आदेश दिए ताकि मामले की सटीक तारीख स्पष्ट हो सके।

## मालेगांव विस्फोट केस में कोर्ट में पेश हुई साध्वी प्रज्ञा, कहा- एटीएस ने कांग्रेस शासन के दौरान मुझे किया प्रताड़ित

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में शुक्रवार को अदालत में पेश हुईं, जिसमें वह आरोपी हैं। इस दौरान साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि मैं काफी बीमार थी। लेकिन अब 4-5 महीनों के बाद मैं बेहतर हूं इसलिए यहां आई हूं। कांग्रेस शासन के दौरान एटीएस ने मुझे प्रताड़ित किया था। इसके परिणामस्वरूप सिर में चोट लगी और मस्तिष्क में सूजन आ गई। उस चोट के कारण... मेरी दृष्टि क्षीण हो गई, मेरे मस्तिष्क में सूजन के कारण सुनने की शक्ति प्रभावित हुई। इसलिए, मैं अदालत में उपस्थित हुआ... मैं एक संन्यासी हूं, क्या उन्होंने मुझे व्यक्तिगत कारण से प्रताड़ित किया था , लेकिन उन्होंने देशद्रोह का वैश्विक प्रयास किया भारत को भगवा आतंक का देश घोषित करें। बता दें कि मुंबई की एक विशेष अदालत ने वर्ष 2008 में मालेगांव बम विस्फोट मामले में आरोपी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के पेश होने पर उनके खिलाफ जारी जमानती वारंट रद्द कर दिया। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए नियुक्त विशेष अदालत ने नवंबर 2024 में ठाकुर के खिलाफ वारंट जारी किया था क्योंकि वह कई बार अदालत के समक्ष पेश नहीं हुई थीं। अदालत वर्तमान में मुकदमे के अंतिम चरण में है और उसने सभी आरोपियों को रोजाना सुनवाई में उपस्थित होने का आदेश दिया था। ठाकुर अदालत में पेश हुईं और अपने वकील के माध्यम से जमानती वारंट रद्द करने का अनुरोध करते हुए एक अर्जी दायर की।

## मोदी के अमेरिका दौरे की तारीख की घोषणा जल्द

### एमईए बोला- कुछ ही दिन में भारत आएगा तहव्वुर राणा, प्रत्यर्पण को लेकर बातचीत जारी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 26/11 मुंबई आतंकी हमले का आरोपी तहव्वुर राणा को जल्द ही भारत लाया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि राणा के प्रत्यर्पण को लेकर अमेरिकी एजेंसी से बातचीत जारी है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 21 जनवरी को तहव्वुर राणा की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। भारत लंबे समय से पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है। प्रवक्ता जायसवाल ने मोदी के अमेरिका दौरे, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में भारतीयों की हालत, ईरान में लापता हुए 3 भारतीयों समेत पूछे गए कई सवालों के जवाब दिए। ट्रम्प के टैरिफ की धमकी पर प्रवक्ता जायसवाल ने अमेरिकी राष्टपति ट्रम्प की ओर से ब्रिक्स में शामिल देशों पर टैरिफ लगाने की चेतावनी पर कहा कि ब्रिक्स के अंदर जो भी फैसला लिया जाता है वह आपस में मिलकर लिया जाता है। जहां तक डी-डॉलराइजेशन की बात है, विदेश मंत्री साफ कह चुके हैं कि ऐसी कोई हमारी रणनीति नहीं है।

## 18वीं लोकसभा के बजट सत्र का पहला दिन

# भारत टेक्नोलॉजी का ग्लोबल प्लेयर, यहां डिजी लॉकर और यूपीआई जैसी सर्विस : राष्ट्रपति

## ये आदिवासियों का अपमान, राष्ट्रपति भवन ने भी आपत्ति जताई : पीएम

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 18वीं लोकसभा के बजट सत्र का शुक्रवार को पहला दिन था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के जॉइंट सेशन में 59 मिनट का अभिभाषण दिया। उनके इस अभिभाषण पर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी पर विवाद हो गया।

सोनिया गांधी ने द्रौपदी मुर्मू के लिए बेचारी शब्द इस्तेमाल किया। वहीं राहुल ने भाषण को बोरिंग बताया। भाजपा ने इसे आदिवासी समाज का अपमान बताया और माफी की मांग की। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि राष्ट्रपति के लिए ऐसे बयान गरीबों और आदिवासियों का अपमान है। वहीं राष्ट्रपति भवन के प्रेस सेक्रेटरी ने भी सोनिया गांधी के बयान पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा- विपक्षी सांसदों का बयान दुर्भाग्यपूर्ण और राष्ट्रपति की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। मोदी बोले- इस सत्र में कई ऐतिहासिक बिल पेश किए जाएंगे संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन के बाहर मीडिया को संबोधित किया था। पीएम ने कहा- इस सत्र में कई ऐतिहासिक बिल पेश किए जाएंगे। हर नारी को सम्मानपूर्ण जीवन मिले उस दिशा में इस सत्र में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म करेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा-आज भारत टेक्नोलॉजी के रूप में अहम ग्लोबल प्लेयर है। भारत में 5 जी की शुरुआत इसका उदाहरण है। यूपीआई टेक्नोलॉजी की सफलता से प्रभावित हैं। 50 फीसदी से ज्यादा रियलटाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन हो रहा है। भारत में छोटे से छोटा दुकानदार इस सुविधा का लाभ उठा रहा है। बैंकिंग सेवाएं, यूपीआई जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। 5 लाख से ज्यादा कॉमर्स सर्विस सेंटर में दर्जनों सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। डीजी लॉकर से कहीं भी और कभी भी अपने अहम दस्तावेज दिखाने की व्यवस्था मिली।



### मेरी सरकार का मंत्र सबका साथ-सबका विकास : राष्ट्रपति

मेरी सरकार का मंत्र है सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास। इसी पर हम काम कर रहे हैं। मेरी अंत्योदय की भावना है, जिसके लिए मेरी सरकार संकल्पित रही है। गरीब को गरिमापूर्ण जीवन मिले, इसके लिए हम प्रयासरत हैं। देश के 25 करोड़ लोग गरीबी को परास्त कर आज अपने जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। इन्होंने न्यू मिडिल क्लास का ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जो नई ऊर्जा से भर रहा है। सरकारी कर्मचारियों के सम्मान के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारियों के यूनिफाइड पेंशन के तहत 50 फीसदी निश्चित पेंशन देने का फैसला लिया गया है।

### मिशन मौसम से किसानों को फायदा हुआ : राष्ट्रपति

मौसम विज्ञान विभाग के 150 साल पूरे हुए। 2000 करोड़ की लागत से हमने मिशन मौसम शुरू किया है। किसानों को फायदा होगा। अंबेडकर के विजन पर चलते हुए सूखा ग्रस्त इलाकों में सिंचाई और पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए परियोजनाएं शुरू की गईं। 40 हजार करोड़ से ज्यादा केन-बेतवा लिंक परियोजना शुरू की गई।

**सोनिया गांधी**- अंत तक राष्ट्रपति बहुत थक गईं थीं। बेचारी वह मुश्किल से बोल पा रही थीं।

**राहुल गांधी**- यह बोरिंग था, वहीं बातें बार-बार रिपीट की गईं।

**पप्पू यादव**- राष्ट्रपति रबर स्टैंप की तरह हैं। वे बस लव लेटर पढ़ती रहती हैं।

### राष्ट्रपति बोलीं- कैंसर दवाओं को कस्टम ड्यूटी से मुक्त किया गया

कैंसर मरीजों के लिए कैंसर दवाओं को कस्टम ड्यूटी से मुक्त कर दिया गया है। सर्वाइकल कैंसर के लिए 9 करोड़ महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जितना बल फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम किया, उतना ही सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम किया। अस्पताल, इलाज और सेवा के चलते परिवार का खर्च लगातार कम हो रहा है। एक लाख 75 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बने हैं।

### राष्ट्रपति ने कहा- मेट्रो नेटवर्क में भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा देश

मेट्रो नेटवर्क के मामले में भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया। देश में इलेक्ट्रिक बस चलाने के फैसला किया गया है। इससे रोजगार भी होगा। देश में 15 रोपवे प्रोजेक्ट की योजना पर काम हो रहा है। 2014 में दिल्ली एनसीआर में मेट्रो का नेटवर्क 200 किमी था अब यह दोगुने से ज्यादा हो गया। पिछले 10 साल में एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी हो गई। शहरी सुविधाओं का आधुनिकीकरण किया। एनर्जी एफिशियंट बनाने का काम किया गया।

### 10 साल में पहला सत्र, जब विदेशी चिंगारी नहीं पनपी : पीएम मोदी

पीएम ने कहा- शायद 2014 से लेकर अब तक यह पहला पार्लियामेंट का सत्र है, जिसके एक-दो दिन पहले कोई विदेशी चिंगारी नहीं पनपी है। विदेश से आग लगाने की कोशिश नहीं हुई है। मैं 2014 से देख रहा हूं कि हर सत्र से पहले लोग शरारत करने के लिए तैयार बैठते थे। यहां उसको हवा देने वालों की कमी नहीं है। यह पहला मौका है, जब ऐसी कोई कोशिश नहीं हुई।



**बजट सत्र में कई ऐतिहासिक बिलों पर चर्चा होगी : पीएम मोदी**

कई ऐतिहासिक बिलों पर इस सत्र में चर्चा होगी। कई महत्वपूर्ण फैसले होंगे। नारी शक्ति के गौरव को हमें स्थापित करना है। आज का नौजवान जब 45-50 साल का होगा तो वो विकसित भारत का सबसे बड़ा बेनिफिशियरी होगा। युवा पीढ़ी के लिए बहुत बड़ा तोहफा बनने वाली है। जो 1930 में 1942 में आजादी की जंग में जुट गए थे। पूरी युवा पीढ़ी खप गई थी।

### जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल

## दुनिया ने रिजेक्ट कर किया हर्ट : कैलाश खेर

### कहा- जो डेवलप कंट्री कहलाते हैं, वो सभी भिखारी थे; भारत से लूटकर ले गए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में हिस्सा लेने पहुंचे कैलाश खेर ने कहा- भारत में कलाकारों को वो सम्मान नहीं मिलता, जो विदेशों के घरों में मिलता है। जितने भी म्यूजिक चैनल चल रहे हैं, वो सभी फिल्मी म्यूजिक चैनल है। सिंगिंग रियलिटी शो हो रहे हैं, वो सभी फिल्मी सिंगिंग रियलिटी शो है। जबकि असली म्यूजिक फोक म्यूजिक है। कैलाश खेर जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में अपनी किताब तेरी दीवानी - शब्दों के पार पर चर्चा कर रहे थे। कैलाश खेर ने बताया- बचपन में ही उन्होंने घर छोड़ दिया था। जीवन में कई संघर्षों का सामना किया। पत्रकारिता की, ट्रक चलाया और अपना संगीत में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने बताया- उनके पिता एक पंडित थे, यज्ञ के दौरान गाया करते थे। इसे सुनकर वो बचपन से ही प्रभावित हुए। इसी से उनके संगीत की शुरुआत हुई।




उन्होंने अपने संघर्षों के बारे में बात करते हुए कहा- वो शिव भक्त हैं, उनकी तरह ही जिद्दी भी हैं। खेर ने मजाकिया अंदाज में कहा- एमबीए पढ़े और सीईओ टाइप के लोगों ने उन्हें अक्सर रिजेक्ट किया। लेकिन हार नहीं मानी। उन्होंने जिंगल्स से शुरुआत की। धीरे-धीरे संगीत की दुनिया में अपनी पहचान बनाई।

कैलाश खेर ने कहा- जो व्यक्ति चुप रह सकता है। वो दुनिया से बहुत कुछ सीख सकता है। खेर ने कहा- पहली बार इतनी बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे लोग एक साथ दिख रहे हैं। जैसे गाने वाले में फर्क होता है, ऐसे ही सुनने वालों में भी ज्ञान और विज्ञान का फर्क होता है।

### महाकुंभ के नाम पर नहीं हो राजनीति : पायलट

**जयपुर।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट होटल क्लार्क आमेर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ के नाम पर हो रही राजनीति को लेकर नाराजगी जाहिर की। वहीं केंद्र सरकार से बजट में राजस्थान को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की।

सचिन पायलट ने कहा, मैं हर साल जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में आता हूं। मुझे लगता है कि हम होस्ट हैं।

## दावा- ममता कुलकर्णी और किन्नर महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण निष्कासित

### संस्थापक अजय दास ने कहा- वे रास्ते से भटकीं; अखाड़ा परिषद अध्यक्ष बोले- आपको नहीं जानते

**प्रयागराज।** खुद को किन्नर अखाड़ा के संस्थापक बताने वाले ऋषि अजय दास ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा- मैंने लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी और अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर पद से हटा दिया है। ममता को महामंडलेश्वर बनाने में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, जिस पर (ममता पर) देशद्रोह का आरोप हो। उसे महामंडलेश्वर कैसे बनाया जा सकता है? दास ने ये भी कहा कि ये कोई बिग बॉस का शो नहीं है, जिसको कुंभ के दौरान एक महीने चला दिया जाए। लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी को मैंने किन्नर समाज के उत्थान और धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए आचार्य महामंडलेश्वर बनाया था, लेकिन वह भटक गईं।

# फिरोजपुर में धुंध में कैंटर-पिकअप की टक्कर

## 11 की मौत, 15 लोग घायल

### सड़क किनारे बिखरी लाशें, बिलखते दिखे परिजन; सीएम ने जताया दुख

बढ़ता राजस्थान

**फिरोजपुर ( एजेंसी )।** पंजाब के फिरोजपुर में शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे एक बोलेरो पिकअप और कैंटर की टक्कर हो गई। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई। जबकि, 15 लोग घायल हो गए। यह हादसा फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर गांव मोहन के उताड़ के पास हुआ। हादसे के वक्त पिकअप में 25 से ज्यादा लोग सवार थे।

इनमें से मरने वालों की लाशें सड़क किनारे बिखरी पड़ी मिलीं। जबकि, जख्मी लोगों को पुलिस ने राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आशंका जताई है कि हादसा धुंध के कारण हुआ है। हालांकि, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मरने वालों में एक सुखविंदर नाम का व्यक्ति भी शामिल है, जोकि पांच बहनों का इकलौता भाई था। हादसे को लेकर पंजाब के सीएम सरदार भगवंत सिंह मान ने दुख जताया है। उन्होंने कहा- फिरोजपुर में सुबह कैंटर और पिकअप ट्रक के बीच टक्कर होने से बड़ा हादसा हो गया। जिसमें एक शादी समारोह में जा रहे वेटरों की दुखद मौत की खबर आई है और कुछ लोग घायल बताए जा रहे हैं। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। पंजाब सरकार इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। वहीं, इसे लेकर फिरोजपुर की डीसी दीपशिखा शर्मा ने कहा है कि सभी घायलों का इलाज जिला प्रशासन की ओर से करवाया जा रहा है। इनकी पूरी देखभाल की जाएगी।



### जांच अधिकारी बोले- बेकाबू होकर पिकअप कैंटर से टकराई

क्राइम सीन पर जांच के लिए पहुंचे इंस्पेक्टर जसविंदर सिंह बराड़ ने बताया है कि सुबह घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सड़क सुरक्षा फोर्स (स्स्स्न) की टीमें पहुंच गई थीं। मौके पर पहले से ही काफी लोग जमा था। उनकी सहायता से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, मौके पर जाम भी लगा हुआ था, जिसे क्लियर कराया गया। उन्होंने बताया है कि बोलेरो पिकअप में मजदूर सवार थे। वे फिरोजपुर से देहात एरिया की ओर जा रहे थे। इस दौरान पिकअप बेकाबू हो गई, जिससे पीछे से आ रहे कैंटर के साथ हादसा हो गया। 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, एक की जान इलाज के दौरान गई।

### डीएसपी बोले- कैंटर और पिकअप में सीधी टक्कर हुई

वहीं, इसे लेकर डीएसपी सतनाम सिंह ने बताया है कि बोलेरो पिकअप गाड़ी गुरु हर सहाय से जलालाबाद की तरफ जा रही थी। बोलेरो में मजदूर सवार थे। जबकि, कैंटर जलालाबाद से फिरोजपुर की तरफ जा रहा था। जब वह शहीद उधम सिंह कॉलेज के पास पहुंचा तो अचानक दोनों के बीच सीधी टक्कर हो गई। इसमें पिकअप बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और पिकअप में सवार सभी लोग हादसा स्थल से दूर-दूर जाकर गिरे। सभी को 108 एम्बुलेंस से विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। मृतकों और घायलों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
[M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
[M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com